भारत सरकार

परिणाम बजट
2007-2008

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

विषय-सूची

कार्यकारी सारांश

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 2
बाल फिल्म समिति, भारत 2
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 3
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 4
फिल्म समारोह निदेशालय 4
फिल्म प्रभाग 7
भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी 9
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 9
सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 10
भारतीय जन संचार संस्थान 11
भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 12
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 12
पत्र सूचना कार्यालय 14
भारतीय प्रेस परिषद 16
फोटो प्रभाग 18
प्रकाशन विभाग 18
एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 19
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 20
गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग 20
गीत एवं नाटक प्रभाग 21
एफ. एम. रेडियो (निजी) 21
केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा 21
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 22
सामुदायिक रेडियो 22
सूचना भवन का निर्माण 22
आर्थिक विश्लेषण एकक (नई योजना) 23
प्रसार भारती 23
आकाशवाणी 23
दूरदर्शन 24
ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड 25

अध्याय - I

अधिदेश, लक्ष्य तथा उद्देश्य, नीतिगत स्वरूप और नीति विवरण

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 26
बाल फिल्म समिति, भारत 28
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 29
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 30
फिल्म समारोह निदेशालय 30
फिल्म प्रभाग 31
भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी 31
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 32
सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 35
भारतीय जन संचार संस्थान 39
भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 40
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 41
पत्र सूचना कार्यालय 42
भारतीय प्रेस परिषद 44
फोटो प्रभाग 45
प्रकाशन विभाग 45
एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 45
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 46
गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग 47
गीत एवं नाटक प्रभाग 49
एफ. एम. रेडियो (निजी) 56
केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा 56
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 57
सामुदायिक रेडियो 57
सूचना भवन का निर्माण 57
आर्थिक विश्लेषण एकक (नई योजना) 57
प्रसार भारती 58
आकाशवाणी 58
दूरदर्शन 61
ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड 63

अध्याय - II

वित्तीय परिव्यय, अनुमानित वास्तविक परिणाम एवं अनुमानित परिणाम

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 65
बाल फिल्म समिति, भारत 67

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 70
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 71
फिल्म समारोह निदेशालय 78
फिल्म प्रभाग 82
भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी 87
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 89
सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 99
भारतीय जन संचार संस्थान 104
भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 106
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 107
पत्र सूचना कार्यालय 108
भारतीय प्रेस परिषद 112
फोटो प्रभाग 113
प्रकाशन विभाग 115
एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 118
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 122
गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग 124
गीत एवं नाटक प्रभाग 128
एफ. एम. रेडियो (निजी) 130
केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा 131
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 132
सामुदायिक रेडियो 133
सूचना भवन का निर्माण 134
आर्थिक विश्लेषण एकक (नई योजना) 135
प्रसार भारती 136
आकाशवाणी 136
दूरदर्शन 152
ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड 159

अध्याय - III

मंत्रालय की नीतिगत पहल और सुधार के उपाय

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 161
बाल फिल्म समिति, भारत 161
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 161
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 161
फिल्म समारोह निदेशालय 162
फिल्म प्रभाग 162

भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी 162
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 164
सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 165
भारतीय जन संचार संस्थान 165
भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 166
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 166
पत्र सूचना कार्यालय 169
भारतीय प्रेस परिषद 169
फोटो प्रभाग 170
प्रकाशन विभाग 170
एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 172
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 173
गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग 174
गीत एवं नाटक प्रभाग 174
एफ. एम. रेडियो (निजी) 174
केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा 175
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 175
सामुदायिक रेडियो 176
सूचना भवन का निर्माण 176
आर्थिक विश्लेषण एकक (नई योजना) 176
प्रसार भारती 177
आकाशवाणी 177
दूरदर्शन 177
ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड 179

अध्याय - IV

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 180
बाल फिल्म समिति, भारत 183
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 186
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 191
फिल्म समारोह निदेशालय 192
फिल्म प्रभाग 194
भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी 201
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 203
सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 204
भारतीय जन संचार संस्थान 205

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 208
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 213
पत्र सूचना कार्यालय 216
भारतीय प्रेस परिषद 222
फोटो प्रभाग 223
प्रकाशन विभाग 225
एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 233
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 234
गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग 236
गीत एवं नाटक प्रभाग 239
एफ. एफ. रेडियो (निजी) 242
केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा 244
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 245
सामुदायिक रेडियो 246
सूचना भवन का निर्माण 247
आर्थिक विश्लेषण एकक (नई योजना) 248
प्रसार भारती 249
आकाशवाणी 249
दूरदर्शन 265
ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड 276
अध्याय - V - वित्तीय समीक्षा 277
अध्याय - VI - स्वायत्तशासी निकायों की समीक्षा और कार्य-निष्पादन
बाल फिल्म समिति, भारत (सूचना और प्रसारण मंत्रालय का स्वायतशासी निकाय) 297
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे के कार्यों की समीक्षा 298
सत्यजीत राय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 298
भारतीय जनसंचार संस्थान 300
भारतीय प्रेस परिषद 300
आकाशवाणी 300
दूरदर्शन 300

कार्यकारी सारांश

सूचना और प्रसारण मंत्रालय आम लोगों तक स्वतंत्र रूप से सूचनाएं पहुंचाने के कार्य में प्रभावशाली भूमिका अदा करता है। इसके लिए वह रेडियो, टेलीविजन, फिल्म, समाचार पत्रों, विज्ञापनों और नृत्य तथा नाटक जैसे परंपरागत जन संचार माध्यमों का सहारा लेता है। यह मंत्रालय विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की बौद्धिक और मनोरंजन की आवश्यकताओं को पूरा करता है तथा राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण की सुरक्षा, परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य की देखभाल, निरक्षरता दूर करने जैसे राष्ट्रीय मामले पर लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। इसके अलावा महिलाओं, बच्चों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों की समस्याओं पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। इस मंत्रालय के चार खण्ड हैं - सूचना खण्ड, प्रसारण खण्ड, फिल्म खण्ड, समन्वित वित्त खण्ड।

2. आबंटित कार्यों के नियमानुसार इस मंत्रालय के पास सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के क्षेत्र के विभिन्न दायित्व हैं जिन्हें वह मुद्रण और इलेक्ट्रानिक माध्यमों और फिल्मों के जरिए क्रियान्वित करता है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय का दायित्व

- भारत और देश के बाहर रहने वाले भारतीय लोगों के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से समाचार सेवा
- फिल्म निर्यात और आयात
- फिल्म उद्योग का विकास और प्रोत्साहन
- इस कार्य के लिए फिल्म समारोहों का आयोजन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान
- भारत सरकार के लिए विज्ञापन और दृश्य प्रचार
- भारत सरकार की नीतियों को दर्शाने के लिए समाचार पत्रों से संपर्क करना और इनके प्रकाशन के बाद लोगों की प्रतिक्रिया प्राप्त करना
- समाचार पत्रों के संबंध में प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 को लागू करवाना
- राष्ट्रीय महत्व के मामलों पर देश के भीतर और बाहर सूचना प्रदान करने के लिए पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन
- गवेषणा, अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यों के जरिए मंत्रालय के विभिन्न माध्यम एककों की सहायता करना
- मंत्रालय के संस्थानों को महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रतिष्ठित कलाकारों, संगीतज्ञों, वादकों, नर्तकों, रंगकर्मियों आदि को वित्तीय मदद प्रदान करना
- प्रसारण और समाचार सेवाओं के मामले में अंतर्राष्ट्रीय संबंध कायम करना

3. मंत्रालय से जुड़े और उसके अधीन कार्य करने वाले 14 कार्यालय, 6 स्वायत्तशासी प्रतिष्ठान और दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम उसके कार्यों में सहायता प्रदान करते हैं। मंत्रालय से जुड़े और उसके अधीन कार्यालयों, स्वायत्तशासी निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की स्थिति तथा विभिन्न योजना स्कीमों का संक्षिप्त ब्यौरा नीचे दिया गया है।

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की स्थापना सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 (1952 का 37वां) के अंतर्गत की गयी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक प्रदर्शन की फिल्मों को प्रमाणपत्र प्रदान करना है। बोर्ड का मुख्यालय मुंबई में है और इसके क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बंगलौर, तिरुवनंतपुरम, हैदराबाद, नई दिल्ली और गुवाहाटी में है। बोर्ड के कार्य इस प्रकार हैं :

i) अप्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों को प्रमाणित करना (यू प्रमाणपत्र)

ii) सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए व्यस्कों (यानी 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों) तक सीमित फिल्मों को प्रमाणित करना (ए प्रमाणपत्र)

iii) 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के माता-पिता या अभिभावकों के लिए चेतावनी की प्रविष्टि के साथ अप्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों को प्रमाणित करना (यू ए प्रमाणपत्र)

iv) किसी व्यवसाय या व्यक्तियों के वर्ग के लिए प्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों को प्रमाणित करना (एस प्रमाणपत्र)

v) अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत बोर्ड को अधिकार दिए गए हैं कि वह फिल्मों को प्रमाणित करने से पहले उनमें संशोधन के आदेश दे सकता है।

vi) बोर्ड फिल्मों को प्रमाणित करने से पूरी तरह इंकार करने में भी सक्षम है।

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों के जरिए फिल्मों को सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए प्रमाणित करता है। सूचना अधिकार अधिनिमय 2005 को ध्यान में रखते हुए इस कार्यालय ने सभी संबद्ध आंकड़ें वेबसाइट www.cbfcindia.gov.in के जरिए इंटरनेट पर उपलब्ध कराए हैं। इनमें बजट आवंटन, सीबीएफसी के प्रत्येक कर्मचारी द्वारा आहरित मूल वेतन सहित कुल आहरित वेतन संबंधी आंकड़ें भी शामिल हैं। राजभाषा अधिनियम, 1963 को देखते हुए इसे द्विभाषी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय के अनुदेश के अनुसार 50,000 रुपये से अधिक मूल्य की सभी खरीद की जानकारी इंटरनेट पर प्रस्तुत करने का निर्णय किया गया है। मुंबई स्थित क्षेत्रीय अधिकारी के परामर्श से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा भौतिक और वित्तीय प्रगति पर निगरानी रखी जाती है। ऐसा करते समय क्षेत्रीय प्रमुखों से भी सलाह मशवरा किया जाता है। उन्हें धन आवंटित करने से पहले भी उनका परामर्श लिया जाता है।

बाल फिल्म समिति, भारत

(सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत स्वायत्तशासी निकाय)

बाल फिल्म समिति, भारत की स्थापना मई 1955 में 1860 के सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत हुई थी। यह भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय

के प्रशासनिक नियंत्रण में स्वायत्तशासी निकाय के तौर पर काम करती है और इसे अपनी योजना और गैर-योजना गतिविधियों के लिए सरकार से अनुदान प्राप्त होता है। बाल फिल्म समिति बच्चों को मूल्यपरक मनोरंजन प्रदान करने के साथ ही फिल्मों के माध्यम से उनकी मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक जरूरतों को भी पूरा करती है।

इसका संगठनात्मक स्वरूप इस प्रकार है :



अध्यक्ष, जो कि सिनेमा के क्षेत्र का प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है, समिति का प्रमुख होता है। अध्यक्ष (चेयरपरसन) कार्यकारी परिषद और मुख्य निकाय का भी प्रमुख होता है, जिसके सदस्यों को भारत सरकार नामित करती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तहत सभी निकायों के प्रमुख आते हैं। वह प्रशासन, उत्पादन, विपणन और लेखा विभागों की दैनिक गतिविधियों का संचालन करता है। सीएफएसआई का मुख्यालय मुम्बई में है जबकि शाखा कार्यालय दिल्ली और चेन्नई में है।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय का मुख्य उद्देश्य, स्वास्थ्य के संबंध में तथा राष्ट्रीय एकता एवं अन्य मुद्दों के बारे में सरकार की नीतियों के सम्बन्ध में जन समूह में जानकारी का प्रचार-प्रसार करना और लक्षित समूह विशेषकर दूर-दराज के तथा दुर्गम क्षेत्र के लोगों के बीच जगरूकता पैदा करना है।

क्षेत्र प्रचार निदेशालय, प्रोजेक्टर, डी.वी.डी. प्लेयर, डब्लू-पी.ए. सिस्टम खरीदता है ताकि प्रचार-प्रसार कार्यक्रम तथा फिल्म शो किए जा सकें। वह प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विभिन्न भाषाओं की विविध विषयों पर फिल्म डिवीजन तथा डी.ए.वी.पी. से फिल्म और कैसेट भी खरीदता है।

क्षेत्र प्रचार निदेशालय की कार्यप्रणाली की नियमित आधार पर मानीटरी की जाती है। सरकारी स्कीमों एवं नीतियों के बारे में लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए पूरे देश से सूचनाएं मंगाई जाती हैं। व्यय के रुझान की मानीटरी करने के लिए क्षेत्र प्रसार निदेशालय से समय-समय पर व्यय/विवरण एवं तिमाही कार्य निष्पादन रिपोर्ट

मंगाई जाती है। किसी अवधि विशेष के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की जांच करने वाले फार्मेटों का उपयोग करते हुए एक माह के भीतर किए गए कार्यक्रमों की संख्या के बारे में क्षेत्र प्रचार निदेशालय से इसी प्रकार की रिपोर्ट प्राप्त की जाती है।

क्षेत्र प्रचार निदेशालय की वेबसाईट को समय-समय पर अद्यतन किया जाता है तथा समस्त प्रकार की संगत सूचना साईट में दी जाती है। इस सूचना को आम जनता आसानी से प्राप्त कर सकती है।

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार की नीतियों कार्यक्रमों और उपलब्धियों को प्रचारित करने वाली केंद्रीय मल्टीमीडिया विज्ञापन एजेंसी है। यह प्रेस विज्ञापनों, प्रायोजित कार्यक्रमों टी.वी. कर्मिशियल्स, प्रदर्शनियों और बाहरी माध्यम प्रचार के जरिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों विभागों, स्वायत्त संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के लिए प्रचार अभियान चलाती है। सरकार के प्रचार अभियानों को मजबुत बनाने और डी.ए.वी.पी. को अपनी सेवाओं को कारगर तरीके से चलाने के लिए दो योजनागत कार्यक्रम चलाए गए हैं। ये हैं- (1) 'विकास प्रचार कार्यक्रमो के जरिए लोगों तक पहुंचना: धारणा और क्रियान्वयन' (जारी योजना) और (2) 'डी.ए.वी.पी. का आधुनिकीकरण' नई योजना। ये कार्यक्रम 11वीं योजना के लिए प्रस्तावित हैं प्रचार के विभिन्न पक्षों में एकरूपता लाने के लिए और इस काम में और अधिक पारदर्शिता बनाए रखने के लिए, सरकार ने 1 जून 2006 से प्रिंट माध्यम के लिए विज्ञापन नीति जारी की है। ऐसी ही नीति इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के जरिए विज्ञापनों और प्रचार के लिए भी जारी की गई है। डी.ए.वी.पी. के योजना कार्यक्रमों की तिमाही आधार पर वित्तीय तथा वास्तविक उपलब्धियों और लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए लगातार समीक्षा की जाती है इसके इलावा विभिन्न मद्दों के अंदर खर्च पर भी डी.ए.वी.पी. द्वारा निगरानी रखी जाती है।

फिल्म समारोह निदेशालय

उद्देश्य एवं लक्ष्य

देश के भीतर अच्छे भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देना तथा उत्कृष्ट भारतीय फिल्मों को विदेशों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाना।

फिल्म समारोह निदेशालय की स्थापना देश में अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय फिल्म समारोह आयोजित करने के लिए की गई थी। डीएफएफ विदेशी समारोहों में भारत की भागीदारी में मदद करता है, भारत में विदेशी फिल्मों तथा विदेश में भारतीय फिल्मों के कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह आयोजित करता है।

- उत्कृष्ट अन्तर्राष्ट्रीय निर्देशकों की फिल्में, समारोह दिखाता है।
- सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम के रूप में, डीएफएफ अन्तर्राष्ट्रीय मित्रता को बढ़ावा देता है, विश्व सिनेमा में नये आयामों तक पहुंच प्रदान करता है, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करता है तथा इस प्रक्रिया में, भारतीय फिल्मों के स्तर को सुधारने में मदद करता है।

मॉनिटरिंग

फिल्म समारोह निदेशालय द्वारा आयोजित प्रमुख कार्यक्रम -

1. भारत का अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह
2. भारतीय पैनोरमा फिल्मों का चयन
3. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
4. विदेशी फिल्म समारोहों में भागीदारी
5. सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

उक्त व्यैक्तिक कार्यक्रम सम्बद्ध गतिविधियों की योजना के साथ आरम्भ होंगे तथा एक जॉब चार्ट तैयार किया जाता है जिसमें भारत के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के लिए आयोजन समिति सहित विभिन्न उप-समितियां बनाना शामिल है। जॉब चार्ट मुख्य क्षेत्रों जैसे बजट योजना, प्रोग्रैमिंग, विनियमनों का गठन तथा जॉब चार्ट आदि के अनुसार आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी के लिए नियमित बैठकें बुलाने पर आधारित होता है। एकक इंचार्ज द्वारा समय-बद्धता के पालन पर खास नजर रखी जायेगी।

प्रचार

निदेशालय की उपर्युक्त गतिविधियों का प्रचार निम्न के द्वारा किया जाता है -

1. पीआईबी के जरिए नियमित प्रेस विज्ञप्तियां
2. डीएवीपी के जरिए समाचारपत्रों में नियमित विज्ञापन
3. डीएवीपी के जरिए कार्यक्रमों के दौरान बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए जाते हैं।
4. कार्यक्रमों के दौरान समारोह से संबंधित प्रकाशन सामग्री जारी की जाती हैं।
5 सूचनाएं भारत में विदेशी दूतावासों तथा विदेशों में भारतीय दूतावासों के जरिए जारी की जाती हैं।
6. वेबसाइटके माध्यम से
7. भारत तथा विदेश में विभिन्न फिल्म निर्माण संगठनों के जरिए जानकारी दी जाती है।
8. भारत में विभिन्न फिल्म समितियों के जरिए जानकारी दी जाती है।

विशिष्टताएं

भारत का अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह - इफ्फी, 2006

- भारत का 37वां अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह-2006 गोवा की राज्य सरकार के सहयोग से 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर 2006 तक गोवा में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के लिए शशि कपूर मुख्य अतिथि थे।

- पहली बार एक पोस्टर प्रदर्शनी राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार के जरिए गोवा में इफ्फी (2006) के दौरान आयोजित की गई।

इस प्रदर्शनी को एक उपयुक्त शीर्षक, "एन ऑडिसी ऑफ इंडियन फिल्म पोस्टर्ज थ्रू द डिकेड्स" दिया गया जिसमें 198 पोस्टरों के प्रिन्ट (कुछ मूल पोस्टरों सहित) प्रदर्शित किए गये।

कुछ अति दुर्लभ पोस्टरों के अतिरिक्त, एक मूल प्रशस्ति-पत्र, जो फिल्म सन्त तुकाराम के लिए 1936 में वेनिस समारोह से प्राप्त हुआ था, भी प्रदर्शनी में रखा गया। सन्त तुकाराम पहली भारतीय फिल्म थी जिसे अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई तथा इसे सर्वश्रेष्ठ तीन में से एक चुना गया।

पहल

1. प्रतिनिधियों का ऑनलाइन पंजीकरण :

इफ्फी-2006 के दौरान, इफ्फी की वेबसाइट को पुर्नडिजाइन करके उसमें बढ़िया सामग्री रखी गई तथा अक्तूबर, 2006 के प्रथम सप्ताह से प्रतिनिधियों के पंजीकरण प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया। भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से ऑनलाइन ई-भुगतान का प्रावधान किया गया। यह सॉफ्टवेयर एनआईसी द्वारा विकसित किया गया जिससे भारत तथा विदेशों से आये 5000 से अधिक प्रतिनिधियों का समस्या रहित पंजीकरण करने के वादे को पूरा करने में मदद मिली।

2. तकनीकी सिंहावलोकन

फिल्मी छात्रों तथा फिल्म उद्योग के तकनीशियनों के लाभ के लिए, तीन तकनीकी सिंहावलोकनों का आयोजन किया गया।

(क) डिजीटल सम्पादन

हॉलीवुड से एक सम्पादकीय विशेषज्ञ, जिन्होंने एविड डिजीटल एडिटिंग की कला विकसित की थी, को डिजिटल दैनिकों, असंशोधित डिस्पले सिस्टमों, रिमोट कोलैबोरेशन सिस्टमों, न्यू हाइब्रिड प्रॉडक्शन सिस्टमों तथा डिजीटल माध्यमिक प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर करते हुए तकनीकी सिंहावलोकन आयोजित करने के लिए बुलाया था।

(ख) एनिमेशन एवं डिजीटल इफैक्ट्स

फिल्मी छात्रों, विशेषकर मल्टी मीडिया विजुअल कम्युनिकेशन छात्रों, के लाभ के लिए एनिमेशन एवं डिजीटल इफैक्ट्स पर सिंहावलोकन आयोजित करने के लिए इटली से विश्व एनिमेशन विशेषज्ञ बुलाए गये। सिंहावलोकन बहुत अच्छा रहा तथा छात्र डेलीगेटों ने इसे खूब सराहा।

(ग) फिल्मों का पुनरुद्धार

फिल्म उद्योग के लोगों की प्रार्थना पर यह सिंहावलोकन बहुत पहले शुरू किया गया था चूंकि कई कारणों की वजह से फिल्म प्रयोगशालाओं द्वारा फिल्मों को सुव्यवस्थित ढंग से अनुरक्षित नहीं किया जाता। इटली की एक अग्रणी प्रयोगशाला के साथ बातचीत की गई तथा पिल्मों के पुनरुद्धार पर सिंहावलोकन आयोजित करने के लिए एक तकनीशियन की सेवाएं देने की गुजारिश की गई।

यहां यह कहना प्रासंगिक है कि सिंहावलोकन को अन्तिम रूप देने के बाद, सभी फिल्म व्यापार संगठनों तथा अग्रणी फिल्म संस्थानों को सिंहावलोकन में भाग लेने के लिए सूचना पत्र भेजे गये।

फिल्म समारोह निदेशालय को अच्छे सिनेमा को बढ़ावा देने तथा भारत में अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों का आयोजन करने, देश और विदेश में भारतीय फिल्मों को बढ़ावा देने, फिल्म सप्ताहों का आयोजन तथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

फिल्म प्रभाग

फिल्म प्रभाग की स्थापना के पीछे प्रमुख उद्देश्य थे भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक सूचना, शिक्षा, संप्रेरणा एवं शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रयोजनों के लिए जरूरी वृत्तचित्रों, एनीमेशन, लघु एवं कार्टून फिल्मों का निर्माण एवं वितरण। फिल्म प्रभाग 1953 के सिनेमाटोग्राफ ऐक्ट तथा विभिन्न राज्यों के कानूनों के अंतर्गत सिनेमा दिखाने वालों को जरूरी कानूनी व्यवस्थाओं के अंतर्गत 'अनुमोदित फिल्मों' के प्रदर्शन की जिम्मेदारी निभाने में सहायता करता है। स्वतंत्र वृत्तचित्र निर्माताओं से फिल्में बनवा कर विभिन्न राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में शामिल होकर और वृतचित्रों आदि के प्रतियोगिता-आधारित द्विवार्षिक मुंबई अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह में भाग लेकर यह देश में वृत्तचित्रों के निर्माण को प्रोत्साहित करता है। फिल्म प्रभाग का अपनी फिल्मों का एक अभिलेखागार है जिसमें सिनेमा-प्रेमियों के लिए उसकी 8000 से ज्यादा फिल्में रखी गई हैं जो संदर्भ के लिए उपलब्ध हैं। भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने के उद्देश्य से इसने अभिलेखागार की फिल्मों का सेल्युलाइड से वीडियो फार्मेट में डिजीटलीकरण करना शुरू कर दिया है।

फिल्म प्रभाग का मुख्यालय मुंबई में और क्षेत्रीय उत्पादन केंद्र बंगलौर, कोलकता और नई दिल्ली में है। फिल्म निर्माण से पहले और बाद में जरूरी आधुनिकतम मूल सुविधाएं उसके पास मौजूद हैं। इसका बड़ा वितरण नेटवर्क है जिसके अंतर्गत देश भर में 10 शाखा कार्यालय हैं जो सिनेमा-प्रेमियों और देश के 12000 सिनेमाघरों को अनुमोदित फिल्में उपलब्ध कराते हैं।

फिल्म प्रभाग का प्रमुख मुख्य निर्माता (चीफ प्रोड्यूसर) होता है जिसकी सहायता के लिए एक संयुक्त मुख्य निर्माता और 4 उप मुख्य निर्माता होते हैं। इस प्रभाग के प्रशासन पक्ष के जिम्मेदारी निदेशक (प्रशासन) संभालता है जो प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किया जाता है। ये ग्रुप ए सेवाओं के उन अधिकारी उम्मीदवारों में से चुने जाते हैं जो 12 से 15 वर्ष की सेवा कर चुके होते हैं।

फिल्म प्रभाग के कर्मचारियों की वर्तमान स्वीकृत संख्या 934 हैं। इसमें फिलहाल 811 पद ही भरे हैं और 123 खाली पड़े हैं। इनका ग्रुपवार विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	वर्ग	स्वीकृत पद	भरे पद
1.	ग्रुप ए	44	23
2.	ग्रुप बी (राजपत्रित)	77	67
3.	ग्रुप बी (अ-राजपत्रित)	67	61
4.	ग्रुप सी	496	440
5.	ग्रुप डी	250	220
	जोड़	934	811

फिल्म प्रभाग में काम करने वाले कर्मचारियों का संगठनात्मक ढांचा

मुख्य निर्माता

संयुक्त मुख्य निर्माता

उप मुख्य निर्माता

निर्माता निदेशक

तकनीकी अनुभागों के अनुभाग प्रमुख

निदेशक (प्रशासन) — वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी — सहायक प्रशासन अधिकारी — प्रशासनिक अनुभागों के प्रमुख

आई एफ ए — उपनि (लागत) — सहा.नि. (लागत) — लेखा अधिकारी — वित्तीय अनुभागों के प्रमुख

प्रभारी अधिकारी (वितरण) — वरिष्ठ शासन प्रबंधक — वितरण अनुभागों के प्रमुख

भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय (मुख्य सचिवालय योजना)

फिल्म उद्योग के निर्यात संवर्द्धन में समर्थ होने तक उसकी सहायता करने और दूसरी तरफ फिल्मों की चोरी रोकने तथा देश के प्रत्येक कोने में फिल्म समारोह आंदोलन के प्रसार के लिए इस मंत्रालय ने 10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अपने दो प्रमुख सचिवालयी कार्यक्रमों के जरिए 600 लाख रुपये प्रदान किए। यह कार्यक्रम गैर सरकारी संगठनों/राज्य सरकारों के निकायों/निजी निकायों, आदि के जरिए लागू किया गया। भारतीय फिल्म समिति परिसंघ (एफएफएसआई), करीब ढाई सौ फिल्म समितियों की शीर्ष संस्था है। यह परिसंघ फिल्म जागरूकता पैदा करने और सिनेमा के क्षेत्र में दर्शकों की रुचि विकसित करने में योगदान करता है। एफएफएसआई को 10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 20 लाख रुपये आवंटित किए गए थे।

फिल्म बाजारों में भागीदारी का उद्देश्य भारतीय फिल्म उद्योग के प्रभाव में वृद्धि करना है। इसके जरिए फिल्मों से संबद्ध सूचना प्रौद्योगिकी गतिविधियों की जानकारी हासिल करने और वास्तविक व्यापार के अवसरों का लाभ उठाने में भी मदद मिलती है। विश्व में केन्स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह और बाजार, बर्लिन फिल्म समारोह और अमरीकी फिल्म बाजार आदि प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म बाजार हैं, जिनको ध्यान में रखते हुए सरकार भारतीय फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित और उसे सुविधाएं प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रही है।

भागीदारी और उपलब्धियों का ब्योरा प्रेस विज्ञप्तियों के जरिए उपलब्ध कराया जाता है और मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है। फिक्की/सीआईआई भी अपनी रिपोर्टें जारी करते हैं।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

यह फिल्म निर्माण की कला और तकनीक में प्रशिक्षण देने वाला अग्रणी संस्थान है। सरकार इसे अपनी नीति के अनुसार संचालन, प्रशिक्षण सुविधाओं के समुन्नयन के लिए योजना और गैर-योजना कार्यक्रमों के अंतर्गत अनुदान सहायता देती है। पर्याप्त प्रचार और खुली बोलियां आमंत्रित करके बहुत पारदर्शी तरीके से इसके लिए मशीनरी और उपकरण खरीदे जाते हैं। भवन निर्माण/बिजली का काम मंत्रालय के विभागों द्वारा किए जाते हैं।

योजना शीर्ष के अंतर्गत परिव्यय के उपयोग का आधारभूत उद्देश्य प्रशिक्षण सुविधाओं और तरीकों का समुन्नयन और आधुनिकीकरण करना है ताकि प्रशिक्षित जनशक्ति बढ़ाई जा सके, वर्तमान सुविधाओं का मूल सुविधा के रूप में विकास किया जा सके और बाहरी फिल्म निर्माताओं को उपलब्ध सेवाएं दी जाएं जिससे राजस्व बढ़े और संस्थान आत्मनिर्भर बन सके।

ग्यारहवीं योजना में निम्नलिखित तीन कार्यक्रमों का प्रस्ताव किया गया है –

अ. चल रही स्कीम

1) फिल्म एवं टेलीविजन इंस्टीट्यूट, पुणे का उन्नयन

- मशीनें एवं उपकरण
- भवन निर्माण एवं बिजली का काम
- एफटीआइआई, पुणे का कम्प्यूटरीकरण एवं आधुनिकीकरण

2. एफटीआईआई, पुणे में मानव संसाधन विकास

- सामुदायिक रेडियो की व्यवस्था
- कैप्टिव टीवी चैनल की स्थापना
- छात्रों के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ आदान-प्रदान कार्यक्रम एवं छात्रवृति सहित मानव संसाधन पक्ष

ब. नई स्कीम

ग्लोबल फिल्म स्कूल (नया)

मानीटरिंग तंत्र

एफटीआईआई, पुणे के आधुनिकीकरण एवं समुन्यनन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्यक्ष एवं वित्तीय मानटरिंग तंत्र उपकरणों की खरीद, भवन एंव विद्युत निर्माण संबधी कार्यो, हार्डवेयर मदों/साफ्टवेयर मदों की खरीद, लाइसेंस, अनुसंधान, स्वामिभक्त, प्रतिभा शुल्क आदि मदों की खरीद, लाइसेंस अनुसंधान, स्वामिभक्ति, प्रतिभा शुल्क आदि संबंधी कार्यों एवं कार्यक्रम उत्पादन, फिल्मों से स्थानांतरण, श्रोता अनुसंधान तथा मानव संसाधन विकास के अंतर्गत आदान प्रदान/ प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पहचान में उपलब्धियों के रूप में दिखाई देगा।

सार्वजनिक सूचना व्यवस्था - एफटीआईआई, पुणे की प्रशिक्षण गतिविधियों/पाठयक्रमों को वेबसाइट/प्रिंट मीडिया के जरिए प्रचारित किया जाता है।

सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

संस्थान का मूल उद्देश्य छात्रों के लिए फिल्म और टेलीविजन के बारे में विभिन्न कोर्स चलाना है। प्रति वर्ष यहां से लगभग 40 छात्र निकलते हैं। मुख्य उद्देश्य फिल्म तथा टेलीविजन उद्योग दोनों ही के लिए प्रशिक्षित मानवशक्ति उपलब्ध कराना है। कोलकाता का सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान मानव संसाधनों के विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्तर का दूसरा संस्थान है। यह संस्थान, निर्देशन और पटकथा लेखन, चलचित्रिकी छायांकन, सम्पादन और ध्वन्यांकन में तीन साल का स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स कराता है। इनमें से प्रत्येक शाखा में दस-दस छात्र लिए जाते हैं। फिल्म तथा टेलीविजन से जुड़े अन्य क्षेत्रों में बुनियादी डिप्लोमा कोर्सों के अतिरिक्त समाजशास्त्र, संस्कृति और फिल्म तथा टेलीविजन टेक्नोलाजी के बारे में अनुसंधान और खोजी अध्ययनों पर भी यह संस्थान ध्यान देता है।

सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जिसे सरकार द्वारा पूर्णतया धन उपलब्ध कराया जाता है। संस्थान के लिए धन प्राप्ति का कोई अन्य बाहरी स्रोत नहीं है।

सिनेमा और टेलीविजन के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करने के अपने मूल दायित्व के साथ-साथ दुनिया भर में भारतीय सिनेमा की सांस्कृतिक उपस्थिति दर्ज कराना भी संस्थान का एक और घोषित उद्देश्य है।

और अधिक विषयों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इस संस्थान का निम्नलिखित नए कोर्स आरम्भ करने का प्रस्ताव किया है, जो बुनियादी ढांचे और संसाधनों के उपलब्ध होने पर निर्भर करेगा।

मानीटरिंग व्यवस्था

आयोजना स्कीमों पर निर्धारित लक्ष्यों के मुकाबले उपलब्धियों के स्तर के माध्यम से निकट से निगाह रखी जाती है। पूरे साल के लिए भौतिक और वित्तीय लक्ष्य तय किए जाते हैं और उन्हें बराबर-बराबर तिमाहियों में बांट दिया जाता है। भौतिक लक्ष्यों को खरीदे गए उपकरणों, छात्रों द्वारा बनाई गई फिल्मों और अन्य सेवाओं आदि के माध्यम से मापा जाता है। वित्तीय लक्ष्यों की मानीटरिंग के लिए व्यय के रुझान पर निगाह रखी जाती है। मशीनों और उपकरणों की खरीद के लिए अत्यंत पारदर्शी तरीके और व्यापक प्रचार की मदद से खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सिविल और इंजीनियरी के काम सूचना और प्रसारण मंत्रालय की सीसीडब्ल्यू (सिविल/विद्युत) के माध्यम से कराया जाता है।

जन सूचना प्रणाली

संस्थान के कोर्सों तथा अन्य शैक्षणिक कार्यकलापों के बारे में नियमित रूप से मीडिया में प्रकाशन किया जाता है। संस्थान की वैबसाइट पर भी संस्थान के बारे में सभी प्रकार की सूचना उपलब्ध रहती है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक मीडिया भी समय-समय पर संस्थान की गतिविधियों के बारे में व्यापक कवरेज प्रदान करता रहता है। संस्थान की सूचना अधिकार शाखा भी विशिष्ट प्रश्नों के जवाब तत्काल दे देती है।

भारतीय जनसंचार संस्थान

भारतीय जनसंचार संस्थान को अनुदान सहायता सरकार की निगरानी में जारी की जाती है। कार्यकारणी की बैठकों के दौरान, आईआईएमसी सोसाइटी की वार्षिक आम बैठकों के दौरान सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं। इसके अलावा, वर्ष के दौरान भौतिक और वित्तीय प्रगति की निगरानी मंत्रालय में मासिक व्यय विवरणों और त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टों द्वारा की जाती है।

आम जनता के लिए सूचना हेतु आईआईएमसी की वेबसाइट है। इस वेबसाइट को नियमित अद्यतन किया जाता है और आम जनता इस वेबसाइट के जरिये संबद्ध जानकारी पा सकेगी।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

दसवीं योजना (2002-2007) के दौरान भारत के राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय के पास दो स्वीकृत योजना स्कीमें हैं -

1. अभिलेख फिल्मों की प्राप्ति व प्रदर्शन
2. एनएफएआई पुणे के दूसरे चरण का निर्माण कार्य

एनएफएआई की योजना स्कीमों की प्रगति की निगरानी मासिक त्रैमासिक/अर्द्धवार्षिक वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति विवरणों के माध्यम से की जाती है जो नियमित रूप से मंत्रालय को भेजे जाते हैं। विभिन्न स्कीमों/कार्यक्रमों के तहत एनएफएआई द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों में हुई प्रगति की जानकारी एनएफएआई की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। स्कीम के प्रदर्शन पर स्वीकृत योजना आवंटन के भीतर नियन्त्रण रखा जाता है।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड

भारतीय मनोरंजन उद्योग में विभिन्न कारणों जैसे भारतीय फिल्मों एवं अन्य मनोरंजन साफ्टवेयर के लिए विदेशी बाजारों के द्वारा, एनीमेशन, विशेष प्रभाव, ग्राफिक्स, संगीत दृश्य/श्रव्य तथा दूरदर्शन साफ्टवेयर जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ने तथा दूसरी ओर ग्रामीण तथा दूर-दराज के क्षेत्रों की विविध भाषाओं में उपग्रह और केबल चैनल के आ जाने से 21वीं शताब्दी के प्रारंभ में मूलभूत परिवर्तन हुए हैं। थियेटरीकल प्रदर्शनी के परंपरागत तौर-तरीकों में काफी बदलाव आया है। क्योंकि मल्टीप्लेक्स थियेटरों की बढ़ती संख्या ने अपनी ओर आकर्षित किया है। इससे न केवल फिल्म निमातओं एवं अधिकार धारकों (राईट होल्डरों) ने अपनी फिल्मों के लिए अधिक लाभ कमाने के अवसर खोले हैं। बल्कि इससे तकनीशियन और अन्य कलाकारों का एक भारी-भरकम समूह बन गया जो कि पालियों में कार्य करके अच्छी कमाई भी कर रहा है। वास्तविकता यह है कि अब आप भारतीय परिवार भले ही मध्यम, निम्न मध्यम व गरीबी की श्रेणी में आता हो, लेकिन वह भी भरपूर मनोरंजन कर सकता है। थियेटर में और टेलीविजन के माध्यम से घर बैठे वहनीय कीमत में फिल्म देख सकता है। इस उद्योग के विकास को सुनिश्चित करते हुए पाइरेसी तथा एकल थियेटर और मल्टी प्लेक्स में मंहगे टिकटों की समस्या का समाधान किया जा रहा है। फिंल्मों के निर्माण में वित्त व्यवस्था के लिए आईडीबीआई तथा तकनीक एवं अन्य व्यवासयिक बैंकों के प्रवेश से फिल्म उद्योग के विकास को बल मिला है। इस बात का प्रमाण इस तथ्य से मिलता है कि देश में प्रति वर्ष विभिन्न भाषाओं में लगभग 1000 फिल्में बनाई जाती हैं। इस पृष्ठभूमि में हमें एक संगठन के रूप में अपनी शक्ति और कमजोरियों को ध्यान में रखते हुए इस उद्योग की क्षमता और उपलब्ध भावी अवसरों का विश्लेषण करना होगा।

उपरोक्त पृष्ठभूमि में इस निगम की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा निम्न कार्यवाही योजना तैयार की गई है :

क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्म निर्माण

- राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम अपनी उत्पादन गतिविधियों के माध्यम से भारतीय सिनेमा की संस्कृति को बढ़ावा देता है न कि भारतीय सिनेमा के व्यवसाय को।
- भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और भाषाओं का विकास करने और उन्हें अक्षुण्ण करने के लिए सिनेमा एक महत्वपूर्ण साधन है। विशेष रूप से इस बात को ध्यान में रखते हुए कि सिनेमा मनोरंजन का सर्वाधिक लोकप्रिय साधन है, सिनेमा की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता। यह आंकलन है कि औसतन इस क्षेत्र में थियेटर में प्रत्येक दिन एक करोड़ लोग फिल्म देखते हैं। भारत में भारतीय कला और संस्कृति की कोई भी शाखा इतनी प्रभावी नहीं रही है, इस प्रकार सिनेमा संस्कृति प्रचार-प्रसार का जन-माध्यम बन कर उभरा है।

एन.एफ.डी.सी. को 11वीं योजना में इन कार्यों के लिए सरकारी मदद देने का प्रस्ताव है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव किया जाता है कि 60 करोड़ रुपए (वार्षिक परिव्यय 12 करोड़ के साथ) विविध भारतीय भाषाओं में फिल्म निर्माण के लिए रखा जाए क्योंकि इसकी आवश्यकता राज्य विकास निधियों के लिए होती है, इससे उन्हें इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन फिल्मों की सदैव बाजार कीमत नहीं होती है जिससे फिल्म में आई लागत को वसूल किया जा सके। इस सम्बन्ध में निगम की भूमिका विकासात्मक प्रकृति की होती है तथा इसमें लाभ कमाने का उद्देश्य निहित नहीं होता है। इस उद्देश्य के लिए निधियों के आवंटन की मांग सरकार से की जाती है। क्योंकि निगम के पास इस गतिविधि को निधि प्रदान करने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सह-उत्पादन

एन.डी.एफ.सी. बहुत से घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय सह-उत्पादन कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार खुलने तथा प्रभावकारी कहानी की अंतर्राष्ट्रीय मांग के परिणामस्वरूप विदेशों में भारतीय फिल्मों के दर्शकों की बढ़ती मांग के कारण फिल्म निर्माण का कार्य अब विदेशों में भी पांव पसार रहा है। फिल्म निर्माता अब निम्न कारणों से अन्य देशों के फिल्म निर्माताओं से मिलकर फिल्म निर्माण कर रहे हैं।

(i) फिल्म के दर्शक आधार को बढ़ाना

(ii) फिल्म उत्पादन की लागत को कम करने के लिए विभिन्न देशों द्वारा दिए जाने वाले कर तथा अन्य सकल लाभों को देश में लाना (प्राप्त करना)।

जहां तक भारतीय फिल्म निर्माताओं का संबंध है, अंतर्राष्ट्रीय सह-उत्पादन अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है। हाल के वर्षों में विदेशी फिल्म निर्माताओं ने भारत को संयुक्त उत्पादन के लिए एक बेहतर बाजार माना है क्योंकि यह फिल्म बाजार की दृष्टि से अपार संभावनाओं वाला देश है। किसी दूसरे देश में आने वाले नए फिल्म निर्माताओं के पास उस देश के फिल्म निर्माताओं तक पहुंच नहीं होती है, ऐसा संबंधों की दृष्टि से तथा सह-निर्माताओं से भारी मत्रा में पूंजी निवेश करवाने की दृष्टि से होता है। एन.एफ.डी.सी. ने इस क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रस्ताव किया है तथा प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू सह-उत्पादों के लिए प्रारंभिक पूंजी मुहैय्या कराने की पहल की है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय फिल्मों को प्रोत्साहन

एन.एफ.डी.सी. की निर्यात विशेषज्ञ कार्यनीति के प्राथमिक उद्देश्य तथा विदेशी फिल्मों एवं दूरदर्शन बाजार में भागीदारी इस प्रकार है :

1. विभिन्न प्रदर्शनी चैनलों के अंतर्राष्ट्रीय वितरण के लिए भारतीय फिल्मों का निर्यात
2. अंतर्राष्ट्रीय सह उत्पादों के लिए भागीदार का पता लगाना।
3. लाईन प्रोड्यूसर के रूप में एन.एफ.डी.सी. की सेवाओं का उन्नयन।
4. भारत को शूटिंग स्थल के रूप में विकसित करना।
5. भारतीय बाजार के लिए विदेशी फिल्मों का आयात।

पटकथा का विकास

वास्तव में फिल्म उद्योग को पटकथा के विकास में बहुत अधिक जोर देने की आवश्यकता है। एन.एफ.डी.सी., पटकथा की गुणवत्ता, सीमा और भारतीय फिल्म पटकथाओं/परियोजना के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए फिल्म उद्योग को उपलब्ध के दायरे में व्यापक एवं बहुआयामी बनाने पर बल देगा। एन.एफ.डी.सी. का उद्देश्य घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले बिक्री योग्य उत्पाद पटकथा तैयार करने की दृष्टि से पटकथा के विकास में प्रत्येक वर्ष अधिक से अधिक लेखकों की सहायता करता है।

अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू सह-उत्पादों को तैयार करने, इन्हें निर्यात करने तथा पटकथा का विकास करने के लिए यह बजट परिव्यय निगम के आंतरिक स्रोतों से पूरा किया जाएगा, सहायता विभिन्न भारतीय भाषाओं में गुणवत्ता वाली फिल्में बनाने के लिए मांगी जाती है क्योंकि इस गतिविधि की प्रकृति प्रारंभिक रूप से विकासात्मक होती है और यह स्वतः चलने वाली व्यावसायिक गतिविधि नहीं हो सकती है। इस निधि से तैयार फिल्म से प्राप्त होने वाला राजस्व वापस इस योजना स्कीम में डाला जाएगा। इस निगम की प्राधिकृत पूंजी 14 करोड़ रुपए है। फिल्म निर्माण की अत्यधिक लागत को देखते हुए यह इक्विटी आधार कम है। इसलिए निगम में सरकारी अधिकृत और चुकता पूंजी बढ़ाने का प्रस्ताव है।

पत्र सूचना कार्यालय

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) भारत सरकार की नोडल एजेंसी है जिसके जरिए वह अपनी नीतियों, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में लोगों को जानकारी देती है। मीडिया (इलेक्ट्रानिक और प्रिंट) के साथ संवाद का प्रमुख साधन होने के नाते इसके जरिए सरकार अपनी नीतियों, गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी देती है और जन प्रतिक्रिया से सरकार को अवगत कराती है। पत्र सूचना कार्यालय तदनुसार सरकार को सूचना नीति के बारे में सलाह भी देता है। पीआईबी यह मान कर चलता है कि किसी भी लोकतंत्र में सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को सही ढंग से पेश किया जाना चाहिए ताकि प्रेस और मीडिया उसकी सही व्याख्या करें और लोग उनको ठीक ढंग से समझें क्योंकि लोगों के समर्थन से ही सरकार चलती है।

पत्र सूचना कार्यालय के अधिकारी विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से संबद्ध किए जाते हैं ताकि वे सूचनाएं प्राप्त कर सकें। ये सूचनाएं प्रेस को दी जाएं और ताकि उन पर जन प्रतिक्रिया जानी जा सके। ये अधिकारी मीडिया सलाहकर के रूप में काम करते हैं और प्रचार के काम में समन्वय लाते हैं।

पत्र सूचना कार्यालय के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों को कंप्यूटर नेटवर्क से जोड़ दिया गया है। इसका इंटरनेट पर अपना होमपेज है जिसमें से www.pib.nic.in के

पते पर कोई सूचना ली जा सकती है। इस, होमपेज पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय इस्तेमाल के लिए प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसकी विज्ञप्तियां अब ऑनलाईन महत्वपूर्ण अखबारों के संवाददाताओं और समाचारपत्रों को तथा इसके क्षेत्रीय शाखा कार्यालयों को भेजी जाती हैं। इस नेटवर्क के जरिए फीचर और ग्राफिक्स भी भेजे जाते हैं। इंटरनेट पर तो ये उपलब्ध होते ही हैं।

पत्र सूचना कार्यालय मीडिया प्रतिनिधियों को कार्यकारी सुविधाएं भी देता है। इस उद्देश्य से देशी और विदेशी समाचार प्रतिनिधियों को प्रत्यापित किया जाता है, न्यूज कैमरामैनों और तकनीशियनों को भी यह सुविधा दी जाती है। इस समय पत्र सूचना कार्यालय में 1165 संवाददाता, 332 कैमरामैन, मुख्यालय में प्रत्यायित हैं। साथ ही, 143 तकनीशियन और 67 संपादक/मीडिया क्रिटिक भी प्रत्यायित हैं। देश विदेश के संवाददाताओं की जरूरतें पूरी करने के लिए इस कार्यालय में एक राष्ट्रीय प्रेस केंद्र है। नई दिल्ली स्थित इस केंद्र में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

वर्ष 2006-07 के दौरान पत्र सूचना कार्यालय ने इलेक्ट्रानिक मीडिया की सुविधा के लिए एक आडियो-विजुअल यूनिट खोली। यहां पर आडियो-विजुअल क्लिप्स अपलोड कर दिए जाते हैं और इलेक्ट्रानिक मीडियाकर्मी जरूरत के अनुसार इनसे लाभ उठाते हैं।

पत्र सूचना कार्यालय के कामकाज की मानीटरिंग खुद ही होती रहती है। हर दिन पता चलता रहता है कि उसके द्वारा जारी की गई कितनी विज्ञप्तियां, फीचर और समाचार फोटो आदि अखबारों में छपे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय इस कार्यालय की मानीटरिंग भी उसी प्रकार करता है जैसा कि अन्य मीडिया की करता है।

समग्र निष्पादन

दसवीं योजना के लिए इस कार्यालय का परिव्यय रु. 4750.00 लाख था। दसवीं योजना के वर्ष 2005-06 में रु. 856.41 लाख हुआ। 2006-07 की वार्षिक योजना रु. 1150.96 है। इसी प्रकार 2007-08 की वार्षिक योजना रु. 1013.00 लाख है। पत्र सूचना कार्यालय के कामकाज की प्रगति वित्तीय अर्थों में 2005-06 और 2006-07 (दिसंबर 2006 तक) इस प्रकार रही -

(रुपये लाख में)

क्र.सं.		योजना	गैर-योजना	जोड़
1.	वास्तविक व्यय 2005-06	830.12	1983.44	2813.56
2.	बजट अनुमान 2006-07	1150.96	2169.47	3320.43
3.	संशोधित अनुमान 2006-07			
4.	वास्तविक खर्च 2006-07 दिसंबर 2006	50.39	2089.57	2139.96
5.	बजट अनुमान 2007-08	1013.00	2270.15	3283.15

भारतीय प्रेस परिषद

भारतीय प्रेस परिषद एक वैधानिक, स्वायत्त अर्ध-न्यायिक संस्था है। इसमें अध्यक्ष और 28 अन्य सदस्य होते हैं। परंपरानुसार, इसके अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अथवा सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं जबकि 28 सदस्यों में से 20 सदस्य प्रेस के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते हैं तथा पांच संसद के दोनों सदनों के प्रतिनिधि होते हैं तथा एक-एक सदस्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बार काउंसिल ऑफ इंडिया एवं साहित्य अकादमी द्वारा नामित होते हैं।

परिषद अपने कार्यकलापों का निष्पादन इसको प्राप्त शिकायत संबंधी मामलों के निपटान के आधार पर करती है। ये शिकायतें या तो प्रेस द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन की हो सकती हैं, या प्रेस की आज़ादी के हनन की हो सकती हैं। अगर जांच के बाद, परिसर की राय में किसी समाचार-पत्र या पत्रिका ने पत्रकारिता के आचार अथवा सार्वजनिक सुरूचि के लिए अशोभनीय काम किया हो, या किसी संपादक या पत्रकार ने व्यावसायिक दृष्टि से अनुचित कार्य किया हो, तो परिषद उसे चेतावनी दे सकती है, निर्देश दे सकती है, भर्त्सना कर सकती है या उसके आचरण को अनुचित बता सकती है। परिषद सरकार सहित किसी भी संस्था के कार्य पर भी ऐसी टिप्पणी कर सकती है अगर उसे यह कार्य प्रेस की आज़ादी में दखल लगता हो। परिषद का निर्णय अंतिम होता है जिसके विरुद्ध किसी कानूनी न्यायालय में नहीं जाया जा सकता है।

वर्ष 2006-07 के दौरान परिषद की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :

1. अर्ध-न्यायिक कार्यकलाप

1400 मामले सामने आए जिसमें 650 का निपटान कर दिया गया है और 75 मामलों की सुनवाई अंतिम चरण में है।

2. प्रेस का स्तर

अधिनियम की धारा 13(2)(सी) के अंतर्गत प्रेस के लिए आचार संहिता बनाई है।

3. प्रेस की स्वतंत्रता

वक्तव्यों, राय तथा निर्णयों के जरिए प्रेस की आज़ादी पर खतरों पर नज़र रखी गई।

4. सलाहकार के रूप में कार्यकलाप

1. मानव अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र की उप-समिति को आतंकवाद, विचारों की स्वतंत्रता तथा मानव अधिकारों के बारे में सलाह देना।
2. विज्ञापन स्तर नियंत्रण आयोग (ए एस आर सी) के लिए प्रस्तावित कानून।
3. गुमराह करने वाले विज्ञापनों को रोकने के लिए अल्पावधि उपाय।
4. भारत-आएवोरियन संयुक्त करार।
5. प्रिंट मीडिया में अश्लीलता रोकना।

6. एड्स/एचआईवी के बारे में मीडिया कवरेज के संबंध में यू.एन.डी.पी. एवं सी.एम.एस. को परामर्श।

5. प्रेस के कामकाज की समीक्षा

प्रेस की स्वतंत्रता एवं छोटे या क्षेत्रीय प्रेस की समस्याओं, स्तर और भूमिका के लिए परिचर्चाएं आयोजित कीं। विशेष रूप से, देश के विभिन्न भागों में 17 संगोष्ठियां और सम्मेलन और एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में आयोजित किया गया।

6. सतर्कता एवं सूचना का अधिकार संबंधी व्यवस्था कायम करने का काम संतोषजनक रूप से चल रहा है।

7. हिन्दी भाषा की प्रगति

निर्णयों (लगभग 250) एवं अन्य सुनवाइयों के अनुवाद को आधुनिक बनाना।

हिन्दी तिमाही पत्रिका का नियमित प्रकाशन।

लक्ष्य 2007-08

अक्टूबर 2007 में वर्तमान परिषद का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा और भारत सरकार की अधिसूचना के बाद नई परिषद का कार्यकाल प्रारंभ होगा। इस अवधि के दौरान, वर्तमान परिषद की प्रेस की योजना स्वतंत्रता के उल्लंघन या उसके स्तर संबधी लगभग 400 शिकायत के मामलों को निपटाने की है। इसके अलावा, उक्त अवधि में, निम्न गतिविधियां प्रस्तावित हैं -

1. भारतीय प्रेस परिषद के अनुभवों/विशेषज्ञता का लाभ उठाने के अफ्रीकी देशों की प्रेस परिषदों के अनुरोध पर इन परिषदों को उचित परामर्श देना ताकि अफ्रीका महाद्वीप में मीडिया में आत्म-नियंत्रण की धारणा विकसित हो सके।
2. भारत सरकार को प्रेस परिषद अधिनियम में संशोधन का सुझाव देना ताकि प्रेस परिषद को अधिक अधिकार मिल सकें।
3. प्रशिक्षण के स्तर में और सुधार के लिए पत्रकारिता संस्थानों से विचार-विमर्श।
4. प्रेस परिषद के कार्य क्षेत्र में आने वाले मामलों में शोध अध्ययन को बढ़ावा देना।
5. माननीय उच्चतम न्यायालय एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों के निरीक्षण के अनुरूप, मीडिया में अश्लीलता और महिलाओं का वाणिज्यिक शोषण को रोकने के लिए विशिष्ट परामर्श।
6. समाचार पत्रों से निर्धारित फीस की वसूली और चूककर्ता का रिकार्ड का चरणबद्ध तरीके से डिजीटलीकरण, तथा जिला प्राधिकारियों द्वारा समाचारपत्रों के संबंध में डाटा का आधुनिकीकरण।
7. राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रिंट मीडिया की जिम्मेदारियों और स्तर के संबंध में परिचर्चा का आयोजन।
8. पुस्तकालय कैटालाग का डिजिटलीकरण।

9. परिषद की आवश्यकताओं के मद्देनजर सॉफ्टवेयर का विकास।

10. परिषद के कर्मचारियों के सेवा रिकार्ड का डिजिटलीकरण।

11. वर्ष 2006-07 में परिषद द्वारा दिये गये निर्णयों का हिन्दी रूपान्तर तैयार करना।

12. वर्ष 2006-07 में परिषद द्वारा दिये गये निर्णयों को द्विभाषी रूप में वेबसाइट पर डालना।

13. वर्तमान परिषद का कार्यकाल 11 अक्तूबर 2007 को पूरा होने पर नई परिषद के पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी करना।

14. नौवीं प्रेस परिषद के कार्यकाल के दौरान दिये गये निर्णय के अनुसार प्रेस परिषद अधिनियम की धारा 13 (2) (सी) के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार आचरण संहिता तैयार करना।

फोटो प्रभाग

फोटो प्रभाग का मुख्य कार्य सरकार द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों और उनके परिणामस्वरूप देश में होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक प्रयत्नों को फोटोग्राफों के माध्यम से संजोकर रखना है। प्रभाग द्वारा आन्तरिक और बाहय प्रचार के लिए पत्र सूचना कार्यालय तथा विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय को फोटोग्राफ उपलब्ध कराये जाते हैं। तकनीकी विकास के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए प्रभाग ने "फोटो प्रभाग का आधुनिकीकरण" कार्य योजना के तहत फोटो उपकरणों के उन्नयन तथा चित्रों के डिजीटलीकरण का कार्य शुरू किया है। फोटो प्रभाग की कार्य-योजनाओं का त्रैमासिक आधार पर रखे गये लक्ष्यों की तुलना में वित्तीय एवं वास्तविक उपलब्धियों के विश्लेषण के जरिए नियमित रूप से निगरानी की जाती है। इसके अतिरिक्त फोटो प्रभाग द्वारा विभिन्न उप-शीर्षों के तहत व्यय की निगरानी की जाती है।

प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग देश के सबसे बड़े प्रकाशन-गृहों में से एक है। विभाग हिन्दी अंग्रेजी और दूसरी प्रमुख भारतीय भाषाओं में किताबें और पत्रिकाएं प्रकाशित करता है। ये किताबें और पत्रिकाएं इस तरह प्रकाशित की जाती हैं, कि वे देश की जनता की समझ के दायरे को बढ़ाएं। यानि इनका उद्देश्य लोगों की समझ को विकसित करना है।

2. प्रकाशन विभाग का काम लोकप्रिय किताबों और पत्रिकाओं का प्रकाशन, बिक्री और वितरण है। ऐसा करके वह निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करना चाहता है:

(i) राष्ट्रीय महत्व के उन विषयों पर किताबों का प्रकाशन, जिन्हें साधारण तौर पर दूसरे प्रकाशक नहीं छापते। साथ ही विभाग का उद्देश्य इन्हें वाजिब दाम पर आम लोगों तक पहुंचाने का भी है।

(ii) किताबों और पत्रिकाओं के प्रकाशन से विभाग विविधता में एकता की अवधारणा और भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ, सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय अखंडता को भी प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखता है।

(iii) वर्ष 2007-2008 के दौरान 20 पत्रिकाएं और 120 किताबें प्रकाशित करने का लक्ष्य है। विभाग देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित विक्रय केंद्रों या विक्रय इम्पोरियम के नेटवर्क के जरिये अपनी पुस्तकों और पत्रिकाओं की बिक्री करता है। बहरहाल, प्रकाशन विभाग ने समय के साथ चलते हुए अपने सभी विक्रय इम्पोरियमों को आधुनिक बनाने का लक्ष्य रखा है। यह काम चरणबद्ध तरीके से होगा। विभाग के कई विक्रय केंद्र बहुत अच्छी हालत में नहीं हैं। ऐसे विक्रय केंद्र प्रतिस्पर्धी प्रकाशन गृहों के चमक-दमक वाले शो-रूम से पिछड़ जाते हैं। ग्राहक प्रमुख जगहों पर स्थित इन व्यवस्थित शो-रूम की ओर रुख करते हैं।

(iv) विक्रय केंद्र नई दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, चेन्नई, पटना और तिरुवनंतपुरम् में मौजूद हैं। सेल्स आउट्लेट्स बंगलौर के योजना दफ्तर, गुवाहाटी, अहमदाबाद और भोपाल, इंदौर और जयपुर के पत्र सूचना कार्यालय में भी है।

(v) वर्ष 2007-2008 का बजट आकलन 1347.20 लाख रुपये है।

इम्पलायमेंट न्यूज/रोज़गार समाचार

1. साप्ताहिक रोजगार समचार अंग्रेजी, हिन्दी तथा उर्दू में प्रकाशित होता है। यह प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमुख प्रकाशन है। इस साप्ताहिक पत्र का मूल लक्ष्य सिविल सेवा के अभ्यर्थियों, प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में बैठने वाले उम्मीदवारों, अपने कैरियर तथा पेशे को चुनने के लिए तैयार युवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करना है। इस साप्ताहिक पत्र का उद्देश्य शिक्षित और युवा लोगों को जानकारी उपलब्ध कराना है ताकि वे अपने जीवन और कैरियर में सही निर्णय ले सकें।

2. इस साप्ताहिक पत्र में केंद्रीय एवं राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, स्वायत्त निकायों, विश्वविद्यालयों, विदेशी संस्थानों जैसे फोर्ड फाउंडेशन, ब्रिटिश काउंसिल आदि में नौकरियों के विज्ञापन, व्यावसायिक पाठयक्रमों के लिये प्रवेश अधिसूचनाएं, भारतीय संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग जैसे संगठनों तथा अन्य सामान्य भर्ती निकायों की परीक्षा अधिसूचनाओं और उनके परिणामों तथा मध्य-स्तरीय रोजगार उन्नयन के अवसरों (प्रतिनियुक्तियों) की सूचनाएं प्रकाशित की जाती है। इसके अतिरिक्त एक सम्पादकीय हिस्सा भी बनाया गया है जो कैरियर से सम्बन्धित दो लेख प्रकाशित करता है।

3. सरकार के इस सचित्र कैरियर साप्ताहिक ने अपनी कैरियर वेबसाइट www.employmentnews.gov.in खोलकर अपने खाते में एक और उपलब्धि दर्ज की।

4. यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि अपनी सामाजिक जिम्मेवारी, जिसके लिये इस पत्र को शुरू किया गया था, निभाने के साथ-साथ एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार नियमित रूप से पर्याप्त लाभ कमा रहा है। यह पत्र, जिसे सबसे अधिक प्रसारित साप्ताहिक पत्रों में शामिल होने का गौरव प्राप्त हैं, हर शनिवार को देश के कोने-कोने में उपलब्ध होता है।

5. अच्छी अर्थव्यवस्था हासिल करने तथा देश के कोने-कोने तक पहुंचने में समर्थ होने के लिए, रोजगार समाचार अपनी मुद्रण तकनीकों को दक्षिण तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थानान्तरित करने के प्रस्तावों को लागू कर रहा है।

6. 2007-8 का बजट अनुमान 28.17 करोड़ रुपये (गैर-योजना) तथा 0.01 करोड़ रुपये (योजना) है।

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक का कार्यालय (आरएनआई)प्रेस और पुस्तक पंजीकरण कानून, 1867 के अन्तर्गत देश में प्रकाशित होने वाले समाचारपत्रों/पत्रिकाओं का अद्यतन रिकार्ड तथा आंकड़े संभाल कर रखता है, नये प्रकाशनों के लिए शीर्षक उपलब्ध करता है, पंजीकरण के प्रमाणपत्र जारी करता है, प्रकाशकों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक कथनों की समीक्षा करता है तथा ''भारत के समाचारपत्र'' नामक शीर्षक से प्रिंट मीडिया के हालात पर वार्षिक रिपोर्ट तैयार करता है। आरएनआई समाचारपत्रों के प्रसार के दावों पर भी नियन्त्रण रखता है। अपने वैधानिक कार्यों के अलावा, यह कार्यालय न्यूजप्रिन्ट के आयात के लिए समाचारपत्रों को पात्रता प्रमाणपत्र जारी करता है। इसके अतिरिक्त, आरएनआई समाचारपत्रों द्वारा अपेक्षित प्रिंटिंग मशीनरी तथा सम्बद्ध सामग्री के आयात के लिए अनिवार्यता को प्रमाणित करता है। समाचारपत्रों को तत्काल, कुशल एवं पारदर्शी सेवा प्रदान करने तथा पीआरबी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के मद्देनजर 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में गुवाहाटी तथा केन्द्रीय क्षेत्र में भोपाल के दो नये क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने हैं। आरएनआई की कार्ययोजना त्रैमासिक आधार पर पर रखे गये लक्ष्यों की तुलना में वित्तीय एवं वास्तविक उपलब्धियों के विश्लेषण द्वारा नियमित रूप से मॉनिटर की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न उप-शीर्षों के तहत हुए खर्च की निगरानी आइएनआई द्वारा की जाती है। शीर्षक सत्यापन पत्र को आरएनआई की वेबसाइट पर रखने की नई पहल की गई है। अब आरएनआई के नई दिल्ली कार्यालय में आने की बजाय प्रार्थी इस वेबसाइट से अपना शीर्षक सत्यापन पत्र कभी भी, कहीं से भी डाउनलोड करके अपनी घोषणा फाईल कर अपना प्रकाशन शुरू कर सकता है। इससे विलम्ब नहीं होगा, अधिक पारदर्शिता आयेगी तथा प्रार्थी का समय और पैसा बचेगा। शिकायतों को दूर करने के लिए तथा पीआरबी अधिनियम, 1867 के तहत आने वाले प्रावधानों के बारे में आम जनता को शिक्षित करने के लिए आरएनआई ने 'तत्काल समाधान' नामक एक सत्र शुरू किया है। आम जनता के लाभ के लिए ऐसे सत्र देश के अन्य भागों में भी आयोजित करने का प्रस्ताव है।

गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग

गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्यालय है जो मीडिया इकाइयों को गवेषणा के सम्बंध एकत्रित, संकलित और तैयार सामग्री के प्रकाशन कार्य आदि में सहायता करता है। मीडिया इकाइयों के उपयोग के लिए महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी का सारांश निर्मित करना और सामयिक एवं अन्य विषयों पर मार्गदर्शन एवं पृष्ठभूमि नोट तैयार करना भी इस प्रभाग का दायित्व है।

यह प्रभाग प्रत्यक्ष रूप से आम जन को कोई सेवा प्रदान नहीं करता है। वास्तविक लक्ष्यों को सामान्यत: वार्षिक बजट योजना के रूप में इस प्रभाग द्वारा मॉनीटर किया जाता है। मंत्रालय का प्रशासनिक विंग भारतीय सूचना सेवा (भा.सू.से.) के अधिकारियों का इंडिया-एक वार्षिक संदर्भ एवं प्रशिक्षण ग्रंथ निकालने के लिए दो बड़ी गतिविधियों की मॉनीटरिंग भी करता है। अब तक, वार्षिक पत्रिका निकालना गैर-योजना गतिविधि रही है जबकि भा.सू.से. अधिकारियों का प्रशिक्षण एक योजना गतिविधि है। वर्ष 2007-08 से प्रशिक्षण को इस प्रभाग की गैर-योजना गतिविधि माना जायेगा।

जन सूचना प्रणाली के सम्बंध में प्रभाग की वेबसाइट (rrtd.gov.in) जन अधिकार के क्षेत्र में आती है और आम जनता के लिए इसकी गतिविधियों का मार्ग खुला है।

गीत एवं नाटक प्रभाग

गीत एवं नाटक प्रभाग की स्थापना 1954 में आकाशवाणी की एक यूनिट के रूप में की गई थी। 1856 में इसे स्वतंत्र मीडिया यूनिट का दर्जा दिया गया और विकास संचार का काम सौंपा गया। इस प्रभाग की स्थापना इन उद्देश्यों के लिए की गई - सामान्य लोगों में सामाजिक, आर्थिक, और लोकतंत्रीय आदर्शों के प्रति सम्मान, सीमावर्ती लोगों में रक्षा तैयारी और बाकी देश के साथ एकीकरण की भावना जगाना, सेना में नैतिक बल ऊंचा रखना और दूरदराज में तैनात सैनिकों का मनोरंजन करना, सभी क्षेत्रों के लोक प्रचलित कला रूपों का प्रदर्शन करना।

यह प्रभाग देश का सबसे बड़ा संगठन है जो मंच कलाओं के द्वारा संचार का काम करता है। यह प्रभाग नाटक, नृत्य-नाटिका, लोक कलाओं, वाचिक परंपराओं और कठपुतली आदि का प्रयोग करता है। यह प्रभाग ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, धर्म निरपेक्षता, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा जैसे विषयों पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करता है।

इन्हीं बातों को देखते हुए जन सामान्य स्तर पर संचार में सफल बनाने के लिए इस प्रभाग का क्षेत्र और आकार बढ़ाया गया।

एफ. एम. रेडियो (निजी)

भारत सरकार ने जुलाई 2005 में निजी एजेंसियों के माध्यम से एफ एम रेडियो सेवाओं (चरण - II) के विस्तार के लिए एक नई नीति की घोषणा की। इस नीति के तहत सभी चरण-II संचालकों के लिए प्रसार भारती टावरों पर सह-स्थापन ट्रांसमिशन सुविधाओं को देना अनिवार्य होगा तथा जहां प्रसार भारती के टावर उपलब्ध नहीं हैं वहां पर मंत्रालय द्वारा मैसर्ज ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड (बेसिल) के माध्यम से नये टावरों का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए नीति प्रसारकों से पट्टा किराया वसूला जायेगा। टावर से सम्बन्धी कार्य में निजी एफ एम प्रसारकों के लिए टावर को स्थापित करना तथा आपूर्ति करना शामिल है। निजी एफ एम प्रसारक मूलभूत ढांचे को बांटकर इस्तेमाल करेंगे। 18.18 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली "सात शहरों में निजी एफ एम रेडियो स्टेशनों के लिए सुविधाओं की स्थापना" की एक योजना मंजूर की गई। चूंकि दो शहरों के लिए टावरों का निर्माण स्थगित कर दिया गया था, पांच बड़े शहरों में सी टी आई के निर्माण के लिए परियोजना की संभावित कुल लागत के रूप में स्वीकृत परिव्यय में से 8 करोड़ रुपये मैसर्ज बेसिल को मार्च 2006 के दौरान जारी किए गये, यानी दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, जयपुर तथा हैदराबाद की अनुमानित लागत 18.18 करोड़ रुपये से घटकर 12.23 करोड़ रुपये आ गई है। 2006-2007 में इस परियोजना के लिए 4.15 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। वार्षिक योजना 2007-08 में निर्धारित 1.00 करोड़ रुपये की राशि बचे हुए कार्यों के लिए अपेक्षित है। परियोजना की निगरानी मंत्रालय द्वारा परियोजना की वास्तविक एवं वित्तीय प्रदर्शन के सम्बन्ध में मासिक एवं त्रैमासिक आधार पर की जाती है।

केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा

केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा (जिसे अब इलेक्ट्रानिक मीडिया अनुश्रवण केन्द्र कहा जाता है) की स्थापना निम्न उद्देश्यों के साथ की गई :

(i) भारत में डाउन लिंक किए जाने वाले सभी टीवी चैनलों का अनुश्रवण ताकि केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (विनियमन) अधिनियम 1995 और इसके तहत बने नियमों में निहित कार्यक्रम और विज्ञापन संहिताओं के उल्लंघन को रोका जा सके।

(ii) सभी निजी एफ एम रेडियो चैनल और

(iii) सरकार द्वारा प्रसारण क्षेत्र की सामग्री के अनुश्रवण से सम्बंधित समय-समय पर दिए जाने वाला अन्य कोई कार्य।

2005-06 में स्कीम के लिए 11.65 करोड़ रुपये का योजना बजट स्वीकृत किया गया। वर्ष 2007-08 के लिए योजना के तहत 2.90 करोड़ रुपये तथा गैर-योजना के तहत 3.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गये। 2007-08 में जैसे ही परियोजना चालू हो जाती है, निगरानी तन्त्र तथा सार्वजनिक सूचना प्रणाली को दुरुस्त किया जायेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय चैनल

अल-जज़ीरा, बीबीसी, सीएनएन आदि की तर्ज पर भारत की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एक अन्तराष्ट्रीय चैनल खोलने की आवश्यकता महसूस की गई। यह चैनल एशियाई देशों के लोगों की आकांक्षाओं और जीवन को उजागर करेगा तथा एशियाई परिप्रेक्ष्य में अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं पर नजर रखेगा। यतह चैनल पेशेवरों द्वारा चालित तथा सम्पादकीय रूप से स्वतन्त्र होगा जिसे उद्देश्यपूर्ण, जांच-पड़ताल तथा सही पत्रकारिता के सर्वश्रेष्ठ असूलों पर चलाया जायेगा।

यह एक नई योजना है। वर्ष 2007-08 में इस स्कीम के लिए 0.97 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।

सामुदायिक रेडियो

सामुदायिक रेडियो के लिए आईईसी गतिविधियां

रेडियो एक संचार माध्यम के रूप में राष्ट्र की सामाजिक सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक सशक्त संचार माध्यम के रूप में, विशेषकर भारत में जहां ग्रामीण तथा दूर-दराज के क्षेत्रों में नियमित एवं स्थाई बिजली आपूर्ति नहीं होती, लोग सूचना शिक्षा तथा मनोरंजन की जरूरतें पूरी करने के लिए रेडियो पर निर्भर करते हैं।

सामुदायिक रेडियो, जो कि सार्वजनिक सेवा प्रसारण से भिन्न है, छोटे-छोटे समुदायों को जोड़ने का काम करता है, आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरतों पर ध्यान देता है तथा स्थानीय आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करता है। इस दिशा में, यह उस समुदाय के लोगों द्वारा लोगों के लिए कार्यक्रमों का सृजन करके स्थानीय समुदाय के जीवन में योगदान देता है। इसका सबसे बढ़िया फायदा यह है कि इसे निम्न लागत, बैटरी चालित तथा मोबाइल रिसिविंग सेटों पर सुना जा सकता है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में प्राय: हर कोई आराम से खरीद सकता है।

सामुदायिक रेडियो स्थापित करने के लिए लाइसेंस देने का निर्णय आरम्भिक तौर पर सरकार ने दिसम्बर 2002 में लिया था तथा देशके विभिन्न हिस्सों में 20 सामुदायिक रेडियो स्टेशन काम कर रहे हैं।

सूचना भवन का निर्माण

सूचना भवन का निर्माण सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मुख्य परियोजनाओं में से एक है। मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाईयों के कार्यालयों के लिए पर्याप्त भवनों

के अभाव में, ऐसा निर्णय लिया गया कि मंत्रालय को विभिन्न मीडिया इकाईयों (डीजी आकाशवाणी तथा डीजी दूरदर्शन को छोड़कर) के कार्यालयों जो दिल्ली में इधर-उधर बिखरे पड़े हैं, को एक जगह चलाने के लिए अपने भवन का निर्माण करना चाहिए। योजना आयोग ने इस योजना को मंजूरी दे दी तथा इसे 5वीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया। तदनुसार योजना आयोग की स्वीकृति मिलने के बाद मंत्रालय को 1981 में 8364.3 वर्ग मीटर क्षेत्र का एक भूखण्ड आवरण संख्या 8 लोधी रोड पर आबंटित किया गया। लेकिन निर्माण कार्य 1985 में ही शुरू हो सका। वित्तीय कमी के कारण, निर्माण कार्य चरणों में चल रहा है। इस भवन का निर्माण सिविल कंसट्रक्शन विंग : आकाशवाणी द्वारा किया जा रहा है। अब तक चरण I, II, III तथा IV पूरे हो चुके हैं। इन चार चरणों के तहत केवल 38 प्रतिशत क्षेत्र (27,259 वर्गमीटर) पर ही निर्माण किया जा सका तथा शेष 62 प्रतिशत क्षेत्र (45,500 वर्गमीटर) सूचना भवन के चरण-IV योजना के तहत प्रयोग किया जायेगा। चरण-V का निर्माण कार्य अप्रैल, 2007 में आरंम्भ होगा।

आर्थिक विश्लेषण एकक (नई योजना)

अर्थव्यवस्था के अंतर्गत मनोरंजन और मीडिया क्षेत्र में 11वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2007-2012) के दौरान जबरदस्त बढ़ोतरी की उम्मीद है। बढ़ोतरी की इन संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्रों के संदर्भ में विभिन्न योजनाएं/कार्यक्रम तैयार किए हैं। निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए योजनाओं और कार्यक्रमों पर समय पर अमल सुनिश्चित करने के वास्ते दो-स्तरीय निगरानी व्यवस्था की जाएगी-यानी कार्यान्वयन एजेंसी के स्तर पर निगरानी और मंत्रालय के स्तर पर निगरानी।

वार्षिक योजना 2007-08 में यह नई योजना शुरू की गयी है, जिसके लिए 0.08 करोड़ रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गयी है।

प्रसार भारती

आकाशवाणी

प्रसार भारती के एक अभिन्न अंग के रूप में आकाशवाणी प्रसार भारती अधिनियम, 1990 के तहत उसे सौंपे गए कार्यों निरंतर निष्पादित कर रहा है। आकाशवाणी विभिन्न केन्द्रों से प्रसारित अपने कार्यक्रमों के माध्म से लोगों को सूचना, शिक्षा तथा मनोरंजन उपलब्ध कराता है। यह देश के लोगों सरकार की नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी देता है। आकाशवाणी यह कार्य ध्वनि प्रसारण के माध्यम से करता है। आकाशवाणी संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता, सामाजिक तथा आर्थिक मुद्दों, महत्वपूर्ण समाचारों और विषयगत अभिरूचि के सम-सामयिक घटनाक्रमों पर कई प्रकार के कार्यक्रमों का ध्वनि प्रसारण करता है। आकाशवाणी संतुलन तथा निष्पक्षता बनाए रखने, शिक्षा तथा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण पेश करता है।

आकाशवाणी के लिए वर्ष 2007-08 के गैर-योजना बजट के वास्ते प्रत्यक्ष बजटीय सहायता के रूप में 537.88 करोड़ रुपये रखे गए हैं। विभिन्न प्रशासनिक खर्चों को पूरा करने के लिए यह धनराशि सहायता अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई गई है। इन खर्चों का शीर्षवार विवरण अध्याय में शामिल है। योजना बजट 2007-08 के लिए प्रत्यक्ष बजटीय सहायता 78.95 करोड़ रुपये और पूंजी शीर्ष के तहत 63.30 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए है। यह धनराश मुख्यतया जम्मू-कश्मीर विशेष पैकेज के लिए है। पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेष

पैकेज, महानगरों में कर्मचारी आवासों के निर्माण तथा ग्यारहवीं योजना की कुछ स्कीमों के लिए राजस्व विविध तथा राजस्व सॉफ्टवेयर शीर्ष के तहत 15-65 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। जहां, पूंजीगत योजना स्कीमों का वित्तपोषण सरकार द्वारा प्रदत्त ऋण से किया जाता है वही राजस्व योजना स्कीमों के कोष सहायता अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाता है।

सही मायनों में एक सार्वजनिक प्रसारण के रूप में संगठन का और आगे विकास करने के लिए आकाशवाणी ने नीतिगत फैसलों के आधार पर कई कदम उठाए हैं। आम आदमी की जरूरतों और विशेष रूप से लक्षित समूहों को ध्यान में रखते हुए इन उपायों को निष्पादित किया जाता है(अध्याय-3)

वार्षिक योजना 2005-06 तथा 2006-07 (दिसम्बर 2006 तक) योजना स्कीमों का स्कीम-वार वित्तीय तथा प्रत्यक्ष निष्पादन अध्याय-4 में दर्शाया गया है। वार्षिक योजना 2005-06 के लिए स्वीकृत परिव्यय 233.65 करोड़ रुपये और व्यय 143.78 करोड़ रुपये था। इसी प्रकार, वार्षिक योजना 2006-07 का कुल परिव्यय 146.60 करोड़ रुपये और तीसरी तिमाही तक व्यय 71.24 करोड़ रुपये है।

बजट अनुमान और हाल के संशोधित अनुमान तथा मौजूदा वित्तीय वर्ष (2006 की तीसरी तिमाही तक) का शीर्षवार विवरण अध्याय-5 में दिया गया है। प्रसार भारती (आकाशवाणी) ने प्रासंगिक नियमों के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष 2005-06 में जारी सहायता अनुदान के बारे में उपयोग संबंधी प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर दिए हैं और कोई भी उपयोग संबंधी प्रमाणपत्र लंबित नहीं है। प्रसार भारती, आकाशवाणी के कार्य निष्पादन के बारे में सरकार की रिपोर्ट अध्याय-6 में दी गई है।

निगरानी प्रणाली

आकाशवाणी द्वारा प्रसार भारती को प्रस्तुत मासिक व्यय विवरणों के जरिए इसकी वार्षिक योजना स्कीमों की निगरानी कीज ाती है। यह विवरण कोष जारी करते समय प्रस्तुत किए जाते हैं। व्यय की प्रगति और मंत्रालय द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा करने के आधार पर कोष जारी किए जाते हैं। इसके अलावा, जैसा कि अपेक्षित है, निर्धारित प्रपत्र में त्रैमासिक निष्पादन रिपोर्ट योजना आयोग को प्रस्तुत की जाती है। लेकिन, वित्तीय वर्ष 2006-07 की दूसरी तिमाही के बाद से योजना आयोग ने यह व्यवस्था समाप्त कर दी है और अब से तिमाही रिपोर्ट के बजाय छमाही निष्पादन रिपोर्ट के द्वारा इसकी निगरानी की जाएगी।

योजना समन्वयन प्रकोष्ठ मासिक विवरणी के जरिए प्रसार भारती (आकाशवाणी) के वित्तीय निष्पादन के स्कीम वार विवरण की नियमित तौर पर निगरानी करता है। प्रगति पर नजर रखने के लिए सचिव (सूचना एवं प्रसारण) स्तर पर कई समीक्षा बैठकें हो चुकी हैं।

दूरदर्शन

भारत में टेलीविजन का सूत्रपात सितम्बर, 1959 में हुआ। इसके लिए परीक्षण के तौर पर दिल्ली से प्रसारण शुरू किया गया, जिसे बाद में यानि 1965 में नियमित सेवा के रूप में उन्नत बना दिया गया। दूसरे शहर (मुंबई) में टेलीविजन की शुरूआत 1972 में हुई। शुरू में टेलीविजन आकाशवाणी का एक हिस्सा था। अप्रैल, 1976 में इसे आकाशवाणी से अलग कर दिया गया और इस प्रकार दूरदर्शन अस्तित्व में आया। रंगीन टेलीविजन तथा राष्ट्रीय नेटवर्किंग की शुरूआत 1982 में हुई और तब से इसमें निरंतर प्रगति हो रही है। 23 नवंबर, 1997 को सार्वजनिक सेवा प्रसारक के रूप में प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) के अस्तित्व में आने के बाद दूरदर्शन इसका एक अभिन्न अंग बन गया। सार्वजनिक सेवा प्रसारक के रूप में निगम को सर्वसाधारण को जानकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन करने तथा रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारण में संतुलित विकास सुनिश्चित करने का अधिदेश दिया गया है। स्थलीय नेटवर्क का मौजूदा स्तर, विभिन्न क्षेत्रों जैसे समाचार चैनल, स्टूडियो, डीटीएस, डिजिटीलाइजेशन और नेटवर्किंग आदि में प्रमुख उपलब्धियां अध्याय-1 में दी गई हैं। दूरदर्शन के लिए वर्ष 2007-08 के गैर-योजना व्यय के लिए सीधा बजट समर्थन 422.90 करोड़ रुपये है जो संगठन और इसके कर्मचारियों की जरूरतों

से संबंधित व्यय को पूरा करने के लिए अनुदान सहायता के रूप में दिया गया है। इसी तरह योजना बजट के लिए सीधा बजट समर्थन 306.64 करोड़ रुपये का है जिसमें पूंजी योजना के 201.64 करोड़ रुपये और राजस्व योजना के 105.00 करोड़ रुपये शामिल हैं। पूंजी योजना के कार्यक्रम सरकार द्वारा दिए गए ऋण से और राजस्व योजना के कार्यक्रम अनुदान सहायता से चलाए जाते हैं जिससे विभिन्न कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं। 2007-08 की वार्षिक योजना की मुख्य विशेषताएं जम्मू कश्मीर स्पेशल पैकेज, पूर्वोतर क्षेत्र स्पेशल पैकेज डीटीएच एचडीटीवी, ट्रांसमिटरों का डिजिटलीकरण, कोमनवेल्थ खेल, भारतीय क्लासिक का निर्माण, उर्दू चैनल पूर्वोत्तर क्षेत्र उपग्रह सेवा आदि हैं।

दूरदर्शन ने अनेक नई पहल की हैं। इनमें मोबाइल तथा हाई डेफिनेशन टी.वी., समाचार जुटाना व्यावसायिक विज्ञापनों का स्क्रोल पूर्वोत्तर क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाएं आदि शामिल हैं।

2005-06 और 2006-07 (दिसंबर 2006 तक) की पूंजी योजनाओं के कार्यक्रमों की उपलब्धियां संबंधित अध्याय में बताई गई हैं। 2005-06 के लिए स्वीकृत वार्षिक योजना 370 करोड़ रुपये की थी जबकि खर्च 167.79 करोड़ हुआ। 2006-07 के लिए पूंजीगत योजना 87.51 करोड़ रुपये की थी जबकि तीसरी तीमाही तक खर्च 155.99 करोड़ हुआ जिसमें आई.ई.बी.आर. की रकम भी शामिल थी।

बजट अनुमानों और संशोधित अनुमानों के विवरण संबंधित अध्याय में दिए गए हैं। 2005-06 के अनुदान के लिए प्रसार भारती (दूरदर्शन ने) उपयोग प्रमाण-पत्र दे दिया है जो नियमांकूल है और कोई उपयोग प्रमाण-पत्र बकाया नहीं है।

निगरानी व्यवस्था

दूरदर्शन की वार्षिक योजना कार्यक्रमों की समीक्षा मासिक व्यय विवरणों के आधार पर की जाती है और तभी रकम जारी होती है। प्रस्तावों को व्यय में हुई प्रगति और अन्य शर्तों के पूरा होने के आधार पर स्वीकृत किया जाता है। योजना आयोग को भी कार्य निष्पादन की तिमाही रिपोर्ट भेजी जाती है। हालांकि वित्त वर्ष 2006-07 की दूसरी तिमाही के बाद, योजना आयोग के निर्देश पर, ये रिपोर्ट अब छपाही भेजी जाएगी। मंत्रालय के योजना समन्वय सेल द्वारा प्रसार भारती (दूरदर्शन) के वितीय निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाती है और इसकी मासिक रिपोर्ट सूचना और प्रसारण सचिव को भेजी जाती है। सूचना और प्रसारण सचिव ने अनेक बैठकों में प्रगति की समीक्षा की है।

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेन्ट्स इंडिया लिमिटेड

ब्रॉडकॉस्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेन्ट्स इंडिया लिमिटेड (बी.ई.सी.आई.एल.) सूचना और प्रसारण मंत्रालय एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया मानिटरिंग केंद्र के लिए टावर बनाने का कार्य चल रहा है। टावर से संबंधित कार्य में आपूर्ति एवं निजी एफ.एम. ब्रॉडकास्टर्स के लिए टावर खड़ा करना शामिल है। सरकार ने निजी एफ.एम. फेस-2 प्रारंभ कर दिया है और इसमें निजी एफ.एम. ब्रॉडकास्टर्स द्वारा बुनियादी ढ़ांचे के लिए भागीदारी की जाएगी। निजी एफ.एम. ब्रॉडकास्टर्स के लिए उन नगरों में टावर का निर्माण किया जाएगा जहां आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। टावर के प्रयोग के लिए निजी एफ एम ब्रॉडकास्टर्स के साथ भारत सरकार पट्टा करार करेंगी। भौतिक निष्पादन का आकलन टावर के समय पर पूरा हो जाने के आधार पर किया जाएगा।। परिणामी बजट में आवश्यक राशि अवशिष्ट राशि है।

इलेक्ट्रानिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र स्थापित करने का उद्देश्य निजी चैनलों द्वारा प्रसारित सामग्री को मॉनिटर करना है। सरकार इस केंद्र के जरिए प्राइवेट चैनलों द्वारा प्रसारित सामग्री की इस आधार पर मानीटर करेंगी कि क्या वह सरकार के निर्धारित नियमों/कानूनों के अंतर्गत उचित है। कार्य में देरी विभिन्न तकनीकी/प्रशासनिक कठिनाइयों के कारण आई जो बीईसीआईएल के नियंत्रण में नहीं थीं। वांछित राशि केंद्र की स्थापना के लिए है।

दोनों मामलों में जन सामान्य को सूचना देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इससे उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

अध्याय-1

अधिदेश, लक्ष्य तथा उद्देश्य, नीतिगत स्वरूप और नीति विवरण

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की स्थापना सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 (1952 का 37वां) के अंतर्गत की गयी। इसका उददेश्य सार्वजनिक प्रदर्शन की फिल्मों को प्रमाणपत्र प्रदान करना है। बोर्ड का मुख्यालय मुंबई में है और इसके क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बंगलौर, तिरुवनंतपुरम, हैदराबाद, नई दिल्ली और गुवाहाटी में है। बोर्ड के कार्य इस प्रकार हैं :

i) अप्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों को प्रमाणित करना (यू प्रमाणपत्र)।

ii) सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए व्यस्कों (यानी 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तिय) तक सीमित फिल्मों को प्रमाणित करना (ए प्रमाणपत्र)।

iii) 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के माता-पिता या अभिभावकों के लिए चेतावनी की प्रविष्टि के साथ अप्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों को प्रमाणित करना (यू ए प्रमाणपत्र)

iv) किसी व्यवसाय या व्यक्तियों के वर्ग के लिए प्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों को प्रमाणित करना (एस प्रमाणपत्र)

v) अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत बोर्ड को अधिकार दिए गए हैं कि वह फिल्मों को प्रमाणित करने से पहले उनमें संशोधन के आदेश दे सकता है।

vi) बोर्ड फिल्मों को प्रमाणित करने से पूरी तरह इंकार करने में भी सक्षम है।

सीबीएफसी की वार्षिक योजना 2007-08 में निम्नांकित कार्यक्रम शामिल हैं :

कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की स्थापना और सीबीएफसी में बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन

इस कार्यक्रम के अंतर्गत सीबीएफसी के समूचे कामकाज का कम्प्यूटरीकरण किया जाना है। इस कार्य में एलआईसी की सहायता ली जा रही है। इसके अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों को तकनीकी उपकरण प्रदान करना और सीबीएफसी में बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन शामिल है। प्रमाणन प्रक्रिया का कम्प्यूटरीकरण किया जाएगा और 9 क्षेत्रीय कार्यालयों को एलएएन के माध्यम से जोड़ा जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए टीवी, डीवीडी, और अन्य तकनीकी उपकरण भी खरीदे जायेंगे। यह कार्यक्रम फिलहाल मुंबई कार्यालय में चलाया जा रहा है। यह प्रस्ताव भी है कि सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को मुंबई से और मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय को निकनेट के जरिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय से जोड़ा जाएगा। इससे डाटा यानी आंकडों का तेजी से ट्रांसमिशन और ईमेल के जरिए पत्र व्यवहार संभव हो सकेगा। वार्षिक योजना 2007-08 में कम्प्यूटरों के रखरखाव और तत्संबंधी वार्षिक रखरखाव अनुबंध, अध्यक्ष/क्षेत्रीय अधिकारियों के लिए लैपटाप की खरीद और टीवी, डीवीडी, वीसीडी

जैसे तकनीकी उपकरणों की खरीद के प्रावधान शामिल हैं। 10वीं पंचवर्षीय योजना के लिए निर्धारित कुल 390.13 लाख रुपये के परिव्यय में से योजना के पांचवे वर्ष के लिए कम्प्यूटरीकरण कार्य और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए डीवीडी, टीवी, बीसीडी की खरीद के वास्ते 2006-07 के बजट अनुमानों में 50.13 लाख रुपये और 2006-07 के संशोधित अनुमान में 50.00 लाख रुपये आवंटित किए गए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वित्त वर्ष 2007-08 के लिए 50.00 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

नई दिल्ली, कटक और गुवाहाटी में सीबीएफसी के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना

मूल रूप से नई दिल्ली, कटक और गुवाहाटी में सीबीएफसी के क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का प्रावधान किया गया था। इस कार्यक्रम को एसएफसी की अनुमति मिलनी थी। इस कार्यक्रम का लक्ष्य दिल्ली, कटक और गुवाहाटी से संबद्ध निर्माताओं द्वारा निर्मित फिल्मों और विज्ञापनों के प्रमाणन की व्यवस्था करना है। इनमें सेलूलाइड और वीडियो दोनों ही फार्मेट में बनी फिल्में शामिल हैं। 10वीं पंचवर्षीय योजना में 97.00 लाख रुपये के आवंटन की मंजूरी दी गयी। 2006-07 के बजट अनुमानों में 24.00 लाख रुपये आवंटित किए गए, जिसे 2006-07 के संशोधित अनुमान में कम करके 10.00 लाख रुपये कर दिया गया। इसमें 5.00 लाख रुपये पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए शामिल हैं। सीबीएफसी के नई दिल्ली, कटक और गुवाहाटी कार्यालयों के संचालन के लिए कर्मचारी और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के वास्ते वर्ष 2007-08 में 50.00 लाख रुपये आवंदित करने का प्रस्ताव है।

प्रमाणन प्रक्रिया की जांच और आधुनिकीकरण

इस कार्यक्रम के अंतर्गत फिल्म प्रमाणन बोर्ड के परीक्षण अधिकारियों/बोर्ड के सदस्यों और पैनल सदस्यों की कार्यशालाओं, सेमिनार आदि की व्यवस्था का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में एक कार्यशाला, और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में एकरूपता के लिए अखिल भारतीय पैनल कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त टाटा इंस्टिट्यूट आफ सोशल साइंसिज़ आदि संगठनों के जरिए अध्ययन से जानकारी भी प्राप्त की जाएगी। देश के विभिन्न भागों में सिनेमाघरों द्वारा किए जाने वाले सेंसरशिप के उल्लंघनों की जांच करने के लिए प्राइवेट खुफिया एजेंसियों को तैनात करने की भी व्यवस्था है।10वीं पंचवर्षीय योजना में 675.00 लाख रुपये के आवंटन की मंजूरी दी गयी। 2006-07 के बजट अनुमानों में 186.00 लाख रुपये आवंटित किए गए, जिसे 2006-07 के संशोधित अनुमान में कम करके 181.00 लाख रुपये कर दिया गया। इस कार्यक्रम के लिए 2007-08 में 100.00 लाख रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव है।

क्षेत्रीय कार्यालयों में अलग डिजिटल वीडियो प्रमाणन इकाइयों की स्थापना

सीबीएफसी की उपरोक्त नई योजना के लिए इस विंग द्वारा 10 लाख रुपये के आवंटन की मांग की गयी थी, परंतु संकेत के रूप में 1 लाख रुपये के आवंटन को मंजूरी दी गयी। 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत इस कार्यक्रम के लिए 50 लाख रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। यह कार्यक्रम इसलिए प्रस्तावित किया गया है कि हाल के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण को देखते हुए सीबीएफसी और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों को केवल वीएचएस टेप की बजाय वीसीडी/डीवीडी भी खरीदने पड़ सकते हैं। प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति के साथ गति बनाये रखने को देखते हुए क्षेत्रीय कार्यालयों को अन्य फार्मेटों के साथ साथ वीसीडी प्लेयरों सहित डिजिटल वीडियो प्रमाणन इकाइयां भी अवश्य कायम करनी होंगी।

बाल फिल्म समिति, भारत

(सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत स्वायत्तशासी निकाय)

संगठन की गतिविधियां

उत्पादन एवं खरीद : समिति (बच्चों और युवाओं के लिए) फीचर फिल्में, लघु फीचर फिल्में, एनीमेसन, लघु फिल्में, कठपुतली फिल्में और टीवी धारावाहिक फिल्म और वीडियो फॉर्मेट में बनाती है। सीएफएसआई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में लोकप्रिय रही है। यह कुछ विदेशी फिल्मों के प्रदर्शन के अधिकार भी खरीदती है। ऐसी महत्वपूर्ण और समिति द्वारा निर्मित फिल्मों की विभिन्न भारतीय भाषाओं में डबिंग करके उन्हें टेलीविजन और सिनेमा हॉलों में प्रदर्शित किया जाता है ताकि वे ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंच सकें।

समिति की फिल्मों का डिजिटल रूपांतरण और इंटरनेट पर प्रसारण

(क) **डिजिटल रूपांतरण :** समिति की सभी फिल्मों (समिति द्वारा निर्मित, डब की हुई और उप-शीर्षक सहित) को अभिलेखन के उद्देश्य से डिजिटल रूप में रूपांतरित करने के लिए।

(ख) **वेब कास्टिंग :** समिति की फिल्मों (समिति द्वारा निर्मित, डब की हुई और उपशीर्षक सहित) को डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में व्यवस्थित करने और इंटरनेट/वेब पर इसे उपलब्ध कराने के लिए।

अंतराष्ट्रीय बाल फिल्म समारोहों में भागीदारी :

समिति की फिल्में विभिन्न समारोहों में प्रदर्शित और पुरस्कृत हुई हैं। इससे विदेशों में बच्चों की फिल्मों को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

एनिमेशन और फिल्म बनाने पर कार्यशालाएं : समिति फिल्म-निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की कार्यशालाएं आयोजित करती है। इनमें एनिमेशन कार्यशाला, पटकथा लेखन कार्यशाला, वीडियो कार्यशाला और फिल्म समालोचना कार्यशाला शामिल है।

अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह : समिति हर दूसरे साल प्रतियोगी बाल फिल्म समारोह आयोजित करती है। अंतर्राष्ट्रीय बाल एवं युवा फिल्म केंद्र जो कि दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों को नियंत्रित करने वाली यूनेस्को से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, ने इसे 'ए' श्रेणी में रखा है। हर दूसरे साल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह में राष्ट्रीय डिजिटल फिल्म समारोह आयोजित करने का भी प्रस्ताव है।

फिल्मों का प्रदर्शन और वितरण

1. **निजी प्रदर्शन :** कई स्कूल और व्यक्ति स्कूलों या सिनेमा हाल में 35 मि.मी./16 मि.मी. प्रोजेक्टरों के जरिए गैर-व्यावसायिक प्रदर्शनों के लिए नियत शुल्क देकर इन फिल्मों को किराए पर लेते हैं।
2. **जिला और राज्य स्तर के समारोह :** यह गतिविधि जिला प्रशासनों के साथ मिलकर की जाती है। विभिन्न प्रदेशों में कुछ जिलों को चिह्नित कर वहां मामूली

प्रवेश शुल्क पर फिल्में दिखाई जाती हैं। सरकारी निगम स्कूलों या जिला परिषद के स्कूलों में जाने वाले बच्चों को ये फिल्में देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जिला शिक्षा विभाग टिकटों को बेचने में सहयोग करते हैं। इसलिए समिति के लिए फिल्म समारोह आय का बड़ा साधन भी होते हैं।

3. **सिनेमा हाल के बाहर मुफ्त प्रदर्शन :** ग्रामीण और मनोरंजन के दूसरे साधनों से वंचित बच्चों के लिए समिति ने सरकारी स्कलों के बच्चों और आदिवासी बच्चों को मुफ्त फिल्में दिखाने की एक नई योजना शुरू की है। नेहरू युवा केंद्र संगठन जैसे गैर-सरकारी संगठनों की इसमें मदद ली जा सकती है। मुफ्त प्रदर्शनों पर होने वाला खर्च समिति, इस मद में सरकार से मिलने वाले सहायक अनुदान से पूरा करती है। इस योजना में, सुधार गृहों, अनाथालयों आदि में रहने वाले बच्चों को भी बच्चों की फिल्में देखने का मौका दिया जाता है, जो अन्यथा इसी तरह के मनोरंजन से वंचित हैं।

4. **वितरकों के जरिए प्रदर्शन :** समिति, स्कूलों और सिनेमा हालों में फिल्मों के प्रदर्शन के लिए वितरकों/ आयोजकों से भी सहयोग लेती है। एक तय मासिक शुल्क लेकर फिल्में ले लेते हैं और आवंटित इलाके में उनका प्रदर्शन करते हैं।

5. **टेलीविजन पर फिल्मों का प्रदर्शन :** समिति की फिल्में दूरदर्शन के राष्ट्रीय नेटवर्क और क्षेत्रीय चैनलों के इलावा निजी चैनलों पर भी दिखाई जाती हैं।

6. **वीडियो कैसेटों और वीसीडी की बिक्री :** समिति की फिल्मों के वीडियो कैसेट और सीडी सिर्फ निजी और सामुदायिक प्रदर्शनों के लिए बेचे जाते हैं।

7. **पूर्वोत्तर क्षेत्र और जम्मू कश्मीर में गतिविधियां :** समिति पूर्वोत्तर राज्यों सहित क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों के निर्माण और प्रदर्शन के जरिए उन्हें प्रोत्साहन देती है।

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) भारत सरकार की बहु-मीडिया विज्ञापन एजेंसी है। यह विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए जनता तक पहुंचाने का कार्य करती है। यह अनेक स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों की प्रचार आवश्यकताओं को भी पूरा करती है। समाज से संबंधित संदेशों को निचले स्तर तक पहुंचाने के लिए निम्नांकित माध्यमों का सहारा लिया जाता है :

(क) समाचार पत्रों में विज्ञापन

(ख) श्रव्य/दृश्य स्पॉट, जिंगल्स आदि

(ग) मुद्रित प्रचार, पुस्तिकाएं, ब्रोशर, पोस्टर आदि।

(घ) बाह्य मीडिया-होर्डिंग्स, वॉल पेंटिंग्स, बस पैनल, किऑस्क आदि।

(ङ) ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे मेलों आदि में महत्वपूर्ण विषयों पर फोटो प्रदर्शनियों का आयोजन।

कुल मिलाकर विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय कई वर्षों से सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है। यह आम

जनता में जागृति पैदा करने और विकास गतिविधियों में उनकी भागीदारी में सहायक सिद्ध हो रहा है। सामाजिक बुराइयों को दूर करने और गरीबी उन्मूलन में भी इस निदेशालय की अहम भूमिका है।

मुद्रित माध्यम प्रचार और श्रव्य-दृश्य प्रचार का निर्देशन भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी क्रमश: विज्ञापन नीति और श्रव्य-दृश्य नीति द्वारा किया जाता है।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय, कल्याण स्कीमों, नीतियों एवं कार्यक्रमों तथा सरकार की उपलब्धियों का 22 क्षेत्रीय केन्द्रों तथा 207 क्षेत्र प्रचार यूनिटों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करता है। क्षेत्र प्रचार निदेशालय अपनी प्रचार गतिविधियों जैसे-फिल्म शो, गीत व ड्रामा कार्यक्रम, फोटो प्रदर्शनी रैली, सामूहिक विचार-विमर्श, वादविवाद, क्विज तथा सेमीनारों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के लिए विविध फार्मेटों का उपयोग करता है। इसमें चयनित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रमवार व्यापक प्रचार किया जाता है जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। निदेशालय के निम्नलिखित कार्य/उद्देश्य हैं :

(i) सरकार के कार्यक्रमों एवं नीतियों को अपने लोगों एवं उत्पादों तथा सामग्री से आम लोगों को रूबरु कराना ताकि लोगों के लिए तैयार की गई स्कीमों एवं नीतियों की उनको जानकारी दी जा सके।

(ii) लोकतंत्र, समाजिकता तथा धर्म निरपेक्षता के संघीय राष्ट्रीय मूल्यों के बारे में लोगों को जानकारी देना और लगातार व्यक्तिगत सम्पर्क से लोगों का विश्वास उन मूल्यों पर बनाए रखना।

(iii) विकासात्मक गतिविधियों में लोगों की सक्रीय भागीदारी के लिए ग्रामीण स्तर पर लोगों के साथ अपनी साख बनाए रखना तथा कल्याण तथा विकासात्मक कार्यक्रमों के पक्ष में जनमत जुटाना।

(iv) सरकार द्वारा उचित और सुधारात्मक कारवाई करने के लिए और ग्रामीण स्तर पर उनका कार्यान्वयन करने के वास्ते सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों में जन-सूचना एकत्र करना।

फिल्म समारोह निदेशालय

निदेशालय भारत में और विदेशों में सर्वश्रेष्ठ भारतीय सिनेमा को प्रदर्शित करने के प्रयास भी करता है। निदेशालय द्वारा आयोजित फिल्म समारोह भारत और विदेश के एक जैसी सोच वाले पेशेवरों के लिए विचार विनिमय और अपने दृष्टिकोण और अवधारणों को एक दूसरे के साथ बांटने के एक मंच के रूप में काम करता है।

निदेशालय की गतिविधियां ''भारत और विदेशों में फिल्म समारोह के जरिए निर्यात संवर्धन'' योजना के माध्यम से चलाई जाती है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(क) भारत का अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह।

(ख) भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म समारोहों में भारतीय पैनोरमा फिल्मों का प्रदर्शन।

(ग) भारतीय पैनोरमा फिल्मों का चयन।

फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात संवर्धन की योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के दृष्टिकोण से निदेशालय को एक तकनीकी रूप से सुसज्जित प्रिंट यूनिट, जिसमें प्रिन्टों को लम्बी अवधि तक भंडारण में मदद करेगी, प्रदान करने के लिए एक नई योजना का भी 11वीं पंचवर्षीय योजना में प्रावधान है।

इसके अलावा सीरी फोर्ट फिल्म समारोह परिसर के रख-रखाव तथा देखभाल की जिम्मेदारी भी निदेशालय की है। सुविधाओं में सुधार/परिसरकी मरम्मत ''फिल्म समारोह परिसर-संवर्धन तथा बदलाव'' नामक कार्ययोजना के तहत किया जाता है।

फिल्म प्रभाग

फिल्म प्रभाग की जिम्मेदारी भारत सरकार की जरूरतों के अनुसार सार्वजनिक सूचना, शिक्षा, संप्रेरणा एवं शैक्षिक तथा सांस्कृतिक प्रयोजनों के लिए वृत्तचित्रों, एनीमेशन, लघु तथा कार्टून फिल्मों का उत्पादन एवं वितरण करना है। इसका मुख्यालय मुंबई में है। परिवार कल्याण, रक्षा मंत्रालय एवं अन्य सरकारी संगठनों द्वारा प्रायोजित काम के लिए एक यूनिट नई दिल्ली में भी स्थित है। इसके अलावा, बंगलौर और कोलकाता में एक-एक क्षेत्रीय केंद्र खुले हुए हैं। जिनमें लोक कथाओं पर आधारित मनोरंजन प्रधान फिल्में/वीडियो फिल्में तैयार की जाती हैं। विशेष और सांस्कृतिक प्रकार के आयोजनों को फिल्मांकित करने के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों की राजधानियों में 14 मुख्य कैमरामैन और दो सहायक कैमरामैन तैनात हैं। फिल्म वितरण का काम 10 शाखा कार्यालयों के जरिए किया जाता है। महाराष्ट्र सरकार एवं फिल्मी संस्थाओं के सहयोग से फिल्म प्रभाग द्विवार्षिक अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह आयोजित करता है। ऐसा पिछला समारोह 3 से 9 फरवरी 2006 को हुआ। दसवां मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह फरवरी 2008 में किए जाने का प्रस्ताव है।

2006-07 के दौरान (दिसंबर 2006 तक) फिल्म प्रभाग ने रु. 427.37 लाख का राजस्व इकट्ठा किया। यह इसके गैर-योजना परिव्यय के 50% के बराबर है। 2005-06 में कुल रु. 875.72 लाख रुपए की वास्तविक प्राप्ति हुई थी।

भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी

10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सूचना और प्रसारण मंत्रालय का फिल्म स्कन्ध मुख्य सचिवालय में "भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी'' नाम का कार्यक्रम लागू कर रहा है। अब इस कार्यक्रम को "फिल्मों का निर्यात और विपणन'' नाम के एक अन्य कार्यक्रम का घटक बना दिया गया है। "भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी'' घटक का कामकाज मंत्रालय के मुख्य सचिवालय द्वारा संचालित किया जा रहा है, जबकि ''भारत और विदेश में फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात संबर्द्धन'' घटक डीएफएफ द्वारा लागू किया जा रहा है। इन दोनों कार्यक्रमो का विलय योजना आयोग की सलाह पर किया गया।

2. "भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी'' घटक के कार्यान्वयन का प्रयोजन भारतीय फिल्मों की पहुंच को वैश्विक आधार प्रदान करना है। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म बाजारों में भारतीय फिल्मों की भागीदारी से उनके परिचय को बढ़ावा मिलता है और फिल्मों की उपलब्धता की जानकारी प्रचारित होती है। निर्यात की संभावनाएं बढ़ाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म बाजारों में भागीदारी के जरिए हमें अन्य देशों में अपनी फिल्में प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इन बाजारों में केन्स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह और बाजार, बर्लिन फिल्म समारोह और अमरीकन फिल्म बाजार-लॉस ऐंजेल्स, आदि शामिल हैं। भारत में हर वर्ष

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के साथ फिल्म बाजार का भी आयोजन किया जाता है। इन बाजारों में भागीदारी की संभावनाओं का आकलन वार्षिक आधार पर किया जाता है और यह भिन्न-भिन्न वर्षों के लिए अलग-अलग हो सकता है। उपरोक्त कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए सरकार की प्रशासनिक मंजूरी एसएफसी द्वारा इस कार्यक्रम पर विचार करने के बाद 10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान दी गयी थी। इसके लिए 500 लाख रुपये का प्रावधान किया गया था।

3. वर्ष 2007-08 के लिए इस योजना के अंतर्गत बजट अनुमान के रूप में योजना आयोग द्वारा 220 लाख रुपये मंजूर किए गए थे। मंत्रालय ने 16 फरवरी, 2007 को जर्मनी के साथ संयुक्त रूप से दृश्य-श्रव्य कार्यक्रम बनाने के बारे में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

ऐनीमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना संबंधी नया कार्यक्रम

भारत में फिल्म उद्योग डिजिटल प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल और डिजिटल विषयवस्तु तैयार करने में अधिकाधिक हिस्सा ले रहा है। विशेष प्रभाव और दृश्य प्रभाव क्षेत्रों के तीव्र विकास और साथ में गेमिंग और ऐनीमेशन जैसे डिजिटल विषयवस्तु उद्योगों की पहचान देश में बढ़ोतरी क्षेत्रों के रूप में की गयी है। इस बारे में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव को प्रस्तुत की गयी उप समूह की रिपोर्ट में उपरोक्त क्षेत्र के लिए एक नीतिगत वातावरण विकसित किया गया है। किंतु इस क्षेत्र को कार्मिकों के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। ऐनीमेशन, गेमिंग और दृश्य प्रभाव क्षेत्र के विकास और प्रोत्साहन के लिए निजी-सरकारी भागीदारी में ऐनीमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभाव क्षेत्र उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव है ताकि इस उच्च प्रौद्योगिकी विषयवस्तु उद्योग में प्रशिक्षित कार्मिकों की कमी दूर की जा सके। 11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए कुल 75 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है, यानी समूची योजना अवधि में हर वर्ष 15 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। वार्षिक योजना 2007-08 के लिए सांकेतिक प्रावधान के रूप में 10 लाख रुपये रखे गए हैं।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

इस संस्थान की स्थापना 1960 में फिल्म निर्माण कला और तकनीक में प्रशिक्षण के लिए की गई थी। 1974 से इसने दूरदर्शन कर्मचारियों को फिल्म निर्माण में प्रशिक्षित करना शुरू किया और इसका नाम भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान कर दिया गया। यह अपने ढंग का अग्रणी संस्थान है और फिल्म निर्माण एवं टेलीविजन प्रशिक्षण की पूरी जिम्मेदारी संभाले हुए है।

शैक्षिक गतिविधियां

संस्थान द्वारा संचालित शैक्षिक पाठयक्रम

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
अ.फिल्म एवं टेलीविजन में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा		
1.	निर्देशन	35
2.	सिनेमाटोग्राफी	32
3.	संपादन	32
4.	आडियोग्राफी	24

ब : दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम		
1.	अभिनय	40
2.	कला निर्देशन एवं प्रोडक्शन डिजाइन	24
स. 1/2 वर्षीय पाठयक्रम		
	एनीमेशन एवं कंप्यूटर ग्राफिक्स में प्रमाणपत्र	24
द: टेलीविजन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र		
1.	निर्देशन	10
2.	इलेक्ट्रानिक सिनेमाटोग्राफी	10
3.	वीडियो संपादन	10
4.	आडियोग्राफी एवं टी.वी. इंजीनियरी	-
य. कथाचित्र पटकथा लेखन एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठक्रम		**12**
	योग	**253**

लघु-अवधि पाठयक्रम

एफ टी आई आई कार्यरत व्यावसायिकों और अन्य लोगों के लिए कम अवधि के पाठयक्रम आयोजित करता है।

योजना कार्यक्रम

योजना शीर्ष के अंतर्गत आने वाली निधियों का मूल उद्देश्य प्रशिक्षण सुविधाओं एव तरीकों का आधुनिकीकरण एवं संवर्धन करना है ताकि जनशक्ति को प्रशिक्षित किया जा सके, मूल सुविधा के साथ उपलब्ध सुविधाएं विकसित की जा सकें। राजस्व अर्जित करने के लिए बाहरी फिल्म निर्माताओं को सुविधाएं उपलब्ध कराना भी एक कार्यक्रम है ताकि संस्थान को स्वावलंबी बनाया जा सके।

ग्यारहवीं योजना के लिए निम्नलिखित तीन स्कीमों का प्रस्ताव किया गया है।

क. चल रही स्कीमें

1) एफ टी आई आई, पुणे का समुन्नयन एवं आधुनिकीकरण

- मशीनें एवं उपकरण

- भवन निर्माण एवं विद्युत कार्य
- एफटी आई आई, पुणे का आधुनिकीकरण एवं कंप्यूटरीकरण

2) एफ टी आई आई, पुणे का मानव संसाधन विकास

- सामुदायिक रेडियो की स्थापना
- कैप्टिव टी वी चैनल की स्थापना
- छात्रों आदि के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ आदान-प्रदान कार्यक्रम

ख. नई स्कीम

ग्लोबल फिल्म स्कूल (नया)

1. एफ टीआई आई, पुणे का समुन्नयन एवं आधुनिकीकरण

इस स्कीम का वांछित उद्देश्य मूल सुविधाओं में कमियों को दूर करना और वर्तमान सुविधाओं को उद्योग की आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप बनाना है। इससे संस्थान के छात्रों और प्रशिक्षार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

2. एफ टी आई आई, पुणे का मानव संसाधन विकास

यह योजना मानव संसाधन विकास के साथ जुड़ी हुई है। कुछ शुरुआती प्रयास किए जा चुके हैं जिनसे संस्थान के छात्रों और शिक्षको को लाभ हुआ है। इस योजना के कुछ तत्वों को फिर से संयोजित करने की जरूरत पड़ सकती है और इसे जारी रखना जरूरी है।

ख. नई स्कीम

ग्लोबल फिल्म स्कूल (नया)

अगले वर्ष के दौरान विभिन्न अवधि के और नए पाठयक्रम शुरू करने और संस्थान को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है। इन पाठयक्रमों के लिए यह संस्थान अन्य विश्वविद्यालयों और फिल्म संस्थानों के साथ सहयोग करेगा। उनके साथ सहयोग छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान कार्यक्रम, छात्रों के लिए क्रेडिट ट्रांसफर और संयुक्त डिग्री कार्यक्रम के रूप में होंगे। एफटीआईआई हर प्रकार की इंटरनेट टेक्नालाजी से लाभान्वित होने की कोशिश कर रहा है ताकि देश-विदेश से संपर्क हो सके और ऐसा करके इसे सही अर्थ में एक ग्लोबल फिल्म स्कूल बनाया जा सके।

सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

फिल्म तथा टेलीविजन कार्यक्रमों की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित मानवशक्ति के अभाव को सदैव सम्बद्ध उद्योगों द्वारा महसूस किया जाता रहा है। फिल्म तथा टेलीविजन कार्यक्रमों की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित मानवशक्ति उपलब्ध कराने के मकसद से भारत सरकार ने एक स्वायत्त शैक्षणिक संस्थान के रूप में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन कोलकाता के सत्यजीत रे फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान की स्थापना की थी और इसे पश्चिम बंगाल सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत करवाया था। कोलकाता में यह संस्थान खासकर पूर्वी तथा उत्तर-पूर्वी भारत के लिए फिल्म तथा टेलीविजन कार्यक्रमों के बारे में प्रशिक्षण देने के लिए स्थापित किया गया था।

संस्थान का मूल उद्देश्य छात्रों के लिए फिल्म और टेलीविजन के बारे में विभिन्न कोर्स चलाना है। प्रति वर्ष यहां से लगभग 40 छात्र निकलते हैं। मुख्य उद्देश्य फिल्म तथा टेलीविजन उद्योग दोनों ही के लिए प्रशिक्षित मानवशक्ति उपलब्ध कराना है। कोलकाता का सत्यजीत रे फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान मानव संसाधनों के विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्तर का दूसरा संस्थान है। यह संस्थान, निर्देशन और पटकथा लेखन, चलचित्रिकी छायांकन, सम्पादन और ध्वन्यांकन में तीन साल का स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स कराता है। इनमें से प्रत्येक शाखा में दस-दस छात्र लिए जाते हैं। फिल्म तथा टेलीविजन से जुड़े अन्य क्षेत्रों में बुनियादी डिप्लोमा कोर्सों के अतिरिक्त समाजशास्त्र, संस्कृति और फिल्म तथा टेलीविजन टेक्नोलाजी के बारे में अनुसंधान और खोजी अध्ययनों पर भी यह संस्थान ध्यान देता है।

विभागानुसार छात्रों की वर्तमान संख्या निम्न तालिका में दर्शाई गई है।

क्रमांक	कोर्स	छात्रों की वर्तमान संख्या
(क)	फिल्म तथा टेलीविजन में तीन साल का स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स	
1	निर्देशन	20
2	छायांकन	19
3	सम्पादन	19
4	ध्वन्यांकन	13
	कुल	71

बुनियादी डिप्लोमा कोर्सों के अलावा संस्थान, विभिन्न संगठनों और फिल्म उद्योग की मांग पर विभिन्न अल्पावधि कोर्स और विभिन्न प्रोजेक्ट कराता है।

योजना कार्यक्रम

आरम्भ में कोर्सों को चलाने के लिए संस्थान में जो बुनियादी ढांचा तैयार किया गया था, वह केवल एक ही बैच के लिहाज से था। धीरे-धीरे और बैच आते गए लेकिन बुनियादी ढांचे में अधिक वृद्धि नहीं की गई जिसका परिणाम यह हुआ है कि संस्थान को एकसाथ तीन बैच चलाने के लिए बुनियादी ढांचे तथा मानवशक्ति की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। अपर्याप्त ढांचे और मानवशक्ति के परिणामस्वरूप शैक्षणिक समय-सारणी में विलम्ब हो रहा है और छात्रों में बार-बार असंतोष फैलता है। दरअसल अपर्याप्त मानवशक्ति और बुनियादी ढांचे की मदद के बिना संस्थान की स्थापना का उद्देश्य ही गड़बड़ा गया है और विफल हो गया है।

संस्थान 10वीं योजनावधि और 11वी पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान अपनी चालू योजनाओं को जारी रखेगा। प्रत्येक योजना के परिणामों के बारे में संक्षेप में नीचे दिया गया है।

अधिक विषयों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संस्थान ने बुनियादी ढांचे और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर निम्नलिखित नए कोर्सों का प्रस्ताव किया है।

(1) ऐनीमेशन और इलेक्ट्रानिक इमेजिंग विभाग

(2) फिल्म तथा टेलीविजन में कार्यक्रम प्रबंध विभाग

11वीं पंचवर्षीय योजना में निम्नलिखित स्कीमों का प्रस्ताव है।

क्रमांक	स्कीम/प्रोजेक्ट का नाम
क	नई स्कीम
1	ऐनीमेशन और इलेक्ट्रानिक इमेजिंग विभाग
2	फिल्म तथा टेलीविजन में कार्यक्रम प्रबंध विभाग
3	छात्रवृत्ति, छात्र/संकाय विनिमय कार्यक्रम
ख	निरंतर स्कीम
1	प्रशिक्षण तथा कौशल विकास
2	मानव संसाधन विकास पहलु/छात्रवृत्ति/विनिमय कार्यक्रम
3	कम्प्यूटरीकरण और आधुनिकीकरण

जारी कार्यक्रम

सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना

प्रस्तावित सामुदायिक रेडियो स्टेशन की अवधारणा में संस्थान में एफएम पर आधारित एक रेडियो स्टेशन खोलने का सोचा गया है ताकि छात्रों को आन-लाइन प्रसारण में व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) अनुभव प्राप्त हो सके। एफएम चैनलों की बढ़ती लोकप्रियता से पता चलता है कि जन शिक्षा और मनोरंजन के तथा स्थानीय हितों और स्वरूप के अनुकूल बनाए जाने वाले कारगर प्रचार माध्यम के रूप में स्थानीय प्रसारण प्रणालियों के परिचालन के लिए उत्साहवर्द्धक माहौल मौजूद है। अपने मौजूदा बुनियादी ढांचे तथा युवा और ऊर्जावान छात्र संसाधनों के बल पर सत्यजीत रे फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना और परिचालन के लिए सर्वथा उपयुक्त है तथा यह उसे सफलतापूर्वक चला सकता है। इस प्रोजेक्ट को निम्नलिखित बातों से बल मिलता है:

- आन-लाइन प्रसारण परिचालन में व्यावहारिक अनुभव।
- अत्यावश्यक मुद्दों के बारे में सूचना के कारगर प्रसार की कला में व्यावहारिक प्रशिक्षण।
- छात्रों के फालतू समय के लिए एक रचनात्मक आफ-लाइन गतिविधि का विकास।
- उपलब्ध बुनियादी ढांचे और संसाधनों का अधिकतम उपयोग।

अनिवार्यतया इस स्कीम का उद्देश्य संस्थान में प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करना है जिससे कि छात्रों को रोजगार की बेहतर संभावनाएं मिल सकें और क्षेत्र में वे उत्कृष्टता हासिल कर सकें। वैसे, इसे प्रोजेक्ट के सुगठित हो जाने के बाद सम्बद्ध सरकारी विभागों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों आदि से प्रायोजकों के मिलने की संभावना है जिससे तैयार किए जाने वाले टेलीविजन कार्यक्रमों की निर्माण लागत पूरी तरह से या आंशिक तौर पर निकल आएगी।

कैप्टिव टीवी साफ्टवेयर निर्माण केंद्र की स्थापना

कैप्टिव टीवी साफ्टवेयर निर्माण केंद्र की स्थापना का उद्देश्य स्थानीय स्तरों पर विशेष दर्शक-वर्ग को ध्यान में रखकर दूरदर्शन द्वारा हाल ही में शुरू किए गए नए अपने टेलीविजन (नैरो कास्टिंग) प्रयोग के लिए फीडर आधार तैयार करना है। इस प्रोजेक्ट का अंतर्निहित उद्देश्य आन-लाइन प्रसारण की कला और तकनीक तथा छात्रों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के मूल्य-वर्द्धन के रूप में उनके लिए व्यावहारिक अनुभव की व्यवस्था करना है। इसमें अनिवार्यतया निम्न शक्ति/उच्च शक्ति ट्रांसफार्मरों के माध्यम से प्राप्त किए जाने वाले दैनिक/साप्ताहिक स्लॉट्स के लिए छात्रों और संकाय द्वारा समय-सारणी के मुताबिक विशेष टेलीविजन साटवेयर तैयार करना शामिल है। ये कार्यक्रम मुख्यतया परिवार कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा के सामाजिक मुद्दों और स्थानीय रुचियों के अनुसार विशेष मनोरंजन से सम्बंधित होंगे।

जिम्मेदार फिल्म निर्माण के संदर्भ में प्रशिक्षण और कौशल विकास

संस्थान द्वारा फिल्म क्षेत्र के 120 प्रतिभाशाली युवा उम्मीदवारों के लिए तीन साल का एक फिल्म तथा टेलीविजन डिप्लोमा कोर्स चलाया जाता है। इन उम्मीदवारों का चयन एक देशव्यापी परीक्षा से किया जाता है। इस प्रोजेक्ट में फिल्म तथा टेलीविजन क्षेत्र के युवा छात्रों को संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण बहु-प्रतीक्षित

मूल्य-वर्द्धन का अनिवार्य रूप से समावेश करने पर जोर दिया जाता है। इस योजना के तहत प्रस्तावित तत्वों को संस्थान की मौजूदा प्रशिक्षण गतिविधियों की पूर्ति करना है ताकि उद्योग की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करने वाले संस्थान के युवा छात्रों की मदद की जा सके।

कम्प्यूटरीकरण, आधुनिकीकरण और मानव संसाधनों सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था

संस्थान का मूल उद्देश्य फिल्म तथा टेलीविजन के बारे में विभिन्न कोर्सों में प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि फिल्म और टेलीविजन दोनों ही माध्यमों के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार किए जा सकें। वर्तमान में संस्थान द्वारा निर्देशन और पटकथा लेखन, सम्पादन, ध्वन्यांकन और चलचित्रि की छायांकन के चार विषयों में तीन साल के स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स कराए जा रहे हैं। आरम्भ में कोर्सों को चलाने के लिए संस्थान में जो बुनियादी ढांचा तैयार किया गया था, वह केवल एक ही बैच के लिहाज से था। धीरे-धीरे और बैच आते गए लेकिन बुनियादी ढांचे में अधिक वृद्धि नहीं की गई जिसका परिणाम यह हुआ है कि संस्थान को एक साथ तीन बैच चलाने के लिए बुनियादी ढांचे तथा मानवशक्ति की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है।

नये कार्यक्रम

ऐनीमेशन और इलेक्ट्रानिक इमेजिंग विभाग

पिछले कुछ सालों में दृश्य-श्रव्य कार्यक्रमों के निर्माण की दुनिया में जबरदस्त परिवर्तन आया है। एक प्रमुख क्षेत्र जिसमें उल्लेखनीय विकास हुआ है, वह ऐनीमेशन और मल्टी-मीडिया प्रयोगों का है। एनीमेशन की लोकप्रियता और संभावनाओं के बारे में हर कोई जानता है और इस बारे में अलग से कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। वैब से जुड़े प्रयोगों और ऐनीमेशन फिल्मों के साथ-साथ मल्टी-मीडिया सीडी-रोम्स/गेम्स का एक विशाल गतिशील और संभावनाओं से भरा बाज़ार मौजूद है। अगले कुछ सालों में भारत ऐनीमेशन से जुड़े काम के लिए एक प्रमुख केंद्र बन जाएगा। इन गतिविधियों में मदद करने वाले प्रशिक्षित मानव संसाधन की भारी मांग है। इस प्रकार दृश्य-श्रव्य कला के बदलते परिवेश के साथ कदम से कदम मिला कर चलने के लिए इस कोर्स को चलाने का यह सही समय है।

बदलते रुझानों और इस क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधनों की कमी को ध्यान में रखते हुए, संस्थान में अध्ययन की एक नई शाखा जोड़ना वक्त की मांग है। इसीलिए संस्थान ने 'ऐनीमेशन और इलेक्ट्रानिक इमेजिंग' में दो साल का एक स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स आरम्भ करने का प्रस्ताव किया है जिसमें प्रत्येक बैच में 10-10 छात्रों को लेने का प्रस्ताव है। अगर इस स्कीम को मान लिया गया और मंजूरी प्रदान कर दी गई तो फिलहाल यह कोर्स योजनावधि के चौथे साल से शुरू किया जाएगा, जिसके लिए वांछित बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा तथा लोगों की भर्ती की जाएगी।

फिल्म तथा टेलीविजन कार्यक्रम प्रबंध विभाग

दृश्य-श्रव्य मीडिया, एक बहु-शाखीय मीडिया है और वह भी व्यापक विविधताओं को लिए। एक सफल कार्यक्रम के निर्माण के लिए सभी विविधताओं को एक व्यवस्थित और किफायती एकजुटता में बांधना जरूरी है। इसमें कुशल और पेशेवर प्रबंध को लाने के लिए मीडिया के कार्यकलापों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले योग्याता प्राप्त प्रबंधकों का होना अनिवार्य है। ये प्रबंधक व्यापार से जुड़ा अनुशासन और पारदर्शिता लाने में कामयाब हो सकेंगे जिससे कार्यक्रम निर्माण आर्थिक दृष्टि से व्यावहारिक और विश्वसनीय बन सकेगा। आज विशेषज्ञता में बारीकी का युग है, इसलिए उद्योग की जरूरतों के अनुसार मानव संसाधनों को प्रशिक्षित और प्रयोग करना जरूरी हो गया है।

फिल्म तथा टेलीविजन निर्माण प्रबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधनों की बढ़ती मांग को देखते हुए, संस्थान का फिल्म तथा टेलीविजन निर्माण प्रबंध में दो साल का एक स्नातकोत्तर कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव है। इस कोर्स के प्रत्येक बैच में 10-10 छात्र लिए जा सकेंगे।

छात्रवृत्तियां, छात्र/संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रम

इस स्कीम में संस्थान के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए एक आधार तैयार करने का प्रावधान है ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों/मंचों के अनुभवों और विदेशों में प्रतिष्ठित फिल्म स्कूलों के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से उभरती नई फिल्म प्रौद्योगिकियों और तकनीकों के बारे में परिचित हो सकें। आज की तेजी से बदलती हुई दृश्य-श्रव्य प्रौद्योगिकी में पारंगत होने के लिए अपने युवा फिल्मी पेशेवरों को अनुभव दिलाने की उभरती जरूरत से इस स्कीम को मजबूती मिलती है।

अलग-थलग पड़ जाने और नवीनतम टेक्नोलाजी के मामले में पिछड़ जाने के खतरे से बचने के लिए बाहरी दुनिया के साथ परस्पर वार्तालाप से विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान तथा नए कौशल सीखने से मदद मिलेगी। इस स्कीम से संकाय सदस्यों को भी शिक्षा और फिल्म तथा टेलीविजन के प्रशिक्षण के क्षेत्रों में बदलते रुझानों को समझने में मदद मिलेगी। इस स्कीम में प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्तियां और विदेशी उद्योग तथा फिल्म संस्थानों के साथ आदान-प्रदान कार्यक्रमों को भी शामिल किया गया है।

गैर-योजना

संस्थान का मुख्य उद्देश्य फिल्म तथा टेलीविजन उद्योग दोनों ही के लिए प्रशिक्षित मानवशक्ति उपलब्ध कराना है। संस्थान द्वारा निर्देशन और पटकथा लेखन, चलचित्रि की छायांकन, सम्पादन और ध्वन्यांकन में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। संस्थान के कोर्सों में कुल क्षमता 120 छात्रों की है जो एक साथ चलने वाले तीन कोर्सों में बंटी हुई है। कोर्स चलाने के लिए नियमित रूप से निरंतरता, मिस-ऐन-सीन, विज्ञापन-प्रोमो, वृत्तचित्र, प्ले बैक तथा डिप्लोमा फिल्में आदि आयोजित किए जाते हैं। कक्षाओं में की जाने वाली पढ़ाई के पूरक के रूप में प्रख्यात फिल्मी हस्तियों द्वारा विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। फिल्म निर्माण के आधुनिक रुझानों और तकनीकों को बेहतर ढंग से समझाने के लिए स्वदेशी और विदेशी फिल्मों का नियमित प्रदर्शन भी किया जाता है। अंतिम वर्ष के 35 छात्र अपने अंतिम प्रोजेक्ट पूरे करेंगे। निर्धारित अवधि के दौरान 30 मिनट की अवधि की 10 लघु फिल्में बनाई जाएंगी। जूनियर बैच निर्धारित समयसारणी के अनुसार अध्ययन के अपने कोर्स पूरे करेंगे। निर्धारित अवधि में छात्रों के नए बैच के लिए दाखिले किए जाएंगे।

भारतीय जनसंचार संस्थान

संगठन और परिचय

भारतीय जनसंचार संस्थान की स्थापना परामर्श, प्रशिक्षण, शोध और विकास, खासकर राष्ट्रीय आर्थिक तथा सामाजिक विकास की सहायता में जनसंचार के उपयोग हेतु दायित्वों को पूरा करने के लिए "जनसंचार में एक आधुनिक केंद्र" के रूप में 1965 में की गई थी। संस्थान प्रशिक्षण और शिक्षण कार्यक्रमों को चलाता है, शोध के फ्रेमवर्क का विकास करता है और एक ऐसे सूचना ढांचे के निर्माण में योगदान करता है, जो न केवल भारत के लिए बल्कि सभी विकासशील देशों के लिए अनुकूल

हो। यह देश में अन्य संस्थानों को विशेषज्ञता और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है तथा विदेश स्थित संस्थानों के साथ सहयोग करता है।

2. संस्थान की गतिविधियां तीन प्रमुख क्षेत्रों जैसे - शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान पर केंद्रित हैं। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए संस्थान निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का संचालन करता है:

1. भारतीय सूचना सेवा (ग्रुप ए) के अधिकारियों के लिए अनुकूलन पाठ्यक्रम;
2. नई दिल्ली और ढेंकनाल (उड़ीसा) में अंग्रेजी में पत्रकारिता का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम;
3. हिंदी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम;
4. विज्ञापन और जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम;
5. रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम;
6. उड़िया पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम; तथा
7. विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम।

क्रम संख्या-7 का पाठ्यक्रम तीसरी दुनिया के देशों के लिए है और अफ्रीका, एशिया तथा लातिन अमरीका के मध्य स्तरीय कार्यकारी पत्रकार इस पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए इच्छुक रहते हैं। इस पाठ्यक्रम के प्रत्येक कोर्स में औसतन 20-25 पत्रकारों को प्रवेश दिया जाता है।

3. संस्थान, भारतीय सूचना सेवा फाउंडेशन कोर्स और लघु पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं, सम्मेलन तथा संगोष्ठियों का आयोजन भी करता है।

आईआईएमसी ने "अपना रेडियो एफएम 96.9 मेगाहर्ट्ज" के नाम से एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना की है जिसका उद्घाटन 9 सितंबर 2005 को हुआ था। सामुदायिक रेडियो छात्रों को जन सेवा प्रसारण में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में एक विशेष साधन मुहैया कराता है।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

विश्व भर में कलाकृतियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों के रूप में फिल्मों को संरक्षित करने की आवश्यकता महसूस की गई है। सिनेमा को उसकी सभी विविधतापूर्ण अभिव्यक्तियों और स्वरूपों के साथ संरक्षित कने का दायित्व किसी ऐसे राष्ट्रीय संगठन को दिया जाता है जिसके पास पर्याप्त संसाधन, एक स्थाई व्यवस्था और फिल्म उद्योग का भरोसा हो। इस प्रकार फरवरी 1964 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वतंत्र प्रचार माध्यम इकाई के रूप में भारत के राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय की स्थापना हुई।

यह संग्रहालय सरकार के इस बोध का परिणाम है कि फिल्में भी पुस्तकों तथा अन्य ऐतिहासिक दस्तावेजों की भांति बहुमूल्य होती हैं और देश की फिल्म विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोकर रखना जरूरी है।

भारत के राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय सिनेमा, सर्वश्रेष्ठ विश्व सिनेमा की प्राप्ति और संरक्षण, फिल्म वर्गीकरण, प्रलेखन और शोध तथा फिल्म छात्रवृत्तियों और देश में फिल्म संस्कृति को बढ़ावा देना है।

एनएफएआई अपनी कार्यप्रणाली और उद्देश्यों की वजह से केवल मात्र एक सरकारी संगठन ही नहीं है बल्कि अपनी निश्चित अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के साथ एक राष्ट्रीय संगठन के रूप में बहुत महत्वपूर्ण कार्य करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अन्य मीडिया इकाइयों की श्रेणी में आता है।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड

परिचय

देश में भारतीय फिल्म उद्योग के बेहतर सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड की स्थापना पर केंद्रीय ऐजेंसी के रूप में की गई। एन..एफ.डी.सी. का मुख्य कार्य भारतीय फिल्म उद्योग के समेकित और कुशल विकास की योजना बनाना, उसे प्रोत्साहित करना और उसका संचालन करना है।

उद्देश्य

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम कम बजट वाली, परंतु उच्चस्तरीय विषयवस्तु और निर्माण मूल्यों वाली फिल्मों की अवधारणा को प्रोत्साहन देता है। निगम ने युवा प्रतिभाशाली फिल्म निर्माताओं को कई वर्षों से अपनी कला का जौहर दिखाने के लिए मंच प्रदान किया है। निगम द्वारा वित्तपोषित/निर्मित फिल्मों और उनसे जुड़े कलाकारों ने अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। एनएफडीसी (पूर्ववर्ती फिल्म वित्तपोषण निगम सहित) ने अब तक 15 भारतीय भाषाओं में 315 के करीब फिल्मों का निर्माण/वित्तपोषण किया है। भारतीय फिल्म उद्योग में कई भाषाओं में फिल्मों का निर्माण किया जाता है तथा एन.एफ.डी.सी. ही एकमात्र ऐसी फिल्म निर्माण संस्था है जो विभिन्न भाषाओं में फिल्म निर्माण करती है।

मिशन

उत्कृष्ट फिल्मों के निर्माण तथा आडियो-विजुअल मीडिया (दृश्य श्रव्य प्रचार माध्यम) के माध्यम से संस्कृति व परस्पर समझदारी को बढ़ावा देने में अग्रणी नेतृत्व प्रदान करना।

संगठन

इस निगम की प्रचालनात्मक संरचना ज्ञापन एवं आर्टिकल आफ एसोशिएशन के अनुरूप है, निदेशक मण्डल प्राथमिक रूप से उत्तरदायी निकाय है जो कार्यनीति संबंधी निर्देश तैयार करता है तथा इस निगम की कार्यप्रणाली पर नजर रखता है।

ज्ञापन तथा आर्टिकल आफ एसोशिएशन के अनुसार निदेशकों की संख्या 15 से अधिक तथा 5 से कम नहीं होनी चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सहित सभी निदेशक भारत के राष्ट्रपति नियुक्त किए जाते हैं।

गतिविधियां/कार्य

एन.एफ.डी.सी. का उद्देश्य निम्न के माध्यम से अपने उद्देश्य प्राप्त करना है -

(i)) अपनी फिल्मों का निर्माण, सह-निर्माण तथा सहायता स्कीम

(ii) मेट्रो केंद्रों में प्रदर्शनी के लिए अपनी आधारभूत सुविधा का विकास करना

(iii) तकनीकी योजनाओं का आधुनिकीकरण एवं हस्तांतरण और नई परियोजना शुरू करना।

(iv) विदेशों में भारतीय फिल्मों को बढ़ावा दने के लिए बाजार की आधारभूत सुविधा सृजित करना।

कर्मचारी

निगम में कर्मचारियों की वर्तमान संख्या 217 है।

स्थान

इस निगम का मुख्यालय मुम्बई में है तथा इसके क्षेत्रीय कार्यालय चेन्नई, नई दिल्ली और कोलकाता में है। इसके शाखा कार्यालय तिरुवनन्तपुरम, बंगलौर तथा हैदराबाद में हैं। इस प्रकार इस निगम का नेटवर्क सम्पूर्ण देश में चारों ओर फैला हुआ है जो समग्र रूप से भारतीय फिल्म उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

पत्र सूचना कार्यालय

1. पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार की उन प्रमुख एजेंसियों में से एक है जिनका काम नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों के बारे में सूचनाएं उपलब्ध कराना है। वर्तमान में इसके आठ क्षेत्रीय कार्यालय हैं जो कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, भोपाल, चंडीगढ़, गुवाहाटी, लखनऊ और हैदराबाद में स्थित हैं। इसके 26 शाखा कार्यालय, 5 कार्यालय - सह-सूचना केंद्र और दो सूचना केंद्र हैं जो देश भर में फैले हुए हैं। इन स्थानों से अनेक पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं और नित्य प्रति बड़ी संख्या में पत्रकार वहां आते रहते हैं। कभी-कभी अति विशिष्ट व्यक्तियों/मंत्रियों/कार्यक्रमों आदि के बारे में जानकारी देनी होती है, ऐसी हालत में ये कार्यालय बहुत सहायक सिद्ध होते हैं।

2. पिछले कुछ वर्षों के दौरान समाचार जगत में दो बड़े घटनाक्रम हुए हैं, - प्रथम, इंटरनेट के बहुत बड़े पैमाने पर विस्तार और दूसरे-चौबीसों घंटे चलने वाले न्यूज चैनलों का अभ्युदय। इन दोनों के कारण संचार की गति बहुत तेज हो गई है, राष्ट्रों की सीमाएं महत्वहीन हो रही हैं और समाचार संग्रह तथा वितरण में बहुत तेजी और त्वरित महत्व आ गया है। इन हालात में जहां परंपरागत मीडिया-खासतौर से प्रिंट मीडिया का महत्व बना हुआ है। वहीं अब पत्र सूचना कार्यालय को नए माध्यमों की जरूरतें पूरी करने के लिए भी काम करना है। नए उभरते साधनों का इस्तेमाल करते हुए अब उसे पूरी जनसंख्या तक पहुंचना है।

3. आजकल इंटरनेट के जरिए सूचनाएं जल्दी मिल जाती हैं और उनमें पारदर्शिता रहती हैं अतः इस कार्यालय के पुराने साधनों को आधुनिक और आज की मीडिया की जरूरतों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। इसलिए पत्र सूचना कार्यालय को आज के ग्राहकों को तुरन्त और रोचक तरीके से सूचना पेश कने के लिए नई गतिविधियां शुरू करनी चाहिए।

4. पत्र सूचना कार्यालय अखबारों और अन्य मीडिया से मिलने वाली प्रतिक्रिया विभिन्न सरकारी विभागों को उपलब्ध कराता है ताकि वे उसके अनुकूल कदम उठा सकें और अपने प्रयासों को नई दिशा दे सकें।

5. इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वर्ष 2007-08 में निम्नलिखित गतिविधियों/स्कीमों/परियोजनाओं का प्रस्ताव किया गया है :

1. नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस केन्द्र की स्थापना

पत्र सूचना कार्यालय के पास इस समय कोई प्रेस केन्द्र नहीं है जहां आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध हों।

अब जबकि अर्थव्यवस्था का भूमंडलीकरण हो रहा है, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने सरकार की नीतियों में अभूतपूर्व रुचि दिखाई है। इसे देखते हुए अब अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुनियोजित और साधनों से लैस मीडिया केन्द्र की जरूरत महसूस की जा रही है ताकि भारतीय और विदेशी मीडिया की तकनीकी जरूरतें पूरी की जा सकें। पिछले कुछ वर्षों से सूचना और प्रसारण मंत्रालय का ध्यान इस बात पर रहा है। इसलिए दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रस्तावित राष्ट्रीय प्रेस केन्द्र में अब तक की आधुनिकतम और भविष्य में काम आने वाली सभी सुविधायें जुटाई जा रही हैं जिनसे प्रिन्ट और इलेक्ट्रानिक मीडिया लाभ उठा सकेगा। यहां पर एक विशेष कैफेटेरिया होगा जहां भोजन और बार सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पत्र सूचना कार्यालय ने इसी उद्देश्य से ग्यारहवीं योजना के दौरान दिल्ली में इस काम के लिए अलग से एक भवन बनाने का फैसला किया है।

2. मीडिया आउटरीच कार्यक्रम

इस स्कीम का उद्देश्य सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में सूचनाएं प्रचारित करना है। इसके लिए सार्वजनिक सूचना अभियान चलाने, प्रेस वार्ताएं समाचार उपलब्ध कराने की गतिविधियां शुरू की जाएंगी।

3 अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह

जहां भी फिल्म समारोह आयोजित किया जाता है वहीं पर मीडिया सेन्टर खोल कर पत्रकारों को जरूरत की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके लिए प्रत्यायन व्यवस्था, प्रेस, वार्ताएं, प्रेस विज्ञप्तियों आदि की व्यवस्था की जाती है और एक संवाददाता कक्ष बनाया जाता है जहां कंम्प्यूटर, इंटरनेट, टेलीफोन, समाचारपत्र लिखने पढ़ने की सामग्री और फोटोग्राफी की मशीनों जैसी सुविधाएं जुटाई जाती हैं।

4. प्रवासी भारतीय दिवस समारोह

पत्र सूचना कार्यालय प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के दौरान मीडिया की सुविधा के लिए अपने अधिकारी भेजता है जो मौके पर ही पत्रकारों को विशेष प्रत्यायंन की व्यवस्था करते हैं और मौके पर ही मीडिया केन्द्र बनाकर उसके लिए सुविधाएं जुटाते हैं।

5. राष्ट्रमंडल खेल 2010 के लिए मीडिया प्रबंधन तथा सुविधाओं का प्रस्ताव

इस स्कीम का प्रमुख उद्देश्य पत्रकारों की सुविधा के लिए मीडिया केन्द्र खोलकर हर प्रकार के प्रिन्ट, रेडियो, टेलीविजन आदि के प्रतिनिधियों ने इस आयोजन के लिए रुचि जाग्रत करना, उन्हें समय से सटीक सूचनाएं देना और इस महा आयोजन की परियोजना के प्रति जागरुकता पैदा करना है।

6. मीडिया आदान-प्रदान कार्यक्रम

इस स्कीम का प्रमुख लक्ष्य विभिन्न देशों के बीच बेहतर समझ विकसित करने और मीडियाकर्मियों के बीच सूचनाओं को आदान-प्रदान के जरिए अधिक सम्पर्क के द्वारा क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाना है। साथ ही इस बात पर भी जोर देना है कि लोकतंत्रीय मूल्यों और विभिन्न समाजों में सहनशीलता को बढ़ावा देने में मीडिया की महत्वपूर्ण

भूमिका है। इसके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सूचनाओं के आदान प्रदान के जरिए देशों के बीच मित्रतापूर्ण संबंध सुदृढ़ बनाए जाते हैं और सूचना तथा मास मीडिया के क्षेत्र में निकट संबंध विकसित करके लोगों में एक जैसी इच्छाओं की प्रेरणा प्रदान की जाती हैं। इस स्कीम के प्रमुख घटक निम्नलिखित हैं -

1. सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम
2. संयुक्त कार्य ग्रुप
3. सूचना क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता

भारतीय प्रेस परिषद

भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना प्रथम प्रेस आयोग की सिफारिश पर वर्ष 1966 में की गई थी। इसके दो प्रमुख कार्यकलापों में प्रेस की स्वतंत्रता को बचाये रखना और प्रेस को स्तर के बनाए रखना तथा उसमें और सुधार करना शामिल है। परिषद की बहुमुखी भूमिका रहती है। एक तरफ यह अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण के रूप में कार्यरत है जिसमें सिविल कोर्ट की सभी शक्तियां हैं। सलाहकार के रूप में, यह प्रेस एवं प्राधिकारियों की सहायता करने के साथ-साथ प्रेस की स्वतंत्रता बनाए रखने संबंधी सभी मामलों में कार्य करती है।

प्रेस परिषद का प्रधान अध्यक्ष होता है जो पारंपरिक रूप से भारत के सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश/सेवानिवृत्त न्यायाधीश होता है। इसके अतिरिक्त परिषद में 28 अन्य सदस्य शामिल हैं, जिसमें से 20 प्रेस का प्रतिनिधित्व करते हैं, पांच संसद के दोनों सदनों के सदस्य होते हैं तथा तीन सामाजिक, साहित्यक एवं कानूनी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिन्हें साहित्य अकादमी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया नामांकित करता है।

भारतीय प्रेस परिषद का उद्देश्य, अधिनियम 1978 की धारा 13 के अनुसार, प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखना तथा भारत में समाचार पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के स्तर को बनाए रखना तथा और सुधार करना शामिल है। यह अधिनियम परिषद को सलाहकार के रूप में भूमिका प्रदान करता है और परिषद या तो स्वयं अपनी पहल पर अथवा अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत सरकार द्वारा दिए गए संदर्भ के अनुसार किसी भी बिल, कानून या अन्य मामले जो प्रेस से संबंधित है, के संबंध में अध्ययन कर अपनी राय देती है। सार्वजनिक महत्व के मामले में अपनी प्रारंभिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए परिषद स्वयं अपनी पहल पर जानककारी हासिल करती है और मौके पर जांच के लिए विशेष समिति गठित कर सकती है।

अपने उद्देश्यों के अनुरूप इसके कुछ प्रमुख कार्यों में समाचार पत्रों एवं समाचार एजेंसियों की सहायता करना शामिल है ताकि वे अपनी स्वतंत्रता बनाए रखें। समाचारपत्रों, समाचार एजेंसियों और पत्रकारों के लिए आचार संहिता बनाना भी परिषद का कार्य है ताकि वे उच्च व्यवसायिक स्तर को बनाये रखें और जनता की रुचि को ध्यान रखते हुए उच्च स्तर बनाए रखें तथा अपनी जिम्मदारियों एवं अधिकार दोनों को निभाते रहें। परिषद का काम ऐसे घटनाक्रम पर नजर रखना भी है जिससे जनहित की खबरों का प्रसार बाधित होता हो। परिषद का कार्य समाचारपत्रों या समाचार एजेंसियों से जुड़े सभी लोगों के बीच कार्यात्मक संबंध रखना और पत्र-पत्रिकाओं और एजेंसियों के स्वामित्व के ऐसे पहलुओं पर नजर रखना भी है जिनसे प्रेस की स्वतंत्रता पर असर पड़ सकता है।

परिषद को निधि देश के पंजीकृत समचार पत्रों से प्राप्त शुल्क, जो उनकी बिक्री की संख्या के अनुसार होता है, से अर्जित की जाती है तथा घाटे की पूर्ति सरकार अनुदान से की जाती है। यद्यपि कुछ हद तक परिषद सरकार से प्राप्त अनुदानों पर निर्भर है तथापि जहां तक इसकी स्वायत्तता का प्रश्न है, यह अपने अर्ध-न्यायिक कार्यकलापों के लिए किसी बाहरी दबाव में नहीं आती।

फोटो प्रभाग

फोटो प्रभाग का मुख्य कार्य विकास कार्यों और उनके परिणामस्वरूप देश में होने वाले राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक परिवर्तन को फोटोग्राफों के माध्यम से संजोकर रखना है तथा इस मंत्रालय की मीडिया इकाइयों तथा राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमन्त्री कार्यालय, लोकसभा/राज्यसभा सचिवालयों तथा विदेश मंत्रालय के जरिए विदेश में भारतीय मिशनों सहित अन्य केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों को चित्र उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त फोटो प्रभाग हर वर्ष राष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिता भी आयोजित करता है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, फोटो प्रभाग केन्द्रीय/ राज्य सरकार के विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र प्रतिष्ठानों और आम जनता को भी ''मूल्य योजना'' के अन्तर्गत फोटोग्राफ उपलब्ध कराता है।

प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग देश के सबसे बड़े प्रकाशन-गृहों में एक है। विभाग हिन्दी, अंग्रेजी और दूसरी प्रमुख भारतीय भाषाओं में ऐसी किताबों और पत्रिकाओं का प्रकाशन करता है, जो देश के लोगों की समझ विकसित कर सके। इन प्रकाशनों का उद्देश्य है देश के लोगों के जीवन के रंग-बिरंगे पहलुओं के बारे में जानकारियों का प्रसार। साथ ही पंचवर्षीय योजनाओं और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज हो रहे विकास की जानकारी देना। प्रकाशन विभाग ने जिन महत्वपूर्ण प्रकाशनों को अंजाम दिया है उनमें महत्वपूर्ण हैं — महात्मा गांधी के लेखों, भाषणों और वक्तव्यों के संग्रहों की प्रतिष्ठित शृंखला, राष्ट्रीय नेताओं के भाषणों का संग्रह, राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न विषयों पर शिक्षाप्रद और जानकारियों से भरी किताबों का प्रकाशन। विभाग इनके अलावा बच्चों का साहित्य और 'रोजगार समाचार' भी छापता है।

1.2 विभाग राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर किताबों और पत्रिकाओं का प्रकाशन, बिक्री और वितरण तो करता ही है, आंतरिक और बाह्य प्रचार की सामग्री भी तैयार और प्रकाशित करता है ताकि देश-विदेश के लोगों को भारत के बारे में सटीक और ताज़ा जानकारी मिल सके। ऐसा करते हुए विभाग के उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

(vi) राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर किताबों का प्रकाशन, जिन्हें साधारण तौर पर दूसरे प्रकाशक नहीं छापते। साथ ही इन प्रकाशनों को वाजिब दाम पर जनता तक पहुंचाना भी प्रकाशन विभाग का उद्देश्य है।

(vii) प्रकाशन विभाग का उद्देश्य है—विविधता में एकता की अवधारणा और भावना कड्ढ मजबूत करना। इसके अलावा यह अपने प्रकाशनों से सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय अखंडता को भी बढ़ावा देता है।

एम्पलायमेंट न्यूज/रोज़गार समाचार

साप्ताहिक रोजगार समाचार अंग्रेजी, हिन्दी तथा उर्दू में प्रकाशित होता है। यह प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमुख प्रकाशन है।

इस साप्ताहिक पत्र का मूल लक्ष्य सिविल सेवा के अभ्यर्थियों, प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं तथा साक्षात्कार में बैठने वाले उम्मीदवारों, अपने कैरियर तथा पेशे को चुनने के लिए तैयार युवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

इस साप्ताहिक पत्र में केद्रीय एवं राज्य सरकारें, सार्वजनिक क्षेत्र में उद्यमों, स्वायत्त निकायों, विश्वविद्यालयों, विदेशी संस्थानों जैसे फोर्ड फाउंडेशन, ब्रिटिश काउंसिल आदि में नौकरियों के विज्ञापन, व्यावसायिक पाठयक्रमों के लिए प्रवेश अधिसूचनाएं, भारतीय संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग जैसे संगठनों तथा अन्य सामान्य भर्ती निकायों की परीक्षा अधिसूचनाओं और उनके परिणामों तथा मध्य-स्तरीय रोजगार उन्नयन के अवसरों (प्रतिनियुक्तियों) की सूचनाएं प्रकाशित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त एक सम्पादकीय हिस्सा भी बनाया गया है जो कैरियर से सम्बन्धित दो लेख प्रकाशित करता है।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि अपनी सामाजिक जिम्मेवारी, जिसके लिए इस पत्र को शुरू किया गया था, निभाने के साथ-साथ एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार नियमित रूप से पर्याप्त लाभ कमा रहा है। यह पत्र, जिसे सबसे अधिक प्रसारित साप्ताहिक पत्रों में शामिल होने का गौरव प्राप्त है, हर शनिवार को देश के कोने-कोने में उपलब्ध होता है।

सरकार के इस सचित्र कैरियर साप्ताहिक को अपनी कैरियर वेबसाइट www.employment.news.gov.in खोलकर अपने खाते में एक और उपलब्धि दर्ज की है। यह वेबसाइट बहुत अधिक सफल रही है तथा युवाओं में बहुत लोकप्रिय हो रही है। हर रोज 3 लाख से अधिक लोग इस वेबसाइट को खोलते हैं। सरकारी क्षेत्र में यह सबसे अधिक पेज हिट है। वेबसाइट के जरिए पेश की जा रही ऑनलाइन सेवाओं में कैरियर परामर्श सरकारी क्षेत्र में नौकरी रिक्तताओं के बारे में अग्रिम जानकारी तथा जानकारी सीधे पाठकों के ई-मेल पर उपलब्ध कराना शामिल है।

भारत के समाचार-पत्रों के पंजीयक

भारत के समाचार-पत्रों के पंजीयक का कार्यालय सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबद्ध है। इसका गठन प्रेस और पुस्तक पंजीकरण कानून, 1867 में संसद द्वारा किए गए संशोधन के बाद 1 जुलाई, 1956 को किया गया। अधिनियम के तहत इसके सांविधिक कार्य इस प्रकार हैं -

i) भारत में प्रकाशित सभी समाचार-पत्रों/पत्रिकाओं के विवरण को रजिस्टर में संकलित करना और उसका रखरखाव;

ii) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित शीर्षकों की उपलब्धता की जांच के बाद समाचार-पत्रों/पत्रिकाओं के लिए पंजीकरण का प्रमाणपत्र देना;

iii) यह सुनिश्चित करना कि समाचार-पत्र/पत्रिकाएं प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण अधिनियम के उपबंधों के अनुसार प्रकाशित हो रही हैं;

iv) प्रकाशकों द्वारा किए गए प्रसार संख्या संबंधी दावों की जांच करना;

v) भारत में प्रेस के विषय में सूचनाओं और आंकड़ों की, विशेषकर विभिन्न प्रकार के समाचार-पत्रों/पत्रिकाओं की प्रवृत्तियों की वार्षिक रिपोर्ट तैयार कर के सरकार को प्रस्तुत करना।

इसके अतिरिक्त भारत के समाचार-पत्रों के पंजीयक के कार्यालय को अपने सांविधिक कार्यों के अतिरिक्त भी कुछ कार्य करने पड़ते हैं। वे कार्य इस प्रकार हैं -

(क) समाचारपत्रों/पत्रिकाओं को अखबारी कागज आयात करने का पात्रता प्रमाणपत्र या देश में स्थित अखबारी कागज मिलों से कागज खरीदने हेतु आवंटन प्रमाणपत्र जारी करना।

(ख) प्रिंटिंग तथा संबद्ध मशीनरी और सामग्री के संबंध में समाचार-पत्र संस्थाओं की आवश्यकताओं का आकलन करके उन्हें प्रमाणपत्र देना।

गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग

गवेषणा संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्यालय है जो मीडिया इकाइयों को शोध के सम्बंध में एकत्रित, संकलित एवं तैयार सामग्री के प्रकाशन कार्य आदि में सहायता करता है। मीडिया इकाइयों के उपयोग के लिए महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी का सार संक्षेप निर्मित करना और समसामयिक एवं अन्य विषयों पर मार्गदर्शन तथा पृष्ठभूमि नोट तैयार करना भी इस प्रभाग का दायित्व है। 1945 में स्थापित यह प्रभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा इसके अधीन विभिन्न मीडिया इकाइयों के लिए सूचना उपलब्ध कराने वाली एक इकाई के रूप में कार्य करता है। यह प्रभाग जनसंचार क्षेत्र की प्रवृत्तियों का अध्ययन करते हुए जनसंचार की संदर्भ एवं प्रलेखन सेवा को कायम रखता है। यह प्रभाग मंत्रालय, इसकी मीडिया इकाइयों तथा जन संचार से जुड़े अन्य माध्यमों को उपयोग के लिए पृष्ठभूमि, संदर्भ एवं शोध सामग्री उपलब्ध कराता है। यह प्रभाग भारतीय जनसंचार संस्थान (भा.ज.सं.सं.) के सहयोग से भारतीय सूचना सेवा (भा.सू.से.) के अधिकारियों की प्रशिक्षण व्यवस्था को भी देखता है।

यह प्रभाग वर्ष के दौरान दो वार्षिक संदर्भ ग्रंथ तैयार करता है, इंडिया-एक वार्षिक संदर्भ, यह केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्य/संघ शासित क्षेत्रों तथा पी.एस.यू./स्वायत्त निकायों द्वारा किए गए विकास और उन्नति का संकलन है। इसका, भारत में मास मीडिया (मास मीडिया इन इंडिया) यह भारत के जनसंचार पर एक विस्तृत प्रकाशन है। साथ ही इंडिया को हिंदी में भारत शीर्षक से प्रकाशित किया जाता है। गवेषणा संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग ने 04 जनवरी 2007 को वार्षिक संदर्भ ग्रंथ इंडिया-2007 के 51वें संस्करण को सफलतापूर्वक जारी किया।

यह प्रभाग नियमित रूप से हर पखवाड़े 'डायरी ऑफ इवेंट्स' निकालता है। यह पाक्षिक अभिलेख और संदर्भ के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्रित होता है। यह प्रभाग विशेष विषयों पर आधारित पत्रिकाओं की मासिक रिपोर्ट भी तैयार करता है और छटनी के बाद इसे मंत्रालय भेज देता है। इन पत्रिकाओं में एफडीआई की हिस्सेदारी होती है और ये विशेष विषयों से संबंधित होती हैं जिसके लिए इन्हें भारत में प्रकाशित करने की अनुमति दी जाती है। इन पत्रिकाओं का अनुवीक्षण सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों पर सख्ती से किया जाता है।

संदर्भ पुस्तकालय

गवेषणा और संदर्भ क्षेत्र से जुड़े किसी भी संस्थान के लिए एक सुसज्जित पुस्तकालय जीवन रेखा की तरह होता है। ग.सं.प्र.प्र. (आर.आर.टी.डी.) शोध से सम्बंधित सामग्री के संचयन, संकलन और तैयारी में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयों की सहायता करता है। इस प्रभाग का पुस्तकालय विभिन्न विषयों पर दस्तावेजों के बड़े संग्रह, चुनी हुई पत्रिकाओं के सजिल्द ग्रंथों तथा मंत्रालय की विभिन्न रिपोर्टों से सुसज्जित है जो पाठकों, समितियों और आयोगों के लिए वैयक्तिक सहायता प्रदान

करता है। इसके संग्रह में पत्रकारिता, जन संपर्क, विज्ञापन एवं दृश्य-श्रव्य प्रचार माध्यम, सभी प्रमुख विश्वकोष, सम-सामयिक लेख और वार्षिकी शामिल हैं। पुस्तकालय की सुविधाएं भारतीय और विदेशी माध्यम प्राप्त पत्रकारों तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध हैं।

राष्ट्रीय जनसंचार प्रलेखन केन्द्र

राष्ट्रीय जनसंचार प्रलेखन केन्द्र (एन.डी.सी.एम.सी.) का गठन 1976 में मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया। इसकी पत्रिका सेवाओं के माध्यम से जन संचार माध्यम की प्रवृत्तियों और उनसे जुड़ी घटनाओं की जानकारी एकत्र कर उनकी व्याख्या करना उसका मुख्य दायित्व है। एन डी सी एम सी जनसंपर्क/संचार पर उपलब्ध बड़े समाचारों, लेखों तथा सूचनाओं का प्रलेखन करता है। यह पूरे देश में जनसंचार के विकास के लिए ही नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय सूचना प्रवाह में शामिल होने के लिए सूचना के संग्रहण और प्रलेखन से लेकर इसके प्रचार-प्रसार तक समसामयिक गतिविधियों का केन्द्रीय क्षेत्र है।

विभिन्न सेवाओं के द्वारा एकत्रित सूचना को अनुरक्षित एवं प्रचारित किया जाता है जैसे—'संगसामयिक जागरूकता सेवा'—केन्द्र द्वारा अंशदायी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में मास मीडिया पर चुनिंदा लेखों की प्रकाशित सूची, 'सन्दर्भ ग्रंथ सेवा' - केन्द्र द्वारा अंशदायी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में पिछले एक वर्ष के दौरान प्रकाशित मास मीडिया पर लेखों की विषय सूची, 'फिल्म बुलेटिन'-भारत के फिल्म उद्योग के विकासों का एक सारांश, 'सदर्भ सूचना सेवा' - मास मीडिया क्षेत्र के प्रासंगिक हितों के विषयों पर पृष्ठभूमि दस्तावेज; 'जन संचार में कौन क्या है'- लोक प्रसिद्ध विभिन्न मीडिया व्यक्तियों की जीवनियाँ, 'जनसंचारकों को दिए गए पुरस्कार' - वर्ष के दौरान जनसंचारकों को दिए गए पुरस्कारों को दिए गए पुरस्कारों के साथ-साथ घोषित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की झलकियाँ और 'मीडिया अपडेट' - यह प्रलेख और संदर्भ के लिए बड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं को केंद्रित करती है।

प्रशिक्षण

भारतीय सूचना सेवा (भा.सू.से.) के अधिकारियों का प्रशिक्षण इस क्षेत्र में ध्यानाकर्षित करता रहा है। आर.आर.टी.डी. को भा.सू. सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था विशेष रूप से सौंपी गई है। आर.आर.टी.डी. के प्रशिक्षण प्रभाग ने दिसम्बर, 2006 तक मंत्रालय के अधीन विभिन्न मीडिया इकाइयों के 82 भा.सू.से. के अधिकारियों के लिए 8 प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए।

वर्ष 2006-07 की झलकियाँ :

- गवेषणा संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग ने 04 जनवरी 2007 को वार्षिक संदर्भ ग्रंथ इंडिया-2007 के 51वें संस्करण को सफलतापूर्वक जारी किया।
- आर.आर.टी.डी. की इकाई राष्ट्रीय जनसंचार प्रलेखन केन्द्र ने वर्ष 2006-07 के दौरान मास मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर 38 सेवाएं जारी कीं।
- आर.आर.टी.डी. के प्रशिक्षण प्रभाग ने दिसम्बर 2006 तक मंत्रालय के अधीन विभिन्न मीडिया इकाइयों के 82 भा.सू.से. के अधिकारियों के लिए 8 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

गीत और नाटक प्रभाग

इस प्रभाग की स्थापना 1954 में संचार के काम में परंपरागत लोककला रूपों के इस्तेमाल से फायदा उठाने के लिए एक छोटी यूनिट के रूप में की गई थी। इसे जीवंत माध्यम माना जाता है, यह संचार के काम में बहुत प्रभावशाली सिद्ध हुआ। लोगों के साथ तुरंत तादात्म्य स्थापित कर सकने और समसामयिक विषय शामिल कर सकने की अपनी क्षमता के कारण यह बहुत प्रभावी रहा। इसी कारण इसे अधिक पहुंच और संचार-सक्षम बनाने के लिए इसका क्षेत्र और आकार बढ़ाया गया।

उद्देश्य

इस प्रभाग के प्रमुख उद्देश्य हैं आम जनता में सामाजिक, आर्थिक एवं लोकतंत्रीय आदर्शों के प्रति सम्मान एवं भावनात्मक लगाव पैदा करना। ये प्रवृत्तियां देश की प्रगति के अनुकूल हैं। इनके द्वारा सीमावर्ती इलाकों के लोगों में रक्षा तैयारी और देश को सांस्कृतिक एकजुटता में विश्वास पैदा किया जाता है। ग्रामीण और शहरी कला रूपों का इस्तेमाल करते हुए दूरदराज में तैनात सैनिकों का आत्मबल बनाए रखने और लोक कलाओं का इस्तेमाल करके उनका मनोरंजन करना भी प्रमुख उद्देश्य है।

इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए यह प्रभाग अनेक प्रकार के कला रूपों - नाटक, नृत्य नाटिका, ओपेरा, लोक नृत्यों, कठपुतली, वाचिक परंपरा और यहां तक कि जादू की कला का भी इस्तेमाल करता है। साथ ही, यह प्रभाग आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करके सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा, स्वास्थ्य पर्यावरण, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण जैसे राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम पेश करता है।

देश के विभिन्न भागों में प्रचलित अनेक लोक एवं पारंपरिक कला रूपों का इस्तेमाल करके एक तरफ यह प्रभाग इन कलारूपों का उद्धारक बन गया है, वहीं, सैकड़ों कलाकारों को प्रोत्साहन और रोजगार देने वाला बन गया है। यह संचार के लिए स्थानीय भाषा, बोलियों, मुहावरों आदि का प्रयोग करता है।

निदेशक इस प्रभाग के प्रमुख होते हैं। प्रभाग इन स्तरों पर कार्यरत है - दिल्ली में मुख्यालय, (ii) बंगलौर, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, कोलकता, लखनऊ, पुणे और रांची में दस क्षेत्रीय केंद्र तथा, (iii) सात सीमा केंद्र जो एक सहायक निदेशक के अधीन काम करते हैं। ये केंद्र हैं दरभंगा, गुवाहाटी, जम्मू, जोधपुर, इंफाल, नैनीताल और शिमला। (iv) छः विभागीय नाटक मंडलियां एक प्रबंधक के नेतृत्व में भुवनेश्वर, दिल्ली, हैदराबाद, पटना, पुणे और श्रीनगर (जम्मू) में हैं। इस प्रभाग की फील्ड यूनिटें प्रचार-परक कार्यक्रम तैयार करके उन्हें प्रस्तुत करने और मानीटरिंग का काम संभालती हैं।

इसके अलावा, इस प्रभाग की नौ मंडलियां (आठ दिल्ली में, एक चेन्नई में) हैं जिनमें सशस्त्र सेना मनोरंजन स्कंध के कलाकार काम करते हैं। ये दूरदराज के इलाकों में जा कर सैनिकों का मनोरंजन करती हैं।

वर्ष 2005-06 के लक्ष्य

परिणाम बजट 2005-06 के अनुसार परिव्यय/लक्ष्य (2005-06) तथा वास्तविक उपलब्धि (योजना एवं गैर योजना)

वित्तीय

(करोड़ रुपये में)

बजट योजना	अनुमान गैर-योजना	2005-06 जोड़	वास्तविक योजना	व्यय गैर-योजना	2005-06 जोड़
8.5*	19.92	22.42	8.33	13.47	21.80

* पूर्वोत्तर के 1 करोड़ रुपये को मिला कर

वार्षिक योजना 2005-06 का वास्तविक निष्पादन

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम/कार्यक्रम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2005-06	मात्रात्मक प्रत्यक्ष	प्रक्रिया समयबद्धता	उपलब्धियां 31.3.06 की स्थिति	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	पर्वतीय/जनजातीय/ रेगिस्तानी संवेदनशील सीमावर्ती इलाके में आई सी टी गतिविधियां प्रभाग एवं मूल्यांकन तथा गीत और नाटक प्रभाग का आधुनिकीकरण	प्रचार कार्यक्रम	8.5 योजना	24,264	2005-06	8.83 32430 कार्यक्रम	
	घटकवार विवरण						
क.	पर्वतीय/जनजातीय/ रेगिस्तानी/संवेदनशील और सीमावर्ती क्षेत्रों में	- वही -	1.5	4000	2005-06	1.51 (6253 कार्यक्रम)	
ख.	प्रभाव मूल्यांकन	- वही -	–	–	2005-06	–	
ग.	तय 78 जिलों में गतिविधियां	- वही -	2.35	8400	2005-06	2.35 (8922 कार्यक्रम)	
घ	साझा न्यूनतम कार्यक्रम का प्रचार	- वही -	2.70	9400	2005-06	2.70 (14202 कार्यक्रम)	
च.	ज एवं क तथा पूर्वोत्तर में विशेष गतिविधियां	- वही -	0.70	2400	2005-06	0.70 (2975 कार्यक्रम)	
छ.	राष्ट्रीय/सामाजिक विषयों पर मंच पर प्रदर्शन	- वही -	1.00	64	2005-06	0.83 (78 कार्यक्रम)	
ज.	एस एंड डीडी का आधुनिकीकरण	- वही -	0.25	–	2005-06	0.243	

योजना/गैर-योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग

2005-06 के प्रत्यक्ष लक्ष्य और उपलब्धियां नीचे दी जा रही हैं -

क्र.सं.	विवरण	कार्यक्रम-लक्ष्य	उपलब्धि
1.	गैर-योजना	5000	5485
2.	योजना	24264	3443
3.	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	-	8091
4.	उपभोक्ता मामले	-	3932
5.	वन मंत्रालय एवं अन्य एजेंसियां	-	-

वर्ष 2006-07 के लिए लक्ष्य और उपलब्धियां

बजट आवंटन

(करोड़ रुपये में)

बजट अनुमान 2006-07			संशोधित अनुमान 2006-07		
योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़
8.5	12.36	20.86	7.38*	13.19	20.57

पूर्वोत्तर के लिए 1 करोड़ रुपये शामिल हैं।

वास्तविक निष्पादन-योजना

परिणाम बजट 2006-07 के अनुसार 2006-07 के परिव्यय और उपलब्धियों/लक्ष्यों संबंधी वक्तव्य

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम/कार्यक्रम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2005-06	मात्रात्मक प्रत्यक्ष	प्रक्रिया सामयिकता	उपलब्धियां 31.3.06 की स्थिति	टिप्पणी/
1	2	3	4	5	6	7	8
	पर्वतीय/जनजातीय रेगिस्तानी/संवेदनशील एवं सीमावर्ती इलाकों में आई सी टी गतिविधियां, प्रभाव मूल्यांकन एवं गीत और नाटक प्रभाग का आधुनिकीकरण	प्रचार कार्यक्रम	8.50 योजना	16149	2005-06	4.9067	
	घटकवार विवरण						
क.	पर्वतीय/जनजातीय/ रेगिस्तानी/संवेदनशील एवं सीमावर्ती क्षत्रों में आई सी टी गतिविधियां	- वही -	1.40	3000	2006-07	1.4753	
ख.	प्रभाव मूल्यांकन	- वही -	0.10	-	2006-07	-	
ग.	तयशुदा 78 जिलों में कार्यक्रम	- वही -	2.30	5600	2006-07	0.7678	
घ.	साझा न्यूनतम कार्यक्रम का उपचार	- वही -	2.45	6000	2006-07	1.6084	
च.	ज एवं क तथा पूर्वोत्तर में विशेष गतिविधियां	- वही -	0.67	1485	2006-07	0.3237	
छ.	राष्ट्रीय/सामाजिक विषयों पर मंच पर प्रदर्शन	- वही -	1.33	64	2006-07	73.15	
ज.	एसएंड जी डी का आधुनिकीकरण	- वही -	0.25	-	2006-07	-	

ब. योजना/गैर-योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग (2006-07)

क्र.सं.	विवरण	लक्ष्य कायक्रम	उपलब्धि कार्यक्रम
1.	गैर-योजना	3000	3000
2.	योजना	16149	11000
3.	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	8800	7841
4.	उपभोक्ता मामले	1900	2359
5.	वन मंत्रालय एवं अन्य एजेंसियां	–	–

(iii) वर्ष 2007-08 के लक्ष्य

वित्तीय

बजट अनुमान

(करोड़ रुपये में)

योजना	गैर योजना	जोड़
4.00*	14.54	18.54

* पूर्वोत्तर के रु. 0.40 करोड़ को मिला कर

ब. योजना/गैर-योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग (2007-08)

क्र.सं.	विवरण	लक्ष्य कार्यक्रम
1.	गैर-योजना	5100
2.	योजना	6565
3.	एच एंड डब्लू	आबंटन की पुष्टि नहीं हुई
4.	उपभोक्ता मामले	- वही -
5.	वन मंत्रालय तथा अन्य एजेंसियां	- वही -

वार्षिक योजना 2007-08

योजना कार्यक्रमों का विवरण

नये कार्यक्रम

ग्रामीण भारत के लिए जीवंत कला और संस्कृति (आई सी टी स्कीम) आई सी टी गतिविधियां और गीत और नाटक प्रभाग में आधुनिकीकरण

1. पर्वतीय, जनजातीय, रेगिस्तानी, संवेदनशील और सीमावर्ती इलाकों में आई सी टी गतिविधियां एवं उनका मूल्यांकन

यह प्रभाग संवेदनशील और जम्मू कश्मीर, पंजाब एवं पूर्वोत्तर जैसे विशेष इलाकों में विशेष प्रचार करता है ताकि सीमापार से होने वाले दुष्प्रचार का मुकाबला किया जा सके, यहां के लोगों को राष्ट्रीय मुख्य धारा में लाया जा सके, और विभागीय मंडलियों, निजी टोलियों और सूचीबद्ध किए हुए कलाकारों तथा किराये के वाहनों की सहायता से विशेष सेवा ब्यूरो, सीमा सुरक्षा बल और रक्षा एजेन्सियों के निकट सहयोग से इन इलाकों में विशेष प्रचार अभियान चलाए जा सकें।

यह प्रभाग पर्वतीय, जनजातीय और रेगिस्तानी इलाकों में दूर-दराज में रहने वाले लोगों में उनके कल्याण के लिए शुरू की गई विकास गतिविधियों के बारे में जागरुकता पैदा करता है। इन कार्यक्रमों का उदेश्य दूर-दराज के निवासियों को देश के साथ जोड़ना और विकास गतिविधियों में उनकी भागादारी को बढ़ावा देना है। स्थानीय कलाकारों को मिलाकर मंडलियां बनाई जाती हैं जो स्थानीय बोली और मुहावरों तथा कलारूपों का इस्तेमाल करते हुए स्थानीय जनता के लिए कार्यक्रम पेश करती हैं।

यह प्रभाग 4300 कार्यक्रम पेश करने का प्रस्ताव बना रहा है। इनमें वर्ष 2007-08 के दौरान किए गए रु. 216 लाख के बजट आबंटन के जरिए क्षेत्र विशेष के लिए उपयुक्त कार्यक्रम दिखाने की व्यवस्था है। उक्त राशि में मॉनिटरिंग, आने-जाने, सम्पर्क साधने, मूल्यांकन तथा मुख्यालय और देश के विभिन्न भागों में सभी जरूरी इंतजाम करने का खर्च शामिल है।

2. राष्ट्रीय/सामाजिक विषयों पर मंच कार्यक्रम

गीत और नाटक प्रभाग के ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम ऐसी सचल व्यवस्था है जिसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में 25 से 30 घटक होते हैं जो नाटक प्रस्तुतीकरण के विशेष विषयों से संबंधित होते हैं। किराये के वाहनों की भी मदद ली जाती है। इस माध्यम का इस्तेमाल आम जनता को और खास तौर से युवा वर्ग को देश की सांस्कृतिक विरासत की जानकारी देने और महापुरुषों के विचार और शिक्षाओं से अवगत कराने तथा प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी बड़े प्रभावी ढंग से देने में किया जाता है। इस गतिविधि की खास बात यह है कि इसमें 100 से लेकर 120 तक स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को शामिल किया जाता है। प्रभाग का प्रस्ताव है कि दिल्ली और बंगलौर में ध्वनि और प्रकाश का इस्तेमाल करते हुए 2007-08 के दौरान दो कार्यक्रम तैयार किए जाएं। इसके लिए 70 लाख रुपये का वित्तीय आवंटन है।

3. गीत एवं नाटक प्रभाग का आधुनिकीकरण

इस प्रभाग ने अपने बंगलौर और दिल्ली के ध्वनि एवं प्रकाश एकांशों को दसवीं योजना के दौरान एक उचित समय सीमा के अंदर पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत कर दिया जाए। इसी तरह से 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जो नये केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है, उन्हें भी मौजूदा फील्ड यूनिटों की तरह आधुनिक और नए से नए तकनीकी उपकरणों से लैस करने का प्रस्ताव है। प्रभाग ने ऐसे उपकरणों/टेक्नालाजी की खरीद पर 4 लाख रुपये के खर्च का प्रस्ताव किया है।

वित्तीय जरूरतों का स्पष्टीकरण

(योजना 2007-08)

क्र.सं.	स्कीम	वर्तमान अथवा नई योजना	वार्षिक योजना परिव्यय (लाख रु. में)	औचित्य पर लेख, उद्देश्य, प्रत्यक्ष लक्ष्य,
1.	ग्रामीण भारत के लिए जीवंत कला एवं संस्कृति (आई सी टी से पुनर्निर्मित - आई सी टी गतिविधियां - पर्वतीय, जनजातीय, रेगिस्तानी संवेदनशील इलाकों, सीमा पर तथा प्रभाव मूल्यांकन एवं गीत और नाटक प्रभाग का आधुनिकीकरण	नई	400	6565 कार्यक्रम
	घटकवार विवरण			
क.	पर्वतीय/जनजातीय/रेगिस्तानी संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रचार और प्रभाव मूल्यांकन	–	216	432 कार्यक्रम
ख.	गृह मंत्रालय द्वारा चिन्हित 56 जिले (76 जिलों में विस्तारित)	–	38	760 कार्यक्रम
ग.	साझा-न्यूनतम कार्यक्रम का प्रचार-सार्वजनिक सूचना अभियानों पर जोर	–	32	640 कार्यक्रम
घ.	योजना आयोग के निर्देशानुसार जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में विशेष गतिविधियां	–	40	800 कार्यक्रम
च.	राष्ट्रीय/सामाजिक विषयों पर विशेष मंच कायक्रम	–	70	45 कार्यक्रम
छ.	गीत और नाटक प्रभाग का आधुनिकीकरण	–	04	–
	जोड़	–	400	6565 कार्यक्रम

4. 56 जिलों में गतिविधियां

योजना आयोग ने 56 जिलों में राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्‌भाव, आतंक-विरोधी एवं राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत 760 कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव किया है।

5. साझा न्यूनतम कार्यक्रम का प्रचार

साझा न्यूनतम कार्यक्रम के प्रचार की नयी स्कीम के अंतर्गत प्रभाग 2007-08 के दौरान 640 कार्यक्रम पेश करेगा। प्रभाग ने स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, शिक्षा, ग्राम विकास और रोजगार जैसे प्रमुख मुद्दों पर जोर देने का प्रस्ताव किया है। इस काम के लिए 32 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है।

6. जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में विशेष गतिविधियां

प्रभाग ने वर्ष 2007-08 के दौरान इस घटक के तहत 800 कार्यक्रम पेश करने का प्रस्ताव किया है। इसके लिए 40 लाख रुपये का आवंटन है। यह विशेष पैकेज सरकार के निर्देशों के अनुसार पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए किए गए सामान्य बजट आवंटन के अलावा है।

एफ. एम. रेडियो

भारत सरकार ने वर्ष 1999 में निजी एजेंसियों के माध्यम से एफ एम रेडियो नेटवर्क के विस्तार का एक नीतिगत फैसला लिया, जिसे बाद में जुलाई, 2005 में विस्तारित किया गया। इस नीति का उद्देश्य आकाशवाणी केन्द्रों के परिचालन द्वारा आकाशवाणी के प्रयत्नों में सहयोग में भागीदारी करने के लिए निजी एंजेसियों को आकर्षित करना है जो केन्द्र स्थानीय सामग्री तथा प्रासंगिकता वाले कार्यक्रम चलाते हैं, अभिग्रहण एवं उत्पादन की गुणवत्ता कर्तव्यपरायणता में सुधार करते हैं तथा स्थानीय कौशल की भागीदारी को बढ़ावा देकर रोजगार पैदा करते हैं।

केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा

पहले केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा (सीएमएस) इस मंत्रालय का एक अधीनस्थ कार्यालय था जिसका काम विभिन्न देशों के विदेशी रेडियो तथा टीवी नेटवर्कों का अनुश्रवण करना था ताकि भारत-विरोधी प्रचार और उनमें भारतीय हितों को देखा जा सके। इसके अतिरिक्त, यह केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (विनियमन) अधिनियम 1995 तथा इसके तहत बने नियमों में निहित विज्ञापन और कार्यक्रम संहिताओं के सन्दर्भ में टीवी/रेडियो चैनलों द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की अनुश्रवण करता था। सरकार द्वारा लिए गये निर्णय के अनुपालन में सीएमएस को 1.04.2005 से एनटीआरओ में स्थानान्तरित कर दिया गया। चूंकि एनटीआरओ की आवश्यकताएं इस मंत्रालय की आवश्यकताओं से पूर्णतया भिन्न हैं, कार्यक्रम अनुश्रवण का कार्य इस मंत्रालय ने अपने पास रखने का निर्णय लिया तथा निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया अनुश्रवण केन्द्र (ई एम एम सी) स्थापित किया -

(I) भारत में डाऊनलिंक किए जाने वाले सभी टीवी चैनलों का अनुश्रवण ताकि केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (विनियमन) अधिनियम 1995 और इसके तहत बने नियमों में निहित कार्यक्रम और विज्ञापन संहिताओं के उल्लंघन को रोका जा सके।

(II) सभी निजी एफ एम रेडियो चैनल और

(III) सरकार द्वारा प्रसारण क्षेत्र की सामग्री के अनुश्रवण से सम्बन्धित समय-समय पर दिये जाने वाला अन्य कोई कार्य।

अन्तर्राष्ट्रीय चैनल

अल-जज़ीरा, बीबीसी, सीएनएन आदि की तर्ज पर भारत की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय चैनल खोलने की आवश्यकता महसूस की गई। यह चैनल एशियाई देशों के लोगों की आकांक्षाओं और जीवन को उजागर करेगा तथा एशियाई परिप्रेक्ष्य में अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं पर नजर रख़ेगा। यह चैनल पेशेवरों द्वारा चालित तथा सम्पादकीय रूप से स्वतन्त्र होगा जिसे उद्देश्यपूर्ण, जांच-पड़ताल तथा सही पत्रकारिता के सर्वश्रेष्ठ असूलों पर चलाया जायेगा।

सामुदायिक रेडियो

दिसम्बर 2002 में भारत सरकार ने आईआईटी/आईआईएम सहित सुस्थापित शैक्षणिक संस्थाओं में सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) स्थापित करने के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु एक नीति स्वीकृत की थी। भारत सरकार ने अब सामुदायिक रेडियो के लिए बनाई गई नीति में ढील दी है तथा सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए गैर-लाभ वाले संगठनों, जैसे सिविल सोसाइटी तथा स्वैच्छिक संगठन, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थाओं, पंजीकृत समितियों तथा स्वायत्तशासी निकायों एवं सार्वजनिक न्यासों, जो कि समिति अधिनियम अथवा किसी भी अन्य प्रासंगिक अधिनियम के तहत पंजीकृत हैं, तथा शिक्षण संस्थाओं को पात्रता शर्तें पूरी करने पर स्वीकृति देने का निर्णय लिया है।

सामुदायिक रेडियो का मूल उद्देश्य विकेन्द्रीकरण तथा प्रतिभागी प्रशासन को मजबूत करना तथा समुदायों के बीच बातचीत तथा तालमेल बनाना है। इससे कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण आदि से सम्बन्धित मुद्दों के बारे में ग्रामीण समुदायों को जानकारी उपलब्ध होगी। एक सशक्त एवं जुझारू सामुदायिक रेडियो, संस्कृति एवं भाषाओं की विभिन्नता में बहुलवाद को बढ़ावा देगा।

सूचना भवन का निर्माण

सूचना भवन के निर्माण कार्य पर खर्च योजना आयोग की स्वीकृति लेने के बाद इस मंत्रालय को उपलब्ध कराए गये योजना बजट में से किया जाता है। उपलब्ध क्षेत्र इस मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाईयों (जैसे सिविल कंसट्रक्शन विंग, गीत एवं नाटक प्रभाग, फोटो प्रभाग, फिल्म प्रभाग, प्रकाशन विभाग, गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग, मुख्य सचिवालय के मुख्य लेखा नियन्त्रक, भारतीय प्रेस परिषद, विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (आंशिक रूप से) तथा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम को आबंटित कर दिया गया है। सूचना भवन के चरण-V का कार्य पूरा होने के बाद मुख्य सचिवालय सहित अन्य मीडिया इकाइयों को सूचना भवन में स्थानान्तरित कर दी जायेंगी।

आर्थिक विश्लेषण इकाई (नई योजना)

अर्थव्यवस्था के अंतर्गत मनोरंजन और मीडिया क्षेत्र में 11वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2007-2012) के दौरान जबरदस्त बढ़ोतरी की उम्मीद है। बढ़ोतरी की

इन संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्रों के संदर्भ में विभिन्न योजनाएं/कार्यक्रम तैयार किए हैं। निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए योजनाओं और कार्यक्रमों पर समय पर अमल सुनिश्चित करने के वास्ते दो स्तरीय निगरानी व्यवस्था की जाएगी-यानी कार्यान्वयन एजेंसी के स्तर पर निगरानी और मंत्रालय के स्तर पर निगरानी। कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा प्रत्येक योजना/कार्यक्रम के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिसमें महीनावार लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्योरा भौतिक और वित्तीय मानदंडों के अनुसार दिया जाएगा। मंत्रालय स्तर पर कार्यान्वयन की प्रगति पर भी निगरानी रखी जाएगी। इन योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा तिमाही आधार पर की जाएगी, तथा जनता के लिए तत्संबंधी रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी।

प्रसार भारती: आकाशवाणी

प्रसार भारती नाम से भारतीय प्रसारण निगम की स्थापना के प्रावधान के लिए बनाए गए। प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 को 15 सितंबर 1997 से लागू किया गया। इस अधिनियम में प्रावधान है कि निगम सर्व साधारण को जानाकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन के लिए सार्वजनिक सेवा प्रसारण का कार्य करेगा। यानि जो कार्य पहले आकाशवाणी और दूरदर्शन करते थे, वह कार्य अब यह निगम करेगा। निगम के सामान्य पर्यवेक्षण निर्देशन और प्रबन्ध के कार्य प्रसार भारती बोर्ड को सौंपे जाएंगे। यह बोर्ड अपने ऐसे सभी अधिकारों का इस्तेमाल और अपने ऐसे सभी कार्य उसी प्रकार करेगा जिस प्रकार इस अधिनियम के तहत निगम द्वारा किए जाते हैं।

निगम अपने कार्य सुचारू रूप से कर सके, इसके लिए अधिनियम में प्रावधान है कि संसद द्वारा कानूनी तौर पर इस बारे में विधिवत विनियोजन किए जाने के बाद केंद्र सरकार आवश्यकतानुसार निगम को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में इक्विटी सहायता अनुदान या ऋण के रूप में धनराशि प्रदान कर सकती है। निगम का अपना कोष होगा और निगम की सारी प्राप्तियां इसी कोष में जमा की जाएंगी और निगम सभी भुगतान इसी कोष से करेगा।

1. इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निगम का प्राथमिक दायित्व सर्वसाधारण को जानकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन के लिए सार्वजनिक प्रसारण सेवा को संचालन करना तथा रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारण का संतुलित विकास सुनिश्चित करना होगा।

स्पष्टीकरण-शंका दूर करने के लिए एतद् द्वारा यह घोषणा की जाती है कि इस खण्ड के प्रावधान भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अलावा होंगे, न कि अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध होंगे।

2. निगम अपने कार्यों के निर्वहन में निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखेगा:

(क) देश की एकता और अखण्डता तथा संविधान में निहित मूल्यों का संरक्षण

(ख) सार्वजनिक हित, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय मामलों के बारे में मुक्त, सच्ची तथा निष्पक्ष सूचना प्राप्त करने के नागरिक के अधिकार का संरक्षण तथा अपनी विचारधारा या किसी राय को जोड़े बिना विविध दृष्टिकोणों सहित सूचना का निष्पक्ष तथा संतुलित प्रस्तुति

(ग) शिक्षा के क्षेत्र में एवं साक्षरता, कृषि, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और विज्ञान एवं तकनीक पर विशेष ध्यान देना।

(घ) उपयुक्त कार्यक्रमों के प्रसारण द्वारा देश के विविध क्षेत्रों की सांस्कृतिक विविधता एवं भाषाओं को पर्याप्त कवरेज प्रदान करना।

(ङ) क्रीड़ा एवं खेल को पर्याप्त कवरेज प्रदान करना जिससे कि स्वस्थ प्रतियोगिता एवं खेल भावना को बढ़ावा मिले।

(च) युवाओं की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त कार्यक्रम प्रदान करना।

(छ) महिलाओं की स्थिति एवं समस्याओं के संबंध में राष्ट्रीय चेतना बढ़ाना तथा महिला उत्थान पर विशेष ध्यान देना।

(ज) शोषण, असमानता को दूर करने, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने एवं छुआ-छूत जैसी बुराई को दूर करने तथा समाज को कमजोर वर्गों का कल्याण के लिए काम करना।

(झ) कामगारों के अधिकारों की रक्षा करना एवं उनके कल्याण को बढ़ावा करना।

(ञ) कमज़ोर एवं ग्रामीण वर्ग तथा सीमवर्ती क्षेत्र, पिछड़े एवं सुदूर क्षेत्रों के लोगों की भलाई के लिए कार्य करना।

(ट) अल्पसंख्यकों एवं जनजातीय समुदायों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त कार्यक्रम प्रदान करना।

(ठ) बच्चों; अंधों, बूढ़ों, अपंगों एवं जनता के अन्य कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए विशेष कदम उठाना।

(ड) राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने के लिए, ऐसे प्रसारण करना जो भारत में विभिन्न भाषाओं के जरिए संवाद को बढ़ाते हों और हर राज्य में वहां की भाषा में क्षेत्रीय प्रसारण को बढ़ावा देना।

(ढ) उपयुक्त तकनीक द्वारा समग्र प्रसारण कवरेज प्रदान कराना तथा प्रसारण फ्रीक्वेंसी का सर्वोत्तम उपयोग एवं उच्च-स्तरीय उपलब्धियां सुनिश्चित करना।

(ण) रेडियो एवं टेलीविजन प्रसारण के निरंतर विकास के क्रम में शोध एवं विकास कार्य को आगे बढ़ाना।

(त) विभिन्न स्तरों पर प्रसारण के विभिन्न चैनलों की स्थापना द्वारा प्रसारण सुविधाओं का विस्तार।

3. विशेष रूप से एवं सामान्य रूप से, ऊपर बताए गए उद्देश्यों के अनुरूप, निगम कुछ कदम उठा सकता है।

(क) कार्यक्रमों के निर्माण एवं उपलब्धता को लोकसेवा के रूप में संचालित करने के लिए प्रसारण को सुनिश्चित करना।

(ख) रेडियो एवं टेलीविजन के लिए समाचार एकत्र करने के लिए एक व्यवस्था की स्थापना।

(ग) खेल प्रतियोगिताओं, अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं, फिल्मों, सीरियलों, समारोहों तथा जनहित की अन्य घटनाओं के कार्यक्रमों की प्रसारण के लिए खरीद अथवा प्राप्ति और ऐसे कार्यों की प्रक्रिया निर्धारित करना।

(घ) रेडियो, टेलिविजन या अन्य सामग्री के संग्रह की स्थापना एवं देखभाल।

(ङ) समय-समय पर कार्यक्रम, दर्शक शोध, बाजार या तकनीकी सेवाओं को संचालित या प्रारंभ करना, जो उपयुक्त व्यक्तियों को उपयुक्त तरीकों और नियमों एवं शर्तों के अनुसार कमीशन किए जा सके।

(च) नियमों द्वारा विर्निदिष्ट हो सकने वाली अन्य सेवाओं को प्रदान करना।

4. उपखंड (2) और (3) निगम की कोई बात निगम को, ऐसे नियमों एवं शर्तों के अनुसार जो सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हों, विदेशी सेवाओं के प्रसारण और ऐसे विदेशी प्रसारण की निगरानी से नहीं रोक सकती जिनके प्रसारण के लिए केंद्र सरकार से भुगतान किया जाना हो।

5. इस खंड में स्थापित उद्देश्यों की प्रोन्नति के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराया गया है, इनकी सुनिश्चितता के उद्देश्य के लिए विज्ञापन के संबंध में केन्द्र सरकार को प्रसारण समय की अधिकतम सीमा के निर्धारण की शक्ति होगी।

6. निगम की मात्र इस आधार पर कोई भी सिविल जवाबदेही नहीं होगी कि वह इस खंड के किसी भी प्रावधान को पूरा करने में असफल रहा है।

7. निगम को विज्ञापन या ऐसे कार्यक्रम, जो नियमों द्वारा विनिर्दिष्ट हो, के संबंध में लेवी फीस या अन्य सेवा शुल्क निर्धारित करने का अधिकार होगा।

अन्यथा कि, इस अखंड के अधीन इकट्ठा किए गए फीस या अन्य सेवा शुल्क समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित वैसी सीमाओं से बाहर नहीं हो।

लक्ष्य तथा उद्देश्य

आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो), प्रसार भारती का एक अभिन्न भाग है, उपरोक्त दिए गए आदेशों को निरंतर पूरा कर रही है। आकाशवाणी अपने विभिन्न स्टेशनों से प्रसारित कार्यक्रमों द्वारा लोगों को सूचना देता है, शिक्षित करता है और उनका मनोरंजन करता है। यह पूरे देश की जनता को सरकारी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की सूचना श्रव्य-प्रसारण के माध्यम से देता है और संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर विभिन्न कार्यकम प्रसारित करता है। यह पूरे देश की जनता को महत्वपूर्ण समाचार तथा सम-सामयिक घटनाओं की जानकारी देता है। यह विचारों के विभिन्न बिंदुओं को प्रस्तुत करता है ताकि इसके द्वारा प्रसारित कार्यक्रम संतुलित एवं निष्पक्ष हों। यह शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपने तीव्र प्रसार के द्वारा जनता एवं सरकारी विभागों को समय पर सूचना प्रदान करता है। यह एक व्यवसायिक सेवा (विविध भारती) भी संचालित करता है जो कि वस्तुओं एवं सेवाआं की बिक्री के विज्ञापन भी देती है। इसका विदेश सेवा प्रभाग विदेशी श्रोताओं के लिए कार्यक्रम प्रसारित करता है। इसका समाचार सेवा प्रभाग 24 घंटे ताजा समाचार उपलब्ध कराता है।

आकाशवाणी का एफएम और डीटीएच चैनल दिन रात संगीत, गाने आदि के जरिये लोगों का मनोरंजन करते हैं।

विजन स्टेटमेंट

आकाशवाणी का स्वतंत्रतापूर्व एवं स्वातंत्र्योत्तर का गौरवशाली इतिहास रहा है और इसने एफएम ट्रांसमीटर समेत विभिन्न ट्रांसमीटरों, सहायक रिसीवर केंद्रों, एवं प्रसारण केंद्रों की स्थापना के जरिए कवरेज में काफी प्रगति हासिल की है। आकाशवाणी प्रसार भारती के कार्य-क्षेत्र को आगे बढ़ाते हुए निर्धारित लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है। 86 चयनित केंद्रों से किसान वाणी कार्यक्रम, पर्यावरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, ग्रामीण बच्चों पर केन्द्रित बाल कार्यकम, महिला कार्यक्रम, शैक्षणिक (इग्नू, एनसीईआरटी, सीआईटी) प्रसारण, इग्नू के साथ मिलकर सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम (एड्स एवं अन्य स्वास्थ्य जागरुकता), राष्ट्रीय विज्ञापन पत्रिका, वित्त मंत्रालय के जरिए सीसेम स्ट्रीट कार्यक्रम जैसी कई नई पहल आकाशवाणी ने की हैं। ये सभी कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रसारित संगीत एवं नाटक कार्यक्रम के अतिरिक्त हैं। अभियांत्रिकी पक्ष पर, जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर एवं द्वीप समूह क्षेत्र के विशेष पैकेज, एफएम सेवाओं के विस्तार, निर्माण कार्यक्रमों एवं प्रसारण सुविधाओं का डिजीटलीकरण, नई प्रौद्योगिकीयों को लागू करने के जरिए विभिन्न पहल आकाशवाणी ने की हैं। समाचार सेवा प्रभाग तथा अनुसंधान एवं विकास गतिविधि के तहत भी कई कदम उठाये गये हैं। इस बात पर विशेष बल दिया जा रहा है कि इन कदमों का उचित ढंग से समय पर क्रियान्वयन किया जाए।

प्रसार भारती: दूरदर्शन

भारत में टेलीविजन का सूत्रपात सितम्बर, 1959 में हुआ। इसके लिए परीक्षण के तौर पर दिल्ली से प्रसारण शुरू किया गया, जिसे बाद में 1965 में नियमित सेवा के रूप में उन्नत बना दिया गया। दूसरे शहर (मुंबई) में टेलीविजन की शुरुआत काफी बाद में यानि 1972 में हुई। शुरू में टेलीविजन आकाशवाणी का एक हिस्सा था। अप्रैल, 1976 में इसे आकाशवाणी से अलग कर दिया गया और इस प्रकार दूरदर्शन अस्तित्व में आया। रंगीन टेलीविजन और राष्ट्रीय नेटवर्किंग की शुरुआत 1982 में हुई और तब से इसमें निरंतर प्रगति हो रही है। दूरदर्शन अब पुष्ट होकर दुनिया के अग्रणी टेलीविजन संगठनों में शामिल हो गया है।

1. मौजूदा स्थिति

दूरदर्शन के फिलहाल 30 चैनल हैं और 64 स्टूडियो तथा पूरे देश में स्थापित अलग-अलग क्षमताओं के 1397 ट्रान्समीटरों से युक्त इसका अपना विशाल नेटवर्क है। देश की 91 प्रतिशत जनता को स्थलीय प्रसारण मोड में टीवी कवरेज उपलब्ध है। दूरदर्शन फ्री-टू-एयर डीटीएच सेवाएं भी प्रदान करता है। छोटे आकार के डिश अभिग्रहण यूनिट के जरिए डीटीएच सिग्नल देश के किसी भी हिस्से (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह सहित) में रिसीव किए जा सकते हैं।

2. वर्ष 2006-07 के दौरान विकासात्मक कार्यक्रम

2006-07 के दौरान दूरदर्शन की उपलब्धियां इस प्रकार रहीं -

2.1 नया चैनल

एक नया चैनल 'डीडी उर्दू' शुरू किया गया है। इस चैनल के कार्यक्रम दिल्ली से अपलिंक किए जा रहे हैं और प्रसारण इनसैट-3ए उपग्रह के जरिए हो रहा है। डीडी उर्दू चैनल दूरदर्शन के डीटीएच (केयू बैन्ड) प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध है।

2.2 स्टूडियो केन्द्र

रांची में एक अतिरिक्त स्टूडियो (दूरदर्शन केन्द्र रांची में दूसरा स्टूडियो) की स्थापना का कार्य पूरा हो गया है। गोरखपुर में स्थायी स्टूडियो सैटअप की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। भवन निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है और विभागीय स्थापना का कार्य चल रहा है। गोरखपुर में स्थायी स्टूडियो सैटअप के 2006-07 के अंत तक तैयार हो जाने की आशा है।

2.3 डीटीएच सेवा का विस्तार

वर्ष के दौरान प्रेस के विरुद्ध की गई शिकायतों के मामले में जांच प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। प्रेस द्वारा उसकी स्वतंत्रता को खतरे के मामले में पद्धति को असाधारण गजट में लिया गया है। परिषद को अपने निर्देशों को लागू करने के लिए अधिकार देने के प्रस्ताव पर काम चल रहा है। केंद्र और कुछ राज्य सरकारों ने, परिषद द्वारा आचार संहिता ने उल्लंघन के दोषी पाए गए समाचार पत्रों के खिलाफ, अपनी विज्ञापन नीति के तहत कार्रवाई का प्रावधान किया है।

2. नीतिगत उपाय

1. पत्रकारों के प्रत्यापन के लिए मानक नीति बनाना।
2. परिषद को अधिकार देना - केंद्र सरकार को संदर्भ भेजा गया है।
3. मीडिया में अश्लीलता की रोकथाम के संबंध में प्रेस से संवाद।

3. पारदर्शिता

1. सूचना का अधिकार अधिनियम को लागू करना।
2. वेबसाइट पर काननी एवं अन्य मामलों पर की गई कार्रवाई को उपलब्ध कराना।

फोटो प्रभाग

फोटो प्रभाग का मुख्य कार्य विकास कार्यों और उनके परिणामस्वरूप देश में होने वाले राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक परिवर्तन को फोटोग्राफ के माध्यम से संजोकर रखना है तथा इस मंत्रालय की मीडिया इकाइयों तथा अन्य केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्रालयों /विभागों को फोटोग्राफ उपलब्ध कराना है। फोटो प्रभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं में सुधार के लिए, प्रभाग ने ''फोटो प्रभाग का आधुनिकीकरण'' कार्य योजना के तहत फ़ोटो उपकरणों के उन्नयन तथा चित्रों के डिजीटलीकरण का कार्य शुरू किया है। इसके अतिरिक्त, फोटो प्रभाग की वेबसाइट के विकास तथा उस पर डिजीटलीकृत चित्रों की अपलोडिंग भी शुरू की गई है ताकि आम जनता आसानी से उन तक पहुंच सके।

प्रकाशन विभाग

सुधार के उपाय और नीतिगत पहल

रोजगार समाचार/इंप्लायमेंट न्यूज की ओर से की गई पहल का ब्योरा अलग से दिया गया है। जबकि विभाग के प्रशासनिक, संपादकीय, व्यवसाय, उत्पादन और पत्रिका योजना की ओर से उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं।

3.1 प्रशासन

(1) विभाग-प्रमुखों को व्यय की मंजूरी के आकस्मिक अधिकार हटा लिए जाने के बाद, विभाग की प्रार्थना पर विभाग-प्रमुख को मंत्रालय से वर्ष 2005 से पहले की स्थिति के अनुरूप ही, अधिकार प्राप्त हो गए।

(2) डिवीजन की जरूरत की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद और आवंटन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और इन्हें जीएफआर नियमों के मुताबिक लागू किया गया है।

(3) फील्ड दफ्तरों से नियमित रूप से टेलीफोन से बात की गई ताकि प्रशासनिक मसलों पर इनकी फीडबैक मिल सके और कोई परेशानी हो तो उन्हें हल किया जा सके।

(4) वेतन तथा लेखा कार्यालय से बैठक की गई और लंबित बिलों के भुगतान से जुड़ी समस्याएं हल की गईं। वेतन एवं लेखा कार्यालय सभी प्राप्त बिलों का क्यू.न. (क्रम संख्या) देने को राजी हुआ।

3.2 प्रोडक्शन

(1) मुद्रकों का एक नया पैनल बनाया जा रहा है ताकि प्रिंटिंग की गुणवत्ता में सुधार हो और लागत में कमी आए।

(2) कागज की किस्म पर समझौता न करने के कदम के बाद किताबें छापने में इस्तेमाल किए गए कागजों की गुणवत्ता काफी सुधरी है।

(3) टेंडर लाने और उन्हें खोलने के अनिवार्य 21 दिन के अंतराल को अनिवार्य रूप से लागू किया गया।

3.3 संपादकीय

(1) किताबों के चयन में पारदर्शिता लाने के लिए एक पुस्तक समिति बनाई गई है, जो किताबों को लिखवाने के प्रस्तावों की जांच करती है और सर्व-सम्मति से उन्हें स्वीकृति देती है।

(2) विभाग की किताबों के कवर डिजाइनों को अच्छी तरह जांचा गया, और कलाकारों को इंटरनेट से आइडिया लेने को प्रेरित किया गया।

(3) को-ऑर्डिनेटिंग एडीटर का पद जिसे खत्म कर दिया गया था, पुनर्जीवित कर दिया गया है। ताकि संपादकीय से जुड़े फैसलों का विकेंद्रीकरण किया जा सके।

(4) पहली बार 12 भारतीय भाषाओं में अनुवादकों का एक पैनल बनाया गया है। यह काम उनकी स्क्रिप्ट देखकर किया गया है। इसी तरह प्रूफ रीडर्स का पैनल बनाने का काम भी शुरू हो गया है।

3.4 व्यापार

(1) हाई-प्रोफाइल लोकार्पण/विज्ञापन और पुस्तक समीक्षाओं के जरिये प्रकाशन विभाग और इसकी किताबों और पत्रिकाओं की छवि सुधारने की जोरदार कोशिश की गई है।

(2) आम लोगों के लिए किताबों के दाम वाजिब हों इसके लिए एक मूल्य नीति बनाकर मंत्रालय को भेजी गई है।

(3) कई साल बाद इस बार योजना, कुरुक्षेत्र, आजकल, बाल भारती और दूसरी पत्रिकाओं में विज्ञापन की दर बाजार के अनुरूप संशोधित की गई है।

(4) पहली बार विभाग के फरीदाबाद स्थित फीडर स्टोर से स्टॉक हटाने के सिलसिलेवार प्रयास किए गए। पिछले कई दशक से पड़े अप्रासंगिक किताबों को पहली बार स्टॉक से हटाया गया।

3.5 योजना

(1) योजना और कुरुक्षेत्र पत्रिकाओं के कवर की बारीकी से समीक्षा की गई और कवर को मानवीय पहलुओं पर केंद्रित करने पर ध्यान दिया गया। अमूर्त डिजाइनों की बजाय कवर पर आकर्षक चित्रों को जगह दी गई।

(2) पहली बार योजना पत्रिका के प्रकाशन के पचास साल पूरे होने पर इसमें छपे 50 सर्वश्रेष्ठ लेखों का संकलन कर स्वर्ण जयंती विशेषांक के तौर पर निकाला गया।

(3) योजना और कुरुक्षेत्र में पृष्ठों की सही संख्या ठीक करने के लिए निर्देश जारी किए गए।

रोज़गार समाचार

परिणाम एवं अन्तिम परिणाम

गैर-योजना

i) कुल राजस्व एवं शुद्ध आधिक्य

एम्प्लॉयमेंट न्यूज ने 2004-05 के दौरान 3951.54 लाख रुपये की तुलना में 2005-06 में 4110.29 लाख रुपये का कुल राजस्व कमाया। खर्च निकालने के बाद शुद्ध लाभ 2004-05 के दौरान 1546.45 लाख रुपये की तुलना में 2005-06 में बढ़कर 1550.05 लाख रुपये हो गया।

ii) राजस्व

एम्पलायमेंट न्यूज ने नौकरी बाजार में अपनी 'न्यूमरो यूनो' पोजीशन को बरकरार रखा हुआ है तथा वर्ष के दौरान अधिक विज्ञापन लेने में सफल रहा है। स्टाक की कमी के बावजूद विज्ञापन राजस्व 2005-06 में 2081.14 लाख रुपये से बढ़कर 2005-06 में 2441.55 लाख रुपये हो गया है। इस साप्ताहिक पत्र के चालू वित्त वर्ष में 17 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ कमाए जाने की संभावना है।

iii) पेजों की औसत संख्या :

एम्पलायमेंट न्यूज में छापे जाने वाले पृष्ठों की औसत संख्या 2000-01 में 39.55 पृष्ठों से बढ़कर 2004-05 में 48.04 पृष्ठों तक पहुंच गया है।

वर्ष 2005-06 में यह और बढ़कर 50.61 पृष्ठ हो गया तथा इस वर्ष पृष्ठों की औसत संख्या प्रति अंक बढ़ने की सम्भावना है। दिसम्बर 2006 तथा जनवरी 2007 के महीनों में एम्पलायमेंट ने लगातार 6 अंकों में प्रति अंक 64 पेज निकाले हैं तथा यह सुनिश्चित किया गया कि स्टाफ की अधिक कमी के बावजूद साप्ताहिक

समय पर उपलब्ध हो ताकि लोगों की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

iv) अच्छी अर्थव्यवस्था हासिल करने तथा देश के कोने-कोने तक पहुंचने में समर्थ होने के लिए रोजगार समाचार अपनी मुद्रण तकनीकों को दक्षिण तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थानान्तरित करने के प्रस्तावों को लागू कर रहा है।

v) एम्पलॉयमेंट न्यूज अपने पाठकों तक पहुंचने के लिए ज्यादातर अपने नेटवर्क पर निर्भर करता है। दूर-दराज के क्षेत्रों में कवरेज सुनिश्चित करने के लिए पाठकों के पास सीधे ग्राहक बनाने की भी सुविधा है। एम्पलॉयमेंट न्यूज ने खुले विज्ञापन के जरिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करके वित्तीय वर्ष 2006-07 के दौरान डीलरों के अपने आधार को विस्तारित किया।

vi) **इन्टरएक्टिव वेबसाइट**

एम्पलॉएमेंट की सबसे बड़ी सफलता इसकी वेबसाइट www.employmentsnews.gov.in को शुरू करना है जिसे प्रतिदिन 3 लाख से अधिक लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। यह वेबसाइट सरकारी क्षेत्र में सबसे अधिक प्रयोग हो रही है। वेबसाइट के जरिए पेश की जा रही ऑन लाइन सेवाओं में कैरियर परामर्श, सरकारी क्षेत्र में नौकरी रिक्तताओं के बारे में अग्रिम जानकारी तथा यह जानकारी सीधे पाठकों के ई-मेल पर उपलब्ध कराना शामिल है।

भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक

विगत वर्षों में, प्रिन्ट मीडिया ने अपना क्षेत्र प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 से काफी आगे तक विस्तारित कर लिया है। तदनुसार, पीआरबी अधिनियम, 1867 तथा उसके तहत बने नियमों की समीक्षा की जाती है ताकि अधिनियम को प्रिन्ट मीडिया के वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिक बनाया जा सके।

आरएनआई ने अपनी वेबसाइट पर शीर्षक सत्यापन पत्र रखने की नई पहल की है। अब आरएनआई के नई दिल्ली कार्यालय में आने की बजाय प्रार्थी इस वेबसाइट से अपना शीर्षक सत्यापन पत्र कभी भी, कहीं से भी डाउनलोड करके अपनी घोषणा फाइल करके फिर अपना प्रकाशन शुरु कर सकता है। इससे विलम्ब नहीं होगा, अधिक पारदर्शिता होगी तथा प्रार्थी का समय और पैसा बचेगा।

आरएनआई ने कम्प्यूटरीकृत स्वचालित डि-ब्लाकिंग सिस्टम भी शुरू किया है। अब निर्धारित समय के भीतर पंजीकृत न होने वाले शीर्षकों की डि-ब्लाकिंग स्वचालित होगी जिससे शीर्षकों की उपलब्धता बढ़ जायेगी।

धीरे-धीरे आरएनआई का उत्तरदायित्व बढ़ रहा है। समाचारपत्रों की बढ़ती संख्या के कारण आरएनआई पर शीर्षक सत्यापन, संशोधित पंजीकरण, न्यूजप्रिन्ट तथा सम्बद्ध उपकरण के आयात के लिए पात्रता प्रमाण-पत्र तथा प्रसार सत्यापन आदि से सम्बन्धित अतिरिक्त कार्य आ गया है। 1956 में इसके गठन के समय के बाद आरएनआई में कर्मचारियों की संख्या 1992-93 में ही संशोधित की गई जिसमें आठवीं योजना के तहत मुम्बई, कलकत्ता तथा चेन्नई में तीन क्षेत्रीय कार्यालय खोले गये। समाचारपत्रों को तत्काल, कुशल एवं पारदर्शी सेवा प्रदान करने तथा पीआरबी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के मद्देनजर 11वीं योजना अवधि के दौरान (2007-12) देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में गुवाहाटी तथा केन्द्रीय क्षेत्र में भोपाल के दो क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है।

गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण विभाग

वर्ष 2006-07 के लिए प्रभाग की कोई विशिष्ट रिपोर्ट नहीं है।

गीत एवं नाटक प्रभाव

इस प्रभाग की स्थापना 1954 में एक छोटी आजमाइशी इकाई के रूप में देश में उपलब्ध पारंपरिक माध्यमों के जरिए संचार के उद्देश्य से की गई थी। इसको जीवंत माध्यम के रूप में जाना जाता है। इसने साबित भी कर दिया है कि यह संचार प्रभावी है क्योंकि यह दर्शकों के साथ तुरंत तादात्म्य स्थापित कर सकता है, इसमें समसामयिक विषय लिए जा सकते हैं और नए विचारों का प्रचार किया जा सकता है। इसीलिए इसे अधिक पहुंच देने और पर्वतीय, रेगिस्तानी और सीमावर्ती क्षेत्रों में सामान्य जन के स्तर पर पहुंच सकने के उद्देश्य से इस प्रभाग का विस्तार किया गया।

इस प्रभाग की वेबसाइट के अनुसार प्रभाग का मुख्य कार्य जन सामान्य में सामाजिक, आर्थिक और लोकतंत्रीय आदेशों के प्रति जागरूकता पैदा करना है ताकि सीमावर्ती लोग भी रक्षा तैयारियों के प्रति सचेत हों, वे देश के अन्य लोगों से भावनात्मक जुड़ाव महसूस करें, दूर-दराज में तैनात सैनिकों का मनोबल बढ़ा रहे और शहरी और ग्रामीण लोक कलाओं के जरिए उनका मनोरंजन हो।

अपने उद्देश्य पूरे करने के लिए यह प्रभाग अनेक कला रूपों का प्रयोग करता है। इनमें लोक गीत, पारंपरिक नाटक, नृत्य नाटिका, ओपेरा, नृत्य और वाचिक परंपराएं शामिल हैं। जादू की कला तक का लाभ उठाया जाता है। इसके अलावा यह प्रभाग ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रमों का भी इस्तेमाल आधुनिक तकनीकों के साथ करता है। इसमें सैकड़ों कलाकार शामिल होते हैं और सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, धर्म निरपेक्षता, सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा आदि विषयों पर कार्यक्रम बनाए जाते हैं।

देश के विभिन्न भागों में प्रचालित पारंपरिक लोक कला रूपों का इस्तोल करते हुए जहां यह प्रभाग इन कला रूपों का प्रोत्साहक और उद्धारक बन गया है वहां इसने सैकड़ों कलाकारों की दक्षता का इस्तेमाल करके और उनकी भाषा, मुहावरों और बोलियों के जरिए जनता तक पहुंच कायम की है और कलाकारों को रोजगार दिया है।

पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह प्रभाग आधुनिकीकरण और कंप्यूटरीकरण कर रहा है।

एफ. एम. रेडियो (निजी)

निजी एफ एम रेडियो एफ एम चरण-I नीति के द्वारा 1999 में खोला गया। चरण-I के दौरान बड़े पैमाने पर हुई चूकों के मद्देनजर तथा ट्राई की अनुशंसाओं तथा अन्य प्रासंगिक घटकों को ध्यान में रखते हुए, प्राइवेट एजेंसियों (चरण-II) के माध्यम से एफ एम रेडियो प्रसारण सेवा के विस्तार के लिए एक नई नीति को 30 जून, 2005 को मंजूरी दी गई जिसे 13.7.2005 को अधिसूचित किया गया। चरण-II निजी एफ एम रेडियो प्रसारण का क्रियान्वयन पूरे जोरों पर है। चरण-II के लिए कुल 337 चैनलों को बोली देने के लिए आमंत्रित किया गया जिनमें से 280 चैनलों ने सफलतपूर्वक बोली दी। मूल्यांकन के बाद, विभिन्न कम्पनियों को 245 एफ एम चैनलों

के परिचालन के लिए अधिकार पत्र भेजे गये। वर्तमान में, चरण-I में परिचालित 21 चैनलों सहित 53 चैनल चल रहे हैं। सरकार ने 2006-07 के दौरान वार्षिक शुल्क के रूप में 27.29 करोड़ रुपये (जैसा 21.2.07 तक है) तथा चरण-II लाइसेंसधारकों से 1145.48 करोड़ रुपये "वन टाइम एन्ट्री फीस" के रूप में कमाए। 2007-08 के दौरान लगभग 38.16 करोड़ रुपये वार्षिक शुल्क के रूप में मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय अनुश्रवण सेवा

सरकार ने 2005-06 में 11.65 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ योजना स्कीम स्वीकृत की। इसमें से 2.90 करोड़ रुपये पिछले वर्षों के दौरान बेसिल को, जोकि कार्यकारी एंजेसी है, परियोजना चलाने के लिए पहले ही जारी कर दिये हैं। परियोजना के लिए योजना के तहत स्वीकृत बजट अनुदान 2006-07 में 05.85 करोड़ रुपये था जबकि गैर-योजना के अन्तर्गत 3.00 करोड़ रुपये था। यह राशि संशोधित अनुमान 2006-07 में योजना के लिए 2.00 करोड़ रुपये तथा गैर-योजना के लिए 0.02 करोड़ रुपये तक घटा दी गई चूंकि आबंटित भवन की छत पर एंटीना लगाने के लिए सीपीडब्ल्यूडी का अनापत्ति न मिलने के कारण दिसम्बर 2006 तक स्वीकृत बजट अनुदान का कोई भी भाग इस्तेमाल नहीं किया गया। एंटीना लगाने के लिए एक वैकल्पिक स्थल चुन लिया गया है। इसलिये, फिलहाल यह परियोजना रुकी हुई है। जैसी ही स्थल को अन्तिम रूप दिया जायेगा, परियोजना पर काम फिर शुरू हो जायेगा।

वित्तीय वर्ष के चौथे भाग के दौरान कुल बजट का केवल एक तिहाई भाग ही खर्च किया गया। योजना बजट को संशोधित अनुमान के स्तर पर 2.00 करोड़ रुपये तक कम कर दिया गया क्योंकि पहले दो तिमाही के दौरान बजट का इस्तेमाल नहीं हो सका। इसके मद्देनजर, वित्तीय वर्ष 2007-08 के दौरान इस उद्देश्य के लिए उच्च बजट आबंटन (9.00 करोड़ रुपये) का प्रस्ताव है। यह परियोजना 2007-08 के दौरान चालू होने की सम्भावना है बशर्ते कि अभिग्रहण एंटीना आदि लगाने के लिए स्थान उपलब्ध हो जाए। 2007-08 के लिए बजट आबंटन योजना तथा गैर-योजना के लिए निम्न है

योजना	2.90 करोड़ रुपये
गैर-योजना	3.00 करोड़ रुपये

अंतर्राष्ट्रीय चैनल

प्रसार भारती द्वारा तैयार किए गये कच्चे अनुमानों के अनुसार, 300 से 500 करोड़ रुपये के वार्षिक परिचालन लागतों के साथ, जो विस्तृत व्यापारिक योजनाओं पर आधारित होगा, 500 करोड़ रुपये तक का खर्च है। यह भी सूचित किया जाता है कि भारत सरकार को औद्योगिक तथा व्यापारिक घरानों, मनोरंजन उद्योग आदि से, जो भारत की आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक संभाव्य को विदेश में दिखाने के इच्छुक हैं, 100 करोड़ रुपये सालाना की दर पर 11वीं योजना अवधि के दौरान 500 करोड़ रुपये के वित्तीय समर्थन की आवश्यकता पड़ेगी।

सामुदायिक रेडियो

दिसम्बर 2002 में भारत सरकार ने आईआईटी/आर्टआईएमटी सहित सुस्थापित शैक्षिणिक संस्थाओं में सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) स्थापित करने के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु एक नीति स्वीकृत की थी। 101 संस्थानों से आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 62 पात्र संस्थानों को अधिकार पत्र जारी कर दिये गये हैं तथा 38 ने लाइसेंस अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समय देश के विभिन्न भागों में 20 सीआरएस कार्यरत हैं।

सरकार ने ट्राई, संसद सदस्यों की सलाहकार समिति तथा मई 2004 में आयोजित कार्यशाला की अनुशंसाओं पर इस विषय पर पुन: विचार किया तथा दिसम्बर 2006 में इस नीति का विस्तार करके इसके दायरे में अव्यावसायिक संगठनों जैसे सिविल सोसायटी तथा स्वैच्छिक संगठनों को लाने का निर्णय लिया ताकि विकास एवं सामाजिक परिवर्तन से सम्बन्धित मुद्दों पर जनता की अधिक से अधिक भागीदारी हो।

सूचना भवन का निर्माण

11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) के दौरान, पूरे चरण-V के निर्माण में 75.60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। लेकिन वार्षिक योजना वर्ष 2007-08 के लिए 10.60 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च के बदले योजना आयोग ने वार्षिक योजना वर्ष 2007-08 के लिए 2.00 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है -

1.	सूचना भवन चरण IV (चालू योजना) का निर्माण	1.00 करोड़ रुपये
2.	सूचना भवन चरण V का निर्माण	1.00 करोड़ रुपये (नया)

सूचना भवन की चालू योजना के सम्बन्ध में चरण-IV का लम्बित कार्य निपटाया जायेगा।

आर्थिक विश्लेषण एकक (नई योजना)

इस कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों पर कार्यान्वियन एजेंसी और मंत्रालय के स्तर पर निगरानी की व्यवस्था है।

प्रसार भारती

आकाशवाणी

प्रसार भारती के अंतर्गत आकाशवाणी के और अधिक विकास के लिए विभिन्न नीतिगत निर्णयों के अंतर्गत कई पहल की गई हैं ताकि आकाशवाणी सही अर्थों में सार्वजनिक प्रसारणकर्ता के रूप में नागरिकों के प्रति अपने कर्तव्य निभा सके। जैसा कि अध्याय-1 में कहा गया है, ये उद्देश्य आम लोगों और विशेष लक्षित समूहों की जरूरतों का तुरंत समाधान करके पूरे किए जाते हैं। शैक्षिक प्रसारणों और सामाजिक तथा आम सशक्तिकरण प्रक्रियाओं के कार्यक्रमों के परिणामों का दायरा बड़ा है और इसमें ज्यादा वक्त लगता है। दूसरी ओर मनोरंजक कार्यक्रमों के परिणामों को स्तर में सुधार के जरिए बताया जा सकता है लेकिन इसका मात्रात्मक मापन नहीं हो सकता। केवल यही बताया जा सकता है कि कितने क्षेत्रों में कितनी जनसंख्या तक कार्यक्रम पहुंचाए गए।

प्रसार भारती : दूरदर्शन

नए कदम

1. मोबाइल टीवी

दूरदर्शन ने दिल्ली स्थित मौजूदा डिजीटल स्थलीय ट्रांसमीटर के इस्तेमाल से डीवीबी-एच की एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की है। आवश्यक उपकरण खरीद लिए गए है और इन्हें स्थापित किया जा चुका है। 2006-07 के अंत तक डीवीबी-एच प्रसारण शुरू हो जाने की आशा है। इस प्रसारण की शुरुआत से, ट्रांसमीटर के कवरेज जोन में मोबाइल फोनों पर टीवी सिग्नल प्राप्त करना संभव हो जाएगा। भारत उन गिने-चुने देशों में शामिल हो जाएगा जहां मोबाइल टी.वी. सेवा शुरू हो गई है।

2. एचडीटीवी (हाई डेफिनेशन टेलीविजन)

एचडीटीवी एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जिसमें अत्यंत साफ तस्वीर तथा वाइड स्क्रीन इमेज जैसे कई फायदे हैं। वाइड स्क्रीन इमेज दर्शक को टेलीविजन पर कार्यक्रम देखने का सुखद अनुभव कराती है। पारंपरिक टीवी पिक्चर की तुलना में एचडीटीवी पिक्चर में पांच गुना ज्यादा दृश्य सूचना होती है। दूरदर्शन की एचडीटीवी में प्रायोगिक परियोजना को हाल ही में मंजूरी मिली है। इस परियोजना के हिस्से के रूप में एचडीटीवी में फील्ड प्रॉडक्शन के लिए सुविधाएं 2007-08 तक दिल्ली में स्थापित कर ली जाएंगी।

3. समाचार संकलन

समाचार संकलन सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए, देश के विभिन्न हिस्सों में 70 स्थानों पर वी-सैट (वैरी स्मॉल अपर्चर टर्मिनल) का एक नेटवर्क स्थापित करने की एक स्कीम को मंजूरी दी गई है। इस नेटवर्क का एक केन्द्रीय हब दिल्ली में होगा। वी-सैट टर्मिनलों की खरीद के लिए कारवाई शुरू कर दी गई है। उपरोक्त वी-सैट नेटवर्क की स्थापना से देश के 70 स्थानों से उपग्रह के जरिए राष्ट्रीय/क्षेत्रीय समाचार इकाइयों को समाचार उपलब्ध कराना आसान हो जाएगा। इस नेटवर्क से उन स्थानों के बीच ध्वनि/डाटा संचार भी सुलभ हो जाएगा, जहां ये टर्मिनल स्थापित किए गए हैं।

4. वाणिज्यिक विज्ञापनों का स्क्रोल

भुगतान के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों का स्क्रोल की प्रारंभ में 10 अ.श.ट्रा. से शुरुआत की गई थी। बाद में इसे 12 उ.श.ट्रा. तक बढ़ा दिया गया। अब और 494 ट्रांसमीटरों से इस स्क्रोल को शुरू करने का प्रस्ताव है। स्क्रोलिंग के लिए आवश्यक उपकरण खरीद लिए गए हैं और इन्हें ट्रांसमीटर केन्द्रों में स्थापित किया जा रहा है। लगभग 400 ट्रांसमीटरों पर उपकरण लगाने का कार्य पूरा हो चुका है।

5. पूर्वोत्तर राज्यों तथा द्वीप समूहों के लिए विशेष पैकेज

पूर्वोत्तर राज्यों तथा अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में दूरदर्शन सेवा के विस्तार और सुधार के लिए एक विशेष पैकेज को सरकार ने मई, 2006 में मंजूरी दी थी। इसके लिए 256.85 करोड़ रुपये (हार्डवेयर-134.43 करोड़ रुपये, सॉफ्टवेयर-122.55 करोड़ रुपये) की लागत तय की गई थी। उपरोक्त पैकेज में शामिल स्कीमें इस प्रकार हैं—

पूर्वोत्तर राज्य

1. दो पूर्वोत्तर चैनलों की शुरुआत
2. कोकराझार में एक उच्च शक्ति ट्रांसमीटर की स्थापना
3. कवर नहीं किए क्षेत्रों में डीटीएच अभिग्रहण इकाइयों तथा टीवी सैटों (25,000) का प्रावधान
4. पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित दूरदर्शन केन्द्रों में ओबी तथा निर्माण उपरान्त सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण
5. डीएसएनजी इकाइयां-6
6. पासीघाट तथा अगरतला में दो अनुरक्षण केन्द्रों की स्थापना

अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह

1. पोर्ट ब्लेयर (डीडी 1 तथा डीडी न्यूज) में दो उच्च शक्ति ट्रांसमीटरों की स्थापना
2. 16 नए अति अल्पशक्ति ट्रांसमीटरों (डीडी 1-10 तथा डीडी न्यूज-6) की स्थापना
3. मौजूद छह अति अल्पशक्ति ट्रांसमीटरों का उन्नयन
4. कार निकोबार डीडी 1 एलपीटी की स्थापना
5. पोर्ट ब्लेयर स्टूडियो का सुदृढ़ीकरण, पोर्ट ब्लेयर के लिए डीएसएनजी
6. अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के लिए सी बैन्ड पर डीटीएच
7. अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में 1000 डीटीएच अभिग्रहण इकाइयों तथा टीवी सैटों का प्रावधान
8. पोर्ट ब्लेयर में अनुरक्षण केन्द्र की स्थापना

लक्षद्वीप

1. 6 वी.एल.पी.टी. (डीडी न्यूज) की स्थापना
2. मौजूदा नौ वी.एल.पी.टी. का उन्नयन

उपरोक्त स्कीमों का कार्यान्वयन शुरू किया जा चुका है। 2008-09 तक इन स्कीमों को चरणबद्ध रूप में कार्यान्वित कर दिए जाने की संभावना है।

6. 2007-08 के लिए लक्ष्य

2007-08 के दौरान जिन परियोजनाओं को संपन्न किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, वे इस प्रकार हैं—

(क) दूरदर्शन केन्द्र जम्मू तथा पणजी में अतिरिक्त स्टूडियो

(ख) पोर्ट ब्लेयर में स्टूडियों का सुदृढ़ीकरण

(ग) छतरपुर, सहरसा तथा पोर्ट ब्लेयर (डीडी 1 तथा डीडी न्यूज) में एचपीटी

(घ) बलूरघाट, बाड़मेर, कुम्बकोनम, खड़गपुर, कन्नूर, अमृतसर (डीडी1 तथा डीडी न्यूज) और वडोदरा (डीडी 1 तथा डीडी न्यूज) में एचपीटी (स्थायी सेटअप)

(च) एल.पी.टी., कार निकोबार (डीडी न्यूज)

(छ) 100 स्थलों पर पुराने एल.पी.टी. की जगह ऑटो मोड एल.पी.टी. लगाना

(ज) वी.एल.पी.टी. परियोजनाएं : 30 (नए-20, मौजूदा वी.एल.पी.टी. का उन्नयन-15)

(झ) दिल्ली में एमसीपीसी (10+1) उपग्रह अपलिंक (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह में सी-बेन्ड पर डीटीएच सेवाओं के लिए)

7. प्रशिक्षण

प्रसारण प्रौद्योगिकी में तेजी से आ रहे बदलावों को देखते हुए दूरदर्शन अपने स्टाफ के प्रशिक्षण पर बल देता रहा है। 2006 (जनवरी-नवम्बर,2006) के दौरान 1189 इंजीनियर, अधिकारियों को विभिन्न प्रशिक्षण स्थानों में तथा उपकरण निर्माताओं द्वारा प्रशिक्षण दिलाया गया। इसका विवरण इस प्रकार है:-

एसटीआई (टी) दिल्ली - 662

आरएसटी (आई) भुवनेश्वर-146

एफटीआई (टी) पुणे - 28

उपकरण निर्माता-353

छह अधिकारियों को एम.टेक. पाठ्यक्रम के आईआईटी, कानपुर भेजा गया।

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट इंडिया लिमिटेड

बीईसीआईएल को महिलाओं, पूर्वोत्तर क्षेत्र (सिक्किम सहित), रोजगार सृजन, ग्रामीण घटक, जनजातीय उपयोजना विशेष घटक योजना, स्वैच्छिक क्षेत्र, सूचना एवं प्रचार, अल्पसंख्यक कल्याण आदि से संबंधित केंद्रीय/केंद्र प्रायोजित कोई योजना नहीं सौंपी गई है। न ही बीईसीआईएल सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजना की कोई स्कीम लागू कर रहा है। इसे देखते हुए मंत्रालय द्वारा सुधार अथवा नीतिगत उपायों के अंतर्गत कोई पहल नहीं की जाती। बीईसीआईएल ने वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 के लिए मंत्रालय के साथ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन सहमति पत्रों में वित्तीय एवं अन्य लक्ष्य स्पष्ट किए गए हैं।

अध्याय-4

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

(लाख रुपये में)

क्र स	कार्यक्रम का नाम	10वीं पंचवर्षीय योजना में स्वीकृत परिव्यय	वार्षिक योजना 2005-06						
			स्वीकृत परिव्यय	31.03.2006 तक वास्तविक खर्च	खर्च का प्रतिशत	भौतिक लक्ष्य	वास्तविक उपलब्धि	प्रतिशत	कमी का कारण
1.	2.	3	4	5.	6.	7.	8.	9.	10.
1.	कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की स्थापना और सीएफसी में बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन	390.13	140.00	94.51	67.51	सीएफसी के समूचे कामकाज का आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए तकनीकी उपकरण प्रदान करना	मुबंई क्षेत्रीय कार्यालय में कम्प्यूटरीकरण का कार्य प्रगति पर है। मुंबई कार्यालय को पीसी सेट उपलब्ध कराये गये हैं। वेबसाइट साफ्टवेयर तैयार हैं, हार्डवेयर लगा दिए गए हैं, एमटीएनएल द्वारा मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय को लीज्ड लाइन से जोड़ दिया गया है। सर्वर रूम की स्थल तैयारी पूरी कर ली गयी है। हार्डवेयर एलएएन लगा दिया गया है। साफ्टवेयर का परीक्षण किया जा रहा है।	50	कम्प्यूटरीकरण का कार्य प्रगति पर है।
2.	नई दिल्ली, कटक और गुवाहाटी में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना।	97.00	21.00	1.65	07.80	इन कार्यालयों के लिए पदों का सृजन	सीबीएफसी, नई दिल्ली, के जीर्णोद्धार के लिए खर्च किया गया।	–	कार्यक्रम को अभी एसएफसी की मंजूरी नहीं मिली है।

3.	प्रमाणन प्रक्रिया की जांच और आधुनिकीकरण	675.00	175.0	83.03	47.45	1952 के अधिनियम के उल्लंघन के मामलों का पता लगाने के लिए प्राइवेट खुफिया एजेंसियों की सहायता लेना। टाटा इन्स्टिट्यूट आफ सोशल साइंसिज़ की मदद से व्यवहार विज्ञान के सामाजिक प्रभाव के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए अध्ययन कराना। बोर्ड सदस्यों और पैनल सदस्यों की कार्यशालाओं का आयोजन करना।	कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। खुफिया एजेंसी का कार्य प्रगति पर है।	65	खुफिया एजेंसी का काम प्रगति पर है।
	कुल	1162.13	336.00	179.19	53.33 %				

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

(लाख रुपये में)

क्र स	कार्यक्रम का नाम	लक्ष्य/परिणाम	परिव्यय2007-08	परिमाणनीय डयूरेबल्स	31 दिसम्बर 2007 तक खर्च
1.	कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की स्थापना और सीबीएफसी में बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन	सीबीएफसी में प्रमाणन प्रक्रिया का कम्प्यूटरीकरण और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए उपकरणों की खरीद	50.00	प्रमाणन प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत की जाएगी और 9 क्षेत्रीय कार्यालयों को कम्प्यूटर से जोड़ा जाएगा तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए टीवी, वी सी डी, डीवीडी और अन्य तकनीकी उपकरण खरीदे जायेंगे।	31 दिसम्बर, 2007 तक करीब 26 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव था, जिसमें बुनियादी ढांचे , तकनीकी उपकरण, डाटा एंट्री, टीवी /डीवीडी और वीसीआर संबंधी खर्च शामिल हैं।
2.	नई दिल्ली कटक और गुवाहाटी में क्षेत्रीय कार्यालय खोलना और मौजूदा ढांचे को सुदृढ बनाना।	इन क्षेत्रों के लिए फिल्मों को प्रमाणित करना।	50.00	पूर्वोत्तर, उत्तर भारत और उड़ीसा राज्य के निर्माताओं द्वारा सेलुलाइड और वीडियो, दोनों ही फार्मेट में तैयार विज्ञापनों और फिल्मों का प्रमाणन सिनेमैटोग्राफी अधिनियम-1952 के प्रावधानों के उल्लघनों की जांच करना।	एसएफसी की मंजूरी का इंतजार है।
3.	प्रमाणन प्रक्रिया का आधुनिकीकरण और निगरानी	कार्यशालाओं का आयोजन, अध्ययन करवाना और सिनेमैटोग्राफी अधिनियम के उल्लंघनों की जांच में राज्य सरकार के अधिकारियों की सहायता के लिए खुफिया एजेंसियों को लगाना।	100.00	बोर्ड के सदस्यों और परामर्श पैनल के सदस्यों के लिए नियमित अंतराल पर कार्यशालाओं का आयोजन। प्रमाणन प्रक्रिया के बारे में अध्ययन कराना / तत्संबंधी जानकारी एकत्र करना। राज्य सरकार की सहायता के लिए सभी 9 अंचलों के लिए खुफिया एजेंसियां काम में लगाना।	31 दिसम्बर, 2007 तक 30.00 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत फिल्म प्रमाणन के निरीक्षण अधिकारियों/बोर्ड सदस्यों और पैनल सदस्यों की कार्यशालाओं के आयोजन और टाटा इन्स्टिट्यूट आफ सोशल साईंसिज, जैसे संगठन के जरिए अध्ययन कराके जानकारी प्राप्त करने की व्यवस्था है।
4.	क्षेत्रीय कार्यालयों में अलग डिजिटल वीडियो प्रमाणन इकाइयों की स्थापना करना।	सीबीएफसी प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति के साथ गति बनाये रखने के लिए वीएचएस के स्थान पर वीसीडी और डीवीडी प्लेयर भी इस्तेमाल कर सकता है।	01.00		31 दिसम्बर 2007 तक करीब 45000 रुपये खर्च का प्रस्ताव था।

बाल फिल्म समिति, भारत

(सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत स्वायत्तशासी निकाय)

पिछले प्रदर्शन की समीक्षा

(उपलब्धियां)

उपलब्धियां	लक्ष्य	प्रत्याशित उपलब्धियां 2006-07		लक्ष्य 2007-08
2005-06	2006-07	अप्रैल-दिसंबर 2006	जनवरी=मार्च 2007	

योजना - 1 निर्माण

1.	निर्माण	4 फीचर फिल्में	5 फीचर+2 लघु फिल्में	4 फीचर+5 लघु फिल्में	4 फीचर + 1 लघु फिल्म	5 फीचर+ 2 लघु फिल्में
2.	डबिंग	6 फिल्में	14 फिल्में	2 फिल्में पूरी हो गईं	3 फीचर + 1 लघु फिल्म	14 फिल्में
3.	उप-शीर्षक	–	10 फिल्में	2 फिल्में	करीब 5 फिल्में	10 फीचर + 2 लघु फिल्में
4.	खरीद	1. फीचर फिल्म	3. फिल्में	–	–	3 फिल्में
5.	प्रिंट की लागत	–	–	–	–	–

योजना-II-समारोह

1.	समिति द्वारा आयोजित बाल फिल्म समारोह	14 समारोह	–	स्वर्ण जयंती फिल्म समारोह	–	15 बाल फिल्म समारोह
2.	अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भागीदारी	15	15	14	5	15

योजना-III आधुनिकीकरण और विकास

1.	वीडियो	–	–	–	–	–
2.	सूचना व प्रोद्योगिकी	मौजूदा कम्पूटरों का उन्नयन	सहायक उपकरणों की खरीद व मौजूदा कंप्यूटरों का उन्नयन	–	मौजूदा कंप्यूटरों का उन्नयन व दफ्तर के श्रम के लिए लिए सॉफ्टवेयर की खरीद	2 लैपटॉप कंम्प्यूटरों की खरीद और मौजूदा कंप्यूटरों का उन्नयन

योजना-IV - कार्यशालाएं

1.	एनिमेशन	17	8	5	3	8
2.	फिल्म निर्माण					

योजना-V - दर्शक अनुसंधान व बाजार सर्वेक्षण

–	–	–	–	–	–	–

योजना-VI डिजिटल रूपांतरण और इंटरनेट पर प्रसारण

1.	डिजिटल रूपांतरण	–	–	–	–	करीब 15 घंटों की फिल्मों के डिजिटल रूपांतरण का प्रस्ताव है
2.	इंटरनेट पर प्रसारण	–	समिति की वेबसाइट का रखरखाव			समिति की वेबसाइट का रखरखाव

योजना-VII नगर निगम के स्कूलों में फिल्मों का प्रदर्शन

सरकारी स्कूलों में फिल्मों का प्रदर्शन	27 लाख से ज्यादा बच्चों के लिए 7026 प्रदर्शन आयोजित	25 लाख से ज्यादा बाल दर्शकों के लिए 5000 प्रदर्शन आयोजित	22 लाख से ज्यादा बाल दर्शकों के लिए 4359 प्रदर्शन आयोजित	तमिलनाडु कर्नाटक व केरल में 6 लाख बाल दर्शकों के लिए प्रर्दशनों की योजना	25 लाख बाल दर्शकों के लिए 5000 प्रदर्शनों का आयोजन

नई योजना - हैदराबाद में समिति परिसर

हैदराबाद में सी एफ एस आई बाल फिल्म परिसर	–	–	–	–	हैदराबाद में बाल फिल्म परिसर का निर्माण

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय

(I) वर्ष 2005-2006 के लक्ष्य और उपलब्धियां

वित्तीय

(लाख रुपये में)

(बजट अनुमान 2005-2006)			(वास्तविक खर्च 2005-2006)		
योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल
309.00*	5889.00	6198.00	293.89	6167.12	6461.01

* इसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 31.00 लाख रुपये शामिल हैं।

वास्तविक प्रदर्शन:

वार्षिक योजना 2005-2006

भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियां

वार्षिक योजना 2005-06 के अंतर्गत जारी एक कार्यक्रम यानी 'विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा और संप्रेषण' के लिए 309.00 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया था। मार्च 2006 तक इसमें से 293.89 लाख रुपये खर्च किए गए। इस प्रकार वित्तीय लक्ष्य के संदर्भ में 95.10 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गयी। यह योजना कार्यक्रम बाह्य प्रचार, मुद्रित प्रचार, डिस्प्ले और वर्गीकृत विज्ञापन, तथा इलेक्ट्रोनिक माध्यम पर सूचना संप्रेषण के जरिए लागू किया गया।

1. **बाह्य प्रचार :-** "राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सदभाव'' और "तंबाकू विरोधी'' अभियान के लिए बाह्य प्रचार के अंतर्गत 61 होर्डिंग्स, 1830 बस पैनल, 535 किऑस्क, 18 एनिमेशन डिस्प्ले प्रणालियां, 125 मैट्रो ट्रेन इन्साइड पैनल, 10 मैट्रो किऑस्क और 10 मैट्रो डिस्प्ले बोर्ड पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देश भर में प्रदर्शित किए गए।

2. **मुद्रित प्रचार :-** यूपीए सरकार की उपलब्धियों के बारे में पुस्तिकाओं की 2,55,000 प्रतियां हिंदी, अंग्रेजी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में मुद्रित और देश भर में वितरित की गयीं।

3. **डिस्प्ले और वर्गीकृत विज्ञापन :-** डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जयंती, दहेज विरोध, ध्वनि प्रदूषण, एचआईवी एड्स, सरदार पटेल जयंती और गणतंत्र दिवस के बारे में विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन जारी किए गए।

4. **इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर सूचना संप्रेषण :-** दूरदर्शन और प्राइवेट चैनलों के जरिए देशभर में विभिन्न अभियानों के अंतर्गत प्रचार किया गया। इसके अंतर्गत महिला अधिकारिता और महिलाओं से संबद्ध मुद्दों के बारे में टीवी स्पॉट्स फिल्में बनायी गयीं और प्रदर्शित की गयीं। स्वच्छता के बारे में वीडियो स्पॉट दिखाया गया। एचआईवी/एड्स और भारत उदय के बारे में वीडियो/ऑडियो स्पॉट दूरदर्शन और निजी चैनलों के जरिए प्रदर्शित/प्रसारित किए गए।

योजना/गैर योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग

वर्ष 2005-06 के दौरान लक्ष्य और उपलब्धियां नीचे दी गयी हैं:

क्र.स	ब्योरा	लक्ष्य	उपलब्धियां
1	प्रदर्शनी	650	810
2	डिस्प्ले/वर्गीकृत विज्ञापन	22571	23384
3	रेडियो/टेलीविजन पर विज्ञापन	5735	4975@
4	मुद्रित प्रचार	170	184*
5	बाह्य प्रचार	250	470

@ इसके अंतर्गत सभी भाषाओं में तैयार किए गए रेडियो स्पॉट्स/प्रायोजित रेडियो कार्यक्रम शामिल हैं। जिनमें 83395 प्रसारण और 50528 टेलीकास्ट शामिल हैं।

* विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित 535 आइटम शामिल हैं।

(II) वर्ष 2006-2007 के लिए लक्ष्य और उपलब्धियां

बजट आबंटन

(लाख रुपये में)

योजना	गैर-योजना	कुल
259.00*	5925.0	6184.00

* इसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 26.00 लाख रुपये शामिल हैं।

वास्तविक प्रदर्शन:

क) वार्षिक योजना 2006-07 :- पहले से जारी 'विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा और संप्रेषण' के लिए 259.00 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया था । इसमें पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए 26.00 लाख रुपये का स्वीकृत परिव्यय भी शामिल था। 31 दिसम्बर, 2006 तक इस राशि में से 74.03 लाख रुपये खर्च किए जा चुके थे।

उपलब्धियां :-

वार्षिक योजना 2006-07 में वर्णित योजना कार्यक्रम विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिए लागू किये जा रहे हैं।

1. **बाह्य प्रचार :-** बाह्य प्रचार के जरिए "बालिका शिशु" और "बाल विवाह" के बारे में पूर्वोत्तर राज्यों सहित देशभर में 75 होर्डिंग्स, 1400 बस पैनल, 40 मैट्रो पिलर किऑस्क, 100 मैट्रो ट्रेन इन्साइड पैनल, 550 ट्रेन पैनल और 10 मैट्रो किऑस्क प्रदर्शित किए गए।

2. **मुद्रित प्रचार :** यूपीए सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में पुस्तिकाओं और 'रिपोर्ट टू द पीपल' की 97,000 प्रतियां हिंदी, अंग्रेजी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में मुद्रित और वितरित की गयीं।

3. **डिस्प्ले और वर्गीकृत विज्ञापन:-** सरदार पटेल जयंती, सूचना अधिकार अधिनियम के बारे में विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन जारी किए गए।

4. **इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर सूचना संप्रेषण:-** इस वर्ष के मुख्य प्रचार अभियानों में महिला अधिकारिता और महिलाओं से संबंधित अन्य मुद्दों के बारे में टेलीविजन स्पॉट्स का निर्माण और प्रदर्शन, गांधीजी के बारे में वीडियो/ऑडियो स्पॉट का प्रदर्शन, भारत उदय और नक्सलवाद की समस्या के बारे में वीडियो/ऑडियो स्पाट का प्रदर्शन/प्रसारण शामिल हैं। ये अभियान दूरदर्शन और कुछ प्राइवेट चैनलों के माध्यम से देशभर में चलाए गए।

(ख) योजना/गैर-योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग 2006-07)

क्र.स	ब्योरा	लक्ष्य	उपलब्धियां 31.03.07 तक प्रत्याशित उपलब्धिया
1	प्रदर्शनी	650	665
2	डिस्प्ले/वगीकृत विज्ञापन	25435	22466
3	रेडियो/टेलीविजन पर विज्ञापन	4595	2764@
4	मुद्रित प्रचार	160	195*
5	बाह्य प्रचार	250	250

@ इसके अंतर्गत सभी भाषाओं में तैयार किए गए रेडियो स्पॉट्स/प्रायोजित रेडियो कार्यक्रम शामिल हैं। जिनमें 50450 रेडियो प्रसारण और 56618 टेलीकास्ट शामिल हैं।

* विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित 600 आइटम शामिल हैं।

(III) वर्ष-2007-08 के लिए लक्ष्य

वित्तीय

बजट अनुमान

(लाख रुपये में)

योजना	गैर-योजना	कुल
2601.00*	6139.25	8740.25

* इसमें देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 226.00 लाख रुपये का प्रावधान भी शामिल है।

भौतिक लक्ष्य

योजना/गैर-योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग

क्र.स	ब्योरा	लक्ष्य
1	प्रदर्शनी	650
2	डिस्प्ले/वर्गीकृत विज्ञापन	25435
3	रेडियो/टेलीविजन पर विज्ञापन	5940
4	मुद्रित प्रचार	205
5	बाहय प्रचार	250

डीएवीपी की वार्षिक योजना : 2007-08

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार की बहु-मीडिया विज्ञापन एजेंसी है। यह सभी मंत्रालयों/विभागों और विभिन्न स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की प्रचार आवश्यकताओं को पूरा करती है और उन्हें एक ही स्थान पर सभी सेवाएं प्रदान करती है। यह ग्रामीण और शहरी लोगों को सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी देती है और उन्हें विकास गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करती है।

वार्षिक योजना 2007-08 के अंतर्गत 2 कार्यक्रम यानी (i) पहले से जारी "विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम के जरिए लोगों तक पहुंचना : धारणा और संप्रेषण" तथा (ii) "डीएवीपी का आधुनिकीकरण" नामक नया कार्यक्रम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के लिए कुल 2601.00 लाख रुपये के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। इसमें 260.00 लाख रुपये पूर्वोत्तर राज्यों के लिए शामिल हैं। पहले से जारी कार्यक्रम "विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम के जरिए लोगों तक पहुंचना : धारणा और संप्रेषण" का संबंध सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों और नीतियों के प्रसार के बारे में राष्ट्रीय महत्व के अभियानों से है। ये अभियान बहु-प्रचार माध्यमों यानी प्रदर्शनी, बाह्य प्रचार, इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर सूचना संप्रेषण और वर्गीकृत विज्ञापन तथा मुद्रित प्रचार के जरिए चलाए जाते हैं।

वार्षिक योजना 2007-08

(लाख रुपये में)

क्र स	योजना का नाम	वार्षिक योजना 2007-08 (प्रस्तावित परिव्यय)	सामान्य घटक	पूर्वोत्तर घटक
1.	2.	3.	4.	5.
1.	विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम के जरिए लोगों तक पहुंचना :धारणा और संप्रेषण			
	क) प्रदर्शनी	30.00	27.00	3.00
	ख) डिस्प्ले और वर्गीकृत विज्ञापन	1000.00	900.00	100.00
	ग) इलेक्ट्रोनिक मीडिया सूचना संप्रेषण	1500.00	1350.00	150.00
	घ) मुद्रित प्रचार	40.00	36.00	4.00
	ङ) बाहय प्रचार	30.00	27.00	3.00
	कुल (एक)	**2600.00**	**2340.00**	**260.00**
2.	डीएवीपी का आधुनिकीकरण			
	क) कम्प्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण	1.00	1.00	0.00
	ख) कार्यालय ढांचा			
	ग) मानव संसाधन विकास			
	कुल (2)	**1.00**	**1.00**	**0.00**
	कुल योग	**2601.00**	**2341.00**	**260.00**

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

विगत कार्य निष्पादन की समीक्षा

वित्तीय कार्य निष्पादन

(हजार रुपये में)

योजना/गैर-योजना	2005-06		2006-07		2007-08
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य
योजना	22600	5667	11301	7956	1200
गैर-योजना	231200	23441	262595	198600	259910

2005-6 - इसमें दो योजना स्कीमों फिल्म एवं कैसेट की खरीद तथा कैपिटल स्टाफ का आधुनिकीकरण तथा उन्नयन' है। पहली स्कीम के तहत 3463 कैसेट/सी.डी. खरीदी गईं तथा दूसरी स्कीम के तहत 15 डाटा प्रोजेक्टर, 15 डी.वी.डी. प्लेयर, 50 डब्ल्यू.पी.ए. प्रणाली खरीदी गई और 4 कम्पयूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए। लक्ष्य की प्राप्ति में कमी इस कारण से थी कि वित्त मंत्रालय के प्रतिबध आदेश के कारण गाडियां नहीं खरीदी जा सकीं तथा आपूर्तिकर्ताओं द्वारा वित्तीय वर्ष में आपूर्ति न कर पाने के कारण कम्प्यूटर नहीं खरीदे जा सकें।

2006-07 -प्रथम स्कीम 'फिल्म एवं कैसेटों की खरीद' के तहत फिल्म प्रभाग तथा डी.ए.वी.पी. को आदेश दिए गए तथा पूरी धनराशि जारी की गई। दूसरी स्कीम के तहत 69.564 लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया तथा वायरलैस सिस्टम, डाटा प्रोजेक्टर, डी.वी.डी. प्लेयर आदि के लिए खरीद आदेश दे दिए गए।

वास्तविक (कार्यक्रम) निष्पादन

(हजार रुपये में)

योजना (गैर-योजना)	2005-06		2006-07		2007-08
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य
दौरे वाले दिन	33816	29053	33816	14626	28536
फिल्म शो	60924	40422	60924	25443	59556
विशेष कार्यक्रम	7380	10977	7380	4758	7380

2005-06 - उपलब्धियों में कमी का कारण डी एफ पी में स्टाफ और गाड़ियों की कमी है।

2006-07 - उपलब्धियों में कमी का कारण डी.एफ.पी. में स्टाफ और गाड़ियों की कमी है।

फिल्म समारोह निदेशालय

गैर-योजना शीर्ष के तहत 2005-06 तथा 2006-07 (31.12.2006 तक) के वास्तविक प्रदर्शन की समीक्षा

क्र. सं.	स्कीम का नाम	2005-06 के लिए लक्ष्य	उपलब्धियां 2005-06	कमी के कारण	2006-07 के लिए लक्ष्य	उपलब्धियां 2006-07 से 31.12.06 तक	वास्तविक प्रदर्शन की समीक्षा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	वेतन	–	–			–	–
2.	समयोपरि भत्ता	–	–	–	–	–	–
3.	घरेलू व्यय	–	–	–	–	–	–
4.	कार्यालय व्यय	–	–	–	–	–	–
5.	किराया, दर, कर	–	–	–	–	–	–
6.	लघु कार्य	–	–	–	–	–	–
7.	मजदूरी	–	–	–	–	–	–
8.	अन्य प्रभार	–	–	–	–	–	–
9.	देश विदेश में फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात संवर्धन	*12	14	शून्य	12	3	**
10.	राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार	*01	01	शून्य	01	**	**
11,	बैंकिंग रोकड़ विनिमय कर	–	–	–	–	–	0
12.	चिकित्सा खर्च	–	–				
	कुल						

* अंतिम भुगतानस्तर पर बढ़ाई गई राशि

* कार्यक्रमों की संख्या

* फिल्मों का चयन मेजबान देश द्वारा अपनाए गए मानदंड पर निर्भर करता है

* राष्ट्रीय जूरी द्वारा फिल्म का चयन पूरा कर लिया गया है। केवल पुरस्कार समारोह ही होना शेष है जिसे अदालती मुकद्दमें के कारण रोका हुआ है।

योजना शीर्ष के तहत 2005-06 तथा 2006-07 (31.12.2006 तक) के वास्तविक प्रदर्शन की समीक्षा

(हजार रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम का नाम	2005-06 के लिए लक्ष्य	उपलब्धियां 2005-06	कमी के कारण	2006-07 के लिए लक्ष्य	उपलब्धियां 2006-07 31.12.06 तक	वास्तविक प्रदर्शन की समीक्षा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	विदेश यात्रा खर्च	–	–	–	–	–	–
2.	भारत के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह सहित भारत तथा विदेश में फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात संवर्धन	01	01	शून्य	01	01	शून्य
3.	(i) विदेशी फिल्म समारोहों में भागीदारी	45	52	शून्य	45	35	शून्य
	(i) भारतीय पैनोरमा	01	01	शून्य	01	01	शून्य
4.	फिल्म समारोह परिसर फेरबदल और अतिरिक्त	*	–	*	–	–	*
	कुल						

* योजना के तहत "एफ एफ परिसर का नवीनीकरण और सुविधाओं में सुधार" के घटक को लागू करने की प्रशासनिक स्वीकृति चालू वर्ष के दौरान दी जा चुकी है। इसकी कुल लागत 3.18 करोड़ रुपये है। सी सी डब्ल्यू के जरिये कार्यों को करने के लिए 2.10 करोड़ रुपये के खर्च की स्वीकृति भी दिसम्बर, 2006 में जारी कर दी गई।

फिल्म प्रभाग

निर्माण गतिविधि

(लाख रुपये में)

2005-06 का वास्तविक			2006-07 का बजट अनुमान			अनुमोदित बजट अनुमान 2006-07			अनुमोदित बजट अनुमान 2007-08		
योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़
00.00	820.10	820.10	00.00	923.04	923.04	00.00	810.04	810.04	00.00	846.94	846.94

अ. (वृत चित्र - न्यूज मैगजीन सहित)

		उपलब्धिया 2005-06	लक्ष्य 2006-07	अप्रैल 2006 से दिसंबर 2006 से	संभावित उपलब्धियां 2006-07 जनवरी 2007 मार्च 2007	लक्ष्य 2006-07
1.	**फिल्म प्रभाग द्वारा निर्माण**					
	अ. गैर-योजना			4	4	
(i)	न्यूज मैगजीन	12	0(*)	10		
(ii)	वृत्तचित्र सिनमा रिलीज	24	26	17	20	26
(iii)	वृत्तचित्र गैर-सिनेमा रिलीज	12	10	7	5	10
(iv)	शैक्षिक, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संबंधी फिल्में	4	0	2	1	0
	जोड़	52	36	36	30	36
2.	बाहरी निर्माताओं सहित बाहर करवाया निर्माण					
अ	गैर योजना (वृतचित्र)	6	0(*)	2	3	0(*)
	जोड़	**6**	**0**	**38**	**33**	**0**

(*) फिल्म प्रभाग केवल अति विशिष्ट व्यक्तियों की विदेश यात्राओं और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय घटनाओं/आपदाओं पर फिल्में बनाता है। अतः न्यूज मैगजीन फिल्मों के निर्माण का कोई लक्ष्य तयं

नहीं होता। लेकिन फिल्म प्रभाग का प्रयास होता है कि हर साल कुल 52 वृत्तचित्र जरूर बनाए जाएं ताकि हर हफ्ते उसके सिनेमा मार्केट द्वारा सिनेमाघरों को फिल्में उपलब्ध कराई जाती रहें।

(**) बाहरी निर्माताओं से गैर-योजना (वृत्तचित्र) बनवाने का कोई लक्ष्य तय नहीं है। फिल्मों की संख्या धन की उपलब्धता पर निर्भर करती है।

3. योजना

	उपलब्धि 2005-06	लक्ष्य 2006-07	संभावित उपलब्धियां 2006-07		लक्ष्य 2007-08
			अप्रैल 2006 से दिसं. 2006 तक	जन. 2007 से मार्च 2007 तक	
फिल्म प्रभाग के निदेशकों एवं बाहरी निर्माताओं द्वारा विशेष लघु कथा चित्रों का ग्रामीण दर्शकों के लिए निर्माण			स्कीम बंद कर दी गई है		

उक्त फिल्मों के अलावा नीचे लिखी फिल्में भी बनाई गईं जिनका खर्च अन्य विभागों द्वारा वहन किया गया -

विभाग	उपलब्धियां 2005-06	लक्ष्य 2006-07	संभावित उपलब्धियां 2006-07		लक्ष्य 2007-08
			अप्रैल 2006 से दिसं. 2006 तक	जनवरी 2007 से मार्च 2007 तक	
1. परिवार कल्याण विभाग (24 रीलें)	2	0	0	1	0
2. अन्य विभाग	0	0	1	0	0
जोड़	**2**	**0**	**1**	**1**	**0**

नोट : फिल्म प्रभाग सिनेमाघरों को देने के लिए वृतचित्र एवं न्यूज मैगजीन बनाता है। रक्षा मंत्रालय, परिवार कल्याण विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण आदि के लिए बनाई जाने वाली फिल्में इसमें शामिल नहीं हैं।

ब. न्यूज मैगजीन

अ. न्यूज मैगजीन का निर्माण उप मुख्य निर्माता (न्यूज रील) के नेतृत्व में एक अधिकारी दल द्वारा किया जाता है। इनका मुख्यालय मुंबई है। 13 मुख्य कैमरामैन एवं 5 सहायक कैमरामैन मुंबई, कोलकता, चेन्नई और नई दिल्ली आदि में तैनात हैं। मुख्य कैमरामैन न्यूज मैगजीन एवं दूरदर्शन द्वारा इस्तेमाल के लिए अन्य केंद्रों से भी घटनाओं की फिल्मों प्राप्त करने की व्यवस्था करता है।

ब. 2005-06 के दौरान फिल्म प्रभाग ने 12 न्यूज मैगजीन तैयार थीं। 2006-07 के दौरान 14 न्यूज मैगजीन तैयार किए जाने का कार्यक्रम हैं लेकिन सरकार ने सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए कोई न्यूज मैगजीन न बनाने का फैसला किया है। इसके बाद 52 वृतचित्र बनाए जाएगे- हर हफ्ते एक फिल्म/ राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं और अति विशिष्ट व्यक्तियों की विदेश यात्राओं का कवरेज चीफ कैमरामैन द्वारा जारी रखा जाएगा।

4. वितरण

फिल्म प्रभाग सिनेमा और गैर-सिनेमा वर्गो की न्यूज मैगजीनों और वृतचित्रों के विवरण का काम संभालता है। सिनेमा के लिए वितरण सिनेमाघरों के जरिए किया जाता है। अनिवार्य प्रदर्शन स्कीम के तहत उन्हें 609 मीटर (2001 फीट) तक अनुमोदित फिल्में दिखना जरूरी है।

(वित्तीय)

(लाख रुपये में)

	2005-06 का वास्तविक		2006-07 का बजट अनुमान			अनुमोदित बजट अनुमान 2006-07			अनुमोदित बजट अनुमान 2007-08		
योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़
00.00	1180.94	1180.94	00.00	1307.64	1307.64	0.00	1147.55	1147.55	0.00	1199.83	1199.83

प्रत्यक्ष

प्रिंटिंग एवं कैसेट की संख्या	उपलधियां 2005-06	लक्ष्य 2006-07	उपलब्धियां 12/2006 तक	संभालित उपलब्धियां 01/2007 से 03/2007 तक	लक्ष्य 2007-08
सिनेमा रिलीज	14150	14000	9791	3290	13,500
गैर सिनेमा रिलीज	128	245	65	180	200
डी एफ पी को वी एच एस कैसेट की सप्लाई	7613	10,000	183	1600	4,000
डी एफ पी को वीसीडी की सप्लाई	273		1207	1500	4000
प्रिंट्स की बिक्री					
35 एमएम/16 एम एम (कलर)	0	25	0	10	10
35 एम एम/16 एम एम (ब्लैक/व्हाईट)	4	25	0	8	5
बीटा (ब्लैक एंड व्हाइट)	7	0	4	0	0
बीटा (कलर)	0	10	0	10	20
डीवीडी (कलर)	241	0	0	0	20
वीएचएस कैसट (कलर)	1364	2000	185	1000	3000
वीसीडी (कलर)	2268	5000	996	2000	4000
परिवार कल्याण					
बीटा (कलर)	0	10	0	10	10
वी एम एस कैसेट्स	0	10	0	10	10
वीसीडी	0	20	0	10	20

2. जिन सिनेमाघरों को अनुमोदित फिल्में दिखाने के लिए हर हफ्ते फिल्में सप्लाई की गईं, उनकी संख्या नीचे दी जा रही है।

2005-06	9480
2006-07	9376
2007-08	9372

3. सिनेमा वितरण के लिए फिल्म प्रभाग हर सप्ताह एक न्यूज मैगजीन या वृत्तचित्र जारी करता है और इसके लिए पूरे देश को एक सर्किट माना जाता है। हर हफ्ते 353 प्रिंट तैयार किये जाते हैं।

4. फिल्म प्रभाग एन एफ डी सी एवं अन्य एजेंसियों के जरिये अपनी फिल्मों का विदेशों में वाणिज्यिक वितरण करता है इसके अतिरिक्त वह सरकार द्वारा समय-समय पर तय की गई दरों पर स्टाफ शाट्स भी बेचता है।

5. विदेश मंत्रालय की ओर से भारतीय दूतावासों को फिल्म प्रभाग के वृतचित्रों और न्यूज मैगजीन के प्रिंट भेजे जाते हैं। वे इन्हें सरकारी और अर्द्ध-सरकारी संगठनों, शिक्षा संस्थानों आदि को नि:शुल्क दिखाने के लिए देते हैं। ये प्रिंट विदेशों में गैर-वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए बेचे भी जाते हैं। फिल्म प्रभाग कुछ वृत्तचित्रों और न्यूजरील्स को विदेश में वाणिज्यिक आधार पर रॉयल्टी लेकर भी बेचे जाते हैं। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम भी इसमें सहयोग करता है।

6. फिल्म प्रभाग द्वारा देश में वाणिज्यिक प्रदर्शन, प्रिंट्स की बिक्री और स्टॉफ शाट्स बेचने तथा फिल्मों का कबाड़ बेचने से 2005-06 में कमाए गए राजस्व और 2006-07 तक अनुमानित राजस्व का विवरण दिया जा रहा है।

राजस्व - दिसंबर 2006 तक (लाख रुपये में)

	लघु शीर्ष	2005-06 में वास्तविक	संभावित प्रस्तावित संशोधित अनुमान 2006-07	अनुमान 2007-08
1.	किराया	811.00	900.00	800.00
2.	प्रिंट्स और स्टॉफ शाट्स	39.33	17.02	18.00
3.	अन्य प्राप्तियां	25.29	6.00	6.00
	जोड़	875.62	923.02	824.00

1. अधिकांश फिल्म प्रदर्शकों ने मांग किए जाने के बावजूद 1995-1999 की अवधि की राशि नहीं अदा की जिसे देखते हुए संबद्ध राज्यों के उच्च न्यायालयों के समक्ष डब्लूपीएम/डब्लू ए एस दायर किया गया।

2. उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली पंजाब और मध्य प्रदेश के 500 से अधिक सिनेमाघरों ने वित्त वर्ष के दौरान फिल्म प्रभाग से अनुमोदित फिल्मे लेना बंद कर दिया।

5. प्रशासनिक व्यय

2005-06 के लिए वास्तविक			2006-07 का बजट अनुमान			2006-07 का अनमोदित संशोधित अनुमान			2007-08 का अनुमोदित बजट अनुमान		
योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़	योजना	गैर योजना	जोड़
00.00	301.02	301.02	00.00	333.32	333.32	00.00	292.51	292.51	00.0	305.84	305.84

विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भागीदारी

	समारोहों की संख्या	फिल्मों की संख्या जिन्हें प्रविष्टि दी गई
राज्य फिल्म समारोह	21	270
राष्ट्रीय फिल्म समारोह	04	28
अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह	06	60
जोड़	**31**	**358**

वित्तीय आवश्यकताएं
'क' कार्यकलापवार वर्गीकरण
(राजस्व)

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	गतिविधि	2005-06 के लिए वास्तविक			स्वीकृत बजट अनुमान 2006-07			स्वीकृत संशोधित अनुमान 2006-07			स्वीकृत बजट अनुमान 2007-08		
		योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	उत्पादन	0.00	820.10	820.10	0.00	923.04	923.04	0.00	810.04	810.04	0.00	846.94	846.94
2	वितरण	0.00	1180.94	1180.94	0.00	1307.64	1307.64	0.00	1147.55	1147.55	0.00	1199.83	1199.83
3	प्रशासन	0.00	301.02	301.02	0.00	333.32	333.32	0.00	292.51	292.51	0.00	305.84	305.84
	कुल	0.00	2302.06	2302.06	0.00	2564.00	2564.00	0.00	2250.10	2250.10	0.00	2352.61	2352.61

वास्तविक आधार पर योजना कार्यक्रमों पर व्यय

विश्लेषण के बाद 36:51:13 के अनुपात में गैर-योजना व्यय

भारत और विदेश में फिल्म समारोहों में भागीदारी

फिल्म स्कन्ध में दो मुख्य सचिवालय योजना कार्यक्रम हैं, यानी (i) विदेशी समारोह/बाजारों में भागीदारी और (ii) फिल्मों की चोरी की रोकथाम में लगे गैर-सरकारी संगठनों/समारोहों को सहायता। वर्ष 2005-06 के दौरान उपरोक्त दोनों योजनाओं का कार्य निष्पादन इस प्रकार रहा :-

(i) विदेशी समारोह/बाजारों में भागीदारी : यह योजना एसएफसी द्वारा 2002 में मंजूर की गयी थी। इसका उद्देश्य फिल्म उद्योग द्वारा स्वयं निर्यात संवर्द्धन के उपाय करने में समर्थ होने अथवा इस निर्णय को देखते हुए कि कुछ बाजारों का लाभकारी दोहन नहीं किया जा सकता, उसकी सहायता करना है। वास्तव में फिल्म बाजारों में फिल्म उद्योग की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने पर खर्च करने की आवश्यकता है।

फिल्म बाजारों में भागीदारी का प्रयोजन भारतीय फिल्म उद्योग को उजागर करना है, और साथ ही फिल्मों से संबद्ध सूचना प्रौद्योगिकी हासिल करना है ताकि वास्तविक व्यापार में संलग्न होने के लिए उसका इस्तेमाल किया जा सके। विश्व में केन्स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह और बाजार, बर्लिन फिल्म समारोह और अमरीकी फिल्म समारोह आदि प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म बाजार और समारोह की सफलता को देखते हुए सरकार का प्रयास है कि भारत में फिल्म बाजार के आयोजन सहित भारतीय फिल्म उद्योग को प्रोत्साहन का प्रत्येक अवसर प्रदान किया जा सके।

इस कार्यक्रम के लिए भौतिक लक्ष्य निर्धारित किए गए थे और उन्हें हासिल भी किया गया, किंतु ऐसे लाभों को मात्रात्मक रूप में व्यक्त नहीं किया जा सकता, फिर भी इस उद्योग का स्थिर और निरंतर विकास स्पष्ट रूप से हुआ है। वर्ष 2005-06 के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत खर्च की गयी/जारी की गयी धनराशि का ब्योरा इस प्रकार है:-

(लाख रुपये में)

बजट अनुमान 2005-06	**संशोधित अनुमान 2005-06**	**जारी धन**
100.00	100.00	99.00
बजट अनुमान 2006-07	**संशोधित अनुमान 2006-07**	**दिसंबर 2006 तक जारी धन**
100.00	100.00	62.00

(ii) फिल्म चोरी की रोकथाम (एंटी-पाइरेसी) में लगे गैर-सरकारी संगठन तथा फिल्म समारोह

इस कार्यक्रम के निम्नांकित तीन घटक है :-

क) एफएफएसआई को सहायता अनुदान

ख) फिल्म चोरी रोकथाम

ग) राज्य प्रायोजित फिल्म समारोहों को सहायता।

एफएफएसआई करीब 250 फिल्म समितियों का शीर्ष संगठन है, जिसे सहायता अनुदान दिया जाता है ताकि सिनेमा के क्षेत्र में फिल्म संवेदना और श्रोताओं की अभिरुचि का विकास करने में उनकी सहायता की जा सके। 10वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत एफएफएसआई के लिए 20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया था। 2005-06 की वार्षिक योजना में किए गए 4 लाख रुपये के प्रावधान की समूची राशि जारी की गयी। वार्षिक योजना 2006-07 के दौरान अभी तक 3 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। इस योजना के दूसरे घटक यानी ''फिल्म चोरी की रोकथाम में लगे गैर सरकारी संगठनों/फिल्म समारोहों के आयोजन को सहायता अनुदान'' के अंतर्गत 10वीं पंचवर्षीय योजना में 16 लाख रुपये के प्रावधान के साथ कुल 80 लाख रुपये परिव्यय निर्धारित किया गया था। इस उपघटक की एक गतिविधि का संबंध फिल्म चोरी रोकने से संबद्ध है और अन्य गतिविधि अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के आयोजन में राज्य सरकार के निकायों को सहायता देने से संबद्ध है। पिछले और चालू वित्त वर्ष के दौरान जारी राशि का ब्यौरा इस प्रकार है :-

(लाख रुपये में)

बजट अनुमान 2005-06	**शोधित अनुमान 2005-06**	**जारी धन**
20.00	20.00	12.78
बजट अनुमान 2006-07	**संशोधित अनुमान 2006-07**	**दिसंबर 2006 तक जारी धन**
20.00	20.00	18.50

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

शैक्षणिक निष्पादन

वर्ष 2006-07 के दौरान इस संस्थान में विभिन्न पाठक्रमों के लिए 221 छात्रों ने पंजीकरण कराया हुआ था :

फिल्म एवं टी.वी.में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम	टी.वी. में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठयक्रम अभिनय में दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा	छाया चित्रों में पटकथा लेखन का एक एक ग्राफिक्स में वर्षीय स्नातकोत्तर पाठक्रम	एनीमेशन एवं कंप्यूटर डेढ़ वर्षीय पाठयक्रमप्रमाणपत्र पाठयक्रम
118 कला निर्देशन एवं प्रोडक्शन डिजाइन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम 12	30 38 जोड़ 221	11	12

सभी छात्र पास हो गए हैं। अतीत की तरह हमारे छात्र तकनीकी एवं सौंदर्य शास्त्र - दोनों ही दृष्टियों से सिनेमा का स्तर बढ़ाने में सक्रिय रहे हैं। भारतीय सिनेमा के हर क्षेत्र में उनका स्पष्ट योगदान रहा है।

प्रत्यक्ष निष्पादन

वर्ष 2005-06 प्रमुख स्कीमों के लिए रु. 220.60 लाख का योजना अनुदान स्वीकृत किया गया था। ये हैं - (1) एफटीआईआई, पुणे का समुन्नयन एवं आधुनिकीकरण तथा (2) एफटीआईआई पुणे का मानव संसाधन विकास।

इन दोनों उद्देश्यों से लक्ष्य पूरे किए गए। कमी केवल यह रही कि छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत रु. 2.67 लाख की राशि का इस्तेमाल नहीं हो सका और मानव संसाधन विकास की यह स्कीम अधूरी रही।

सत्यजित राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

शैक्षणिक प्रदर्शन

वर्ष 2006-07 के दौरान, संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कोर्सों में 71 छात्र दाखिल हैं। इस संस्थान से निकले कई छात्र फिल्म उद्योग में सफल सिद्ध हुए हैं और भारतीय सिनेमा के प्रति उनका योगदान साफ दिखाई देता है।

वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 37 छात्रों ने डिप्लोमा कोर्स पूरे किए हैं।

भौतिक प्रदर्शन

वर्ष 2006-07 के दौरान, निम्नलिखित स्कीमों पर अमल के लिए 794.00 लाख रुपए का अनुदान मंजूर किया गया था।

समाज को मिले फायदे को वित्तीय पैमाने पर नहीं मापा जा सकता है। ये परिणाम भी वार्षिक परिव्ययों के सीधे परिणाम नहीं हैं। ये पिछले कई सालों से सरकार के निवेश का संचयी प्रभाव हैं।

इस प्रकार, फिल्म और फिल्म से जुड़ी गतिविधियों के क्षेत्र में विशिष्ट कलाकार सत्यजित रे फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान की देन हैं।

क्रमांक	स्कीम का नाम
1	प्रशिक्षण तथा कौशल विकास
2	छात्रवृत्ति, छात्र/संकाय विनिमय कार्यक्रम
3	कम्प्यूटरीकरण और आधुनिकीकरण तथा मानव संसाधन सहित बुनियादी ढांचा
4	कैप्टिव टेलीविजन की स्थापना
5	सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना

उपरोक्त स्कीमों के लिए मानव संसाधन विकास स्कीम के अंतर्गत केवल 3.91 लाख रुपए की राशि का उपयोग नहीं हो पाया, क्योंकि छात्र विनिमय कार्यक्रम के तहत छात्रों की कमी पड़ गई थी।

भारतीय जनसंचार संस्थान

योजना	2005-06			2006-07		
का नाम	वास्तविक लक्ष्य	उपलब्धियां	लक्ष्य पूरा न होने के कारण	वास्तविक लक्ष्य	दिसंबर 2006 तक की उपलब्धियां	लक्ष्य पूरा न होने के कारण
निर्माण और आवास परियोजना	छात्रावास इमारत, निदेशक, रजिस्ट्रार, उप-रजिस्ट्रार और वार्डेन इत्यादि के आवास के निर्माण कार्यों को पूरा करना। छात्रावास और निदेशक के आवास की सजावट।	मरम्मत का कार्य पूर्ण। निदेशक के आवास का सिविल निर्माण कार्य पूर्ण और इलेक्ट्रीकल/इंटीरियर कार्य लिया गया। 14 कमरों वाली छात्रावास इमारत का निर्माण कार्य जारी।	आवासीय क्वार्टरों के निर्माण के लिए जेएनयू से क्लीयरेंस नहीं मिली।	आडीटोरियम में अग्नि-शामक उपकरणों की स्थापना; निदेशक के आवास की सजावट, छात्रावास इमारत का सिविल/ इलेक्ट्रिकल कार्य पूरा। छात्रावास इमारत की सजावट, परियोजना पूरी, ओ/एस बिलों का सेटलमेंट	निदेशक के आवास का निर्माण कार्य पूरा। 14 कमरों वाली छात्रावास इमारत का निर्माण कार्य जारी	सीसीडब्ल्यू की वार्षिक योजना में बजट प्रावधानों की कमी की वजह से ऑडीटोरियम में अग्निशमन उपकरण नहीं लगाए जा सके।
इलेक्ट्रोनिक/प्रिंट/ रेडियो और टीवी पत्रकारिता के लिए सुविधाओं का आधुनिकी-करण और विस्तार	ऑटोमैटिक प्रिंटिंग मशीन और टीवी स्टूडियो करेक्टर जनरेटर, पोर्टेबल वीडियो एडीटर, आनलाइन डाटा नेटवर्क की सदस्यता, सामुदायिक रेडियो परियोजना और इंटरनेट कनेक्टिविटी का सुधार कार्य करना।	2004-05 के दौरान मांगे गए उपकरणों को प्राप्त किया और डिजिटल वेन तथा कैमरा चेन उपकरण प्राप्त करने के लिए आदेश दिए गए। डिजिटल वेन के लिए उपकरणों की आंशिक प्राप्ति।	संस्थान द्वारा बीईसीआईएल को जिन उपकरणों की आपूर्ति के आदेश दिए गए थे उनको अप्रैल 2006 में मिलने की उम्मीद है।	टीवी केमरा चेन और डिजिटल वेन प्राप्त करना और उपकरणों को कमीशन करना। ऑडियो-विजुअल तथा आईटी संबंधी आवश्यक उपकरणों को प्राप्त करना।	बीईसीआईएल को उपकरणों को प्राप्त करने के लिए आर्डर दे दिए गए। कैमराचेन उपकरण और डिजिटेल वेन प्राप्त हो चुकी है और बाकी कुल बिल (डिजिटल वेन को छोड़कर) समायोजित कर लिए गए हैं। 25 लाख रुपये के उपकरण तय कर लिये गए हैं और इसकी खरीद के लिए अधिकृत स्वीकृति ले ली गई है। शेष उपकरणों (33 लाख रु. मूल्य) का चयन कर लिया गया है।	योजनानुसार स्कीम लागू की जा रही है।
अनुसंधान और मूल्यांकन	जनसंचार के विभिन्न पहलुओं पर 3-4 अनुसंधान अध्ययन	तीन अनुसंधान अध्ययन पूरे किए और एक नया अध्ययन	संस्थान में संकाय पदों के रिक्त होने के चलते योजनाओं	जनसंचार के क्षेत्र में अनुसंधान अध्ययन कराना।	आन लाइन पुस्तकों को अपडेट करने का काम	योजनानुसार स्कीम लागू की जा रही हैं।

अध्ययन	कराना; नए मीडिया केंद्र के लिए हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर तथा फर्नीचर इत्यादि प्राप्त करना तथा डिजिटिलाइजेशन; इंटरनेट/ब्रॉडबैंड कनेक्शन की सदस्यता; हिंदी पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए अंग्रेजी पुस्तकों/लेखों का अनुवाद; हिंदी पत्रकारिता के शिक्षकों और छात्रों को प्रशिक्षण; मास मीडिया संबंधी पुस्तकें लिखने के लिए प्रमुख लेखकों को फेलोशिप प्रदान करना। हिंदी पत्रकारिता में प्रशिक्षण के लिए आवश्यक पाठ्य संदर्भ सामग्री प्राप्त करना	हाथ में लिया। फर्नीचर और हार्डवेयर प्राप्त किया। नए मीडिया केंद्र के लिए उपकरणों की खरीद के लिए आर्डर दिए गए। हिंदी में पुस्तकों का अनुवाद कार्य जारी। 'मैनी वाइसेज एंड वन वर्ल्ड' नाम की पुस्तक हिंदी में प्रकाशित की गई।	के कुछ कार्यक्रम पूरी तरह लागू नहीं किए जा सके।	इंटरनेट/ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराना। आनलाइन पुस्तकों को अपडेट करना। हिंदी में संचार। नए मीडिया केंद्र के लिए नई पुस्तकों/संदर्भ सामग्री की खरीद। शीर्षकों के डाटाबेस का सृजन और कंप्यूटर टर्मिनल पर उपयोग के के लिये उपलब्ध कराना।	जारी। पीआईबी के 'जनसूचना अभियान' पर अनुसंधान अध्ययन का काम हाथ में लिया। पुस्तकों के शीषकों के डाटाबेस के सृजन का कार्य जारी। यूनेस्को प्रकाशन के अंतिम संपादन में प्रगति। आलोक वर्मा की पुस्तक की पांडुलिपि अंतिम संपादन के लिए तैयार। 'इंस्टीट्यूट अलुम्नाई' पर एक अनुसंधान अध्ययन पूरा। डीएवीपी के लिए प्रायोजित अनुसंधान का काम हाथ में लिया।	
क्षेत्रीय शिक्षण केंद्रों के साथ सहयोग	परामर्श प्रदान कर क्षेत्रीय केंद्रों/विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करना, शिक्षण सहायता, विशेषज्ञता और लघु अवधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/कार्यशालाएं इन केंद्रों पर जनसंचार/पत्रकारिता के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान के अपने केंद्र खोलने के लिए राज्य सरकारों/क्षेत्रीय केंद्रों को प्रोत्साहन देना।	नगालैंड विश्वविद्यालय के लिए उपकरण स्थानांतरित किए गए। पूर्वोत्तर क्षेत्र के पत्रकारों के लिए लघु कार्यशालाएं आयोजित की।	अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त न होने के चलते कश्मीर विश्वविद्यालय और अन्य क्षेत्रीय केंद्रों के साथ सहयोग नहीं हो सका।	क्षेत्रीय शिक्षण केंद्रों/विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करना और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के लिए लघु अवधि पाठ्यक्रम आयोजित करना।	पूर्वोत्तर के प्रशिक्षु पत्रकारों के लिए लघु अवधि पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। नगालैंड विश्वविद्यालय के छात्र संस्थान में आए और पढ़ने तथा इंटर्नशिप के लिए यहां ठहरे/कुछ कक्षाएं उनके लिए आयोजित की गईं।	किसी भी विश्वविद्यालय से कोई भी सहयोग नहीं हो सका।

पाठ्यक्रमों की उपलब्धियां और लक्ष्य

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	2005 -2006		2006-2007		2007-08
	नियमित पाठ्यक्रम	लक्ष्य	उपलब्धियां	लक्ष्य	उपलब्धियां	लक्ष्य
1.	पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (दिल्ली और ढेंकनाल)	2 पाठ्यक्रम (45* + 40)	2 पाठ्यक्रम (41* + 39)	2 पाठ्यक्रम (45* + 40)	2 पाठ्यक्रम	2 पाठ्यक्रम (45*+ 40)
2.	विज्ञापन और जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	1 पाठ्यक्रम (50*)	1 पाठ्यक्रम (50)	1 पाठ्यक्रम (50*)	1 पाठ्यक्रम (50*)	1 पाठ्यक्रम (50*)
3.	हिंदी पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम	1 पाठ्यक्रम (40)	1 पाठ्यक्रम (40)	1 पाठ्यक्रम (40)	1 पाठ्यक्रम (40)	1 पाठ्यक्रम (40)
4.	रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	1 पाठ्यक्रम (35*)	1 पाठ्यक्रम (35*)	1 पाठ्यक्रम (35*)	1 पाठ्यक्रम (35*)	1 पाठ्यक्रम (35*)
5.	पत्रकारिता (ढेंकनाल में उड़िया) में नौ महीने का स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	1 पाठ्यक्रम (15)	1 पाठ्यक्रम (15)	1 पाठ्यक्रम (15)	1 पाठ्यक्रम (15)	1 पाठ्यक्रम (15)
6.	विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम	2 पाठ्यक्रम (25 + 25)	2 पाठ्यक्रम (22 + 24)	2 पाठ्यक्रम (25 + 25)	2 पाठ्यक्रम (20 + 23)	2 पाठ्यक्रम
7.	आईआईएम ग्रुप ए और ग्रुप बी के लिए संक्षिप्त पाठ्यक्रम/कार्यशालाएं/सम्मेलन/ गोष्ठियां, प्रायोजित और रिफ्रेशर पाठ्यक्रमों सहित	25	15	25	25 से 31 जनवरी 2007 तक	25

*आंकडों में एनआरआई उम्मीदवार शामिल हैं।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

वित्तीय समीक्षा

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	योजना का नाम	वास्तविक व्यय 2004-05	वास्तविक व्यय 2005-06	स्वीकृत बजट अनुसार 2006-07	संशोधित अनुमान 2006-07	31.12.06 तक वास्तविक व्यय
1.	चालू योजना फिल्मों की प्राप्ति एवं अभिलेखा फिल्मों का प्रदर्शन	0.71	1.08	0.73	0.73	0.61
2.	नई योजना एनएफएआई पुणे के दूसरे चरण का निर्माण कार्य	0.40	3.00	4.00	6.47	4.00
	कुल	1.11	4.08	4.73	7.20	4.61

वास्तविक उपलब्धियां

अप्रैल से दिसम्बर, 2006 की अवधि के दौरान अभिलेखागार ने 249 पुस्तकें, 29 स्लाइडें, 32 फिल्म फोल्डर, 197 फिल्म स्क्रिप्ट्स, 982 छाया चित्र, 182 गीत पुस्तिकाएं, 28200 पत्र कतरनें, 178 दीवार पोस्टर्स, 18 वीडियो कैसेटें, 105 डीवीडी प्राप्त कीं तथा 868 इमेजों को सीडी में परिवर्तित किया। 16 भारतीय फिल्मों में अंग्रेजी के सबटाइटल लगाए गये।

एनएफएआई पुणे के दूसरे चरण का निर्माण कार्य

एनएफएआई पुणे के दूसरे चरण का निर्माण कार्य 31 मार्च, 2007 तक पूरा किए जाने की सम्भावना है।

योजनावार वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां
(2005-06 और 2006-07)

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम	वास्तविक लक्ष्य 2005-06	वास्तविक उपलब्धियां 2005-07	वास्तविक लक्ष्य 2006-07	वास्तविक उपलब्धियां 31.12.2006 तक	कमी के कारण यदि कोई है
	चालू योजना अभिलेखा फिल्मों की प्राप्ति एवं प्रदर्शन	700 अदद फिल्में/पुस्तकें/डीवीडी वीएचएस प्राप्त करना	880 अदद फिल्में/पुस्तकें/डीवीडी वीएचएस प्राप्त कीं	700 अदद फिल्में पुस्तकें/डीवीडी वीएचएस प्राप्त करना	802 अदद फिल्में पुस्तकें/डीवीडी प्राप्त की	कोई कमी नहीं
	नई योजना एन एफएआई पुणे में चरण-II भवन का निर्माण	परियोजना के सिविल निर्माण कार्य को पूरा करना	निर्माण कार्य प्रगति पर था	योजना परियोजना को पूरा करना	कार्य प्रगति पर है	कार्य प्रगति पर है

गैर-योजना शीर्ष

एनएफएआई के गैर-योजना खर्च बिजली प्रभार, डाक टेलीफोन, स्टाफ को वेतन तथा स्टोर एवं स्टेशनरी आइटमों पर हुए खर्च से सम्बन्धित है। गैर-योजना के तहत शीर्ष-वार बजट इस प्रकार है

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	उप-शीर्ष	वास्तविक खर्च 2005-06	स्वीकृत बजट अनुदान 2006-07	संशोधित अनुमान 2006-07	बजट अनुमान 2007-08
1.	वेतन	59.97	57.00	42.00	68.00
2.	समयोपरि भत्ता	0.08	0.10	0.10	0.10
3.	चिकित्सा खर्च	0.00	1.00	1.00	1.00
4.	घरेलू यात्रा खर्च	2.58	2.50	2.50	2.70
5.	कार्यालय व्यय	39.51	39.90	40.00	40.00
6.	किराया, दर एवं कर	2.50	2.50	2.50	2.50
7.	बी.सी.टी. कर	0.00	0.10	0.10	0.10
8.	लघु कार्य	26.36	36.70	33.00	35.00
9.	अन्य प्रभार	0.08	0.20.	0.10	0.00
	कुल	131.08	140.00	143.30	149.40

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय, पुणे

(जेंडर बजट)

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम	वित्तीय व्यय बजट अनुमान 07.08	महिलाओं के लिए विशेष वित्तीय व्यय, (यदि लागू है)	वास्तविक परिणाम मात्रात्मक लाभ, एस सी/एस टी के लिए विशेष	अनुमानित परिणाम महिलाओ के लिए विशेष माध्यमिक/आंशिक/अन्तिम	प्रक्रियाएं/समयबद्धता	टिप्पणी/जोखिम सम्बंधी घटक
			कोई नहीं				

(अनुसूचित जाति/जनजाति बजट)

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम	वित्तीय व्यय बजट अनुमान 07-08	अनु.जा./ज.जा. के लिए विशेष वित्तीय व्यय (यदि लागू है)	वास्तविक परिणाम/मत्रात्मक लाभ अनु.जा./ज.जा. के लिए विशेष	अनुमानित परिणाम अनु.जा./ज.जा. के लिए विशेष माध्यमिक/आंशिक/अन्तिम	प्रक्रियाएं/समबद्धता	टिप्पणी जोखिम संबधी घटक
				कोई नहीं			

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय, पुणे
(पूर्वोत्तर के लिए बजट)

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम	वित्तीय व्यय बजट अनुमान 07-08	पूर्वोत्तर राज्यों के लिए विशेष वित्तीय व्यय (यदि लागू है)	वास्तविक परिणाम/ मत्रात्मक लाभ पूर्वोत्तर राज्यों के लिए विशेष	अनुमानित परिणाम पूर्वोत्तर राज्यों के लिए विशेष माध्यमिक/आंशिक/ अन्तिम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम सम्बन्धी घटक
				कोई नहीं			

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड

वास्तविक लक्ष्यों के साथ अनुमानित उपलब्धियों तथा वास्तविक उपलब्धियों का वर्ष 2005-06 के लिए स्वीकृति योजना एवं गैर-योजना परिव्यय ब्यौरा

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	योजना का नाम	वित्त वर्ष 2005-06 के लिए स्वीकृति परिव्यय		वर्ष 2005-06 की प्रत्याशित उपलब्धियाँ		वर्ष 2005-06 की वास्तविक उपलब्धियाँ		वर्ष 2005-06 के लिए गैर-योजना कर्ज	
		आर्थिक	वास्तविक	आर्थिक	वास्तविक	आर्थिक	वास्तविक	आर्थिक	वास्तविक
1.	फिल्म निर्माण, (स्व-निर्माण, सह-निर्माण तथा सब्सिडी योजना)	465	13	32	2	9	1	477	-
2.	मैट्रो केन्द्रों पर खुद की प्रदर्शनी हेतु ढाँचागत सुविधाएं विकसित करना	110	1	-	-	-	-	-	-
3.	तकनीकी उपकरणों का आधुनिकीकरण एवं प्रतिस्थापन तथा नई योजनाओं की शुरूआत	150	-	10	-	1	-	-	-
4.	बाजार ढाँचे का निर्माण और भारतीय फिल्मों को विदेशों में बढ़ावा	50	-	16	-	11	-	-	-
	कुल	**775**		**58**		**21**		**477**	-

वर्ष 2006-07 के लिए स्वीकृति योजना परिव्यय (वास्तविक लक्ष्यों सहित) तथा अनुमानित उपलब्धियाँ और वर्ष 2007-08 की वार्षिक योजना के लिए योजना प्रस्ताव का सार वित्तीय एवं वास्तविक लक्ष्यों सहित इस प्रकार है :

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	योजना का नाम	वित्त वर्ष 2006-07 के लिए स्वीकृति परिव्यय		वर्ष 2006-07 की प्रत्याशित उपलब्धियाँ		योजना का नाम	वार्षिक योजना 2007-08 के लिए प्रस्तावित परिव्यय	
		आर्थिक	वास्तविक	आर्थिक	वास्तविक		आर्थिक	वास्तविक
1.	फिल्मों का निर्माण, (स्व-निर्माण, सह-निर्माण तथा सब्सिडी योजना)	4.75	13	5.00	13	विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं में फिल्म निर्माण	12.00	5
2.	मैट्रो केन्द्रों पर खुद की प्रदर्शनी हेतु ढाँचागत सुविधाएं विकसित करना	1.10	1	1.10	1	अंतर्राष्ट्रीय/घरेलू सह-निर्माण	5.00	2
3.	तकनीकी उपकरणों का आधुनिकीकरण एवं प्रतिस्थापन तथा नई योजनाओं की शुरूआत	1.50	-	1.50	-	ग्लोबल मार्किट में भारतीय फिल्म निर्माण	0.50	-
4.	बाजार ढाँचे का निर्माण और भारतीय फिल्मों को विदेशों में बढ़ावा	0.50	-	0.50	-	स्क्रिप्ट विकास	0.50	8
	कुल	**7.85**		**8.10**			**18.00***	

* वर्ष 2007-08 के लिए 18.00 करोड़ रु. के प्रस्तावित वार्षिक योजना परिव्यय में स्वीकृति योजना आवंटन के 3.10 करोड़ रुपये से विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं के फिल्म निर्माण के लिए 3.00 करोड़ रुपये तथा 0.10 करोड़ रुपये इक्विटी सहभागिता के लिए हैं। इसके अलावा, निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए पूँजीगत योजना के अन्तर्गत वर्ष 2006-07 के लिए एन.एफ.डी.सी. को 15 करोड़ रुपये ऋण सहायता के सम्बंध में प्रस्ताव भारत सरकार के अधीन विचारणीय है :

क्र. सं.	ऋण का प्रयोजन	राशि
(i)	100 एन एफ डी सी फिल्मों के परिरक्षण हेतु हाई डिफीनीशन डिजीटलीकरण के लिए	1.50 करोड़ रुपये
(ii)	डीवीडी ऑथरिंग तथा प्रसिद्ध एन एफ डी सी फिल्मों की प्रतिकृति के लिए	1.00 करोड़ रुपये
(iii)	मार्केटिंग के लिए फिल्मों को प्राप्त करने हेतु	2.50 करोड़ रुपये
(iv)	प्रादेशिक फिल्मों के निर्माण के लिए	10,.00 करोड़ रुपये
	कुल	रुपये 15.00 करोड़

यह राशि वर्ष 2006-07 के दौरान अनुदान के लिए अनुपूरक मांग के तीसरे और अंतिम बैच में माँगी गई है।

पत्र सूचना कार्यालय

वर्ष 2006-07 में दिसंबर 2006 तक की योजना स्कीम में प्रगति

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम का नाम	एसबीजी 2006-07	दिसं. 2006 तक लक्ष्य		दिसं. 2006 तक उपलब्धि		कमी		कमी के कारण		मार्च 2007 से पहले पूरे उपयोग के लिए प्रस्तावित उपाय
			वित्तीय	प्रत्यक्ष	वित्तीय	प्रत्यक्ष	वित्तीय	प्रत्यक्ष	वित्तीय	प्रत्यक्ष	
1.	नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस केंद्र की स्थापना	1000.00 (सी)	750.00 (सी)	1, दिल्ली शहरी आर्ट्स कमीशन द्वारा ले आउट प्लान की स्वीकृति 2. भवन निर्माण योजना आदि की स्वीकृति 3. ठेकेदारों के चयन आदि की प्रक्रिया			750.00	शहरी विकास मंत्रालय सी पी डब्ल्यू डी से अनुरोध करने को कहा गया है कि वह स्वीकृति प्राप्त करे और एन डी एम सी को दिल्ली शहरी आर्ट्स कमीशन को अनुरोध भेजने को कहे। एन सी डी एम से पुराना बंगला गिराने की अनुमति मांगी गई है।		शहरी विकास मंत्रालय सी पी डब्ल्यू डी से अनुरोध करने को कहा गया है कि वह स्वीकृति प्राप्त करे और एन डी एस सी को दिल्ली शहरी आर्ट्स कमीशन को अनुरोध भेजने को कहे। एन डी एम से पुराना बंगला गिराने की अनुमति मांगी गई है।	शहरी विकास मंत्रालय से अनुरोध किया गया है कि भवन र्मिाण अनुमति को अंतिम रूप से और इसकी सूचना एनडीएमसी को भेजे ताकि शहरी आर्ट्स आयोग को अनुरोध भेजा जा सके। इसी बीच एनडीएमसी से पुराने बंगले आदि को गिराने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है।

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम का नाम	एसबीजी 2006-07	दिसं. 2006 तक लक्ष्य वित्तीय	दिसं. 2006 तक लक्ष्य प्रत्यक्ष	दिसं. 2006 तक उपलब्धि वित्तीय	दिसं. 2006 तक उपलब्धि प्रत्यक्ष	कमी वित्तीय	कमी प्रत्यक्ष	कमी के कारण वित्तीय	कमी के कारण प्रत्यक्ष	मार्च 2007 से पहले पूरे उपयोग के लिए प्रस्तावित उपाय
2.	पत्र सूचना कार्यालय (पसूका) की गतिविधियों का आधुनिकीकरण एवं कंप्यूटरीकरण क. डिजिटल स्टोरेज एवं उच्च गति संचार ख. सूचना केंद्र की स्थापना और कनेक्शन देना	82.55 37.55 (आर) 45.00 (सी) 43.41 (आर)	61.91 28.96 (आर) 33.75 (सी) 32.56(आर)	ए एमसी कंज्यमूक्स, साफ्टवेयर एवं ट्रेनिंग आई एस पी चार्जेस पसूका मुख्यालय में एवी यूनिट की स्थापना, शिमला और भुवनेश्वर में मिनी मीडिया सेंटर चलाने और रख-रखाव का खर्च, वाहनों का किराया	21.49 (आर) 28.90 (आर)	पसूका मुख्यालय में अस्थायी रूप से ए वी यूनिट की स्थापना कर दी गई है और ए एम सी, आई एस सी सेवाओं के किराये देने आदि पर खर्च हुआ है। 12-09-2006 से यह यूनिट काम कर रही है और गैर योजना निधियों से इसका खर्च किया जा रहा है।	-6.67 (आर) - -33.75 (सी) -3.66 (आर)			सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने पसूका मुख्यालय में ए वी यूनिट लगाने के लिए रु. 45.00 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति की सूना दी है। सू एवं प्र मंत्रालय ने भी पसूका मुख्यालय में ए वी यूनिट लगाने के लिए पूंजी योजना शीर्ष में रु. 45 लाख की स्वीकृति की सूचना दिसंबर 06 में भेजी है।	इस राजस्व शीर्ष के लिए वर्ष के अंत तक निधियों का उपयोग कर लेने के प्रयास किए जाएंगे। व्यय की स्थिति संतोषजनक है।

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम का नाम	एसबीजी 2006-07	दिसं. 2006 तक लक्ष्य		दिसं. 2006 तक उपलब्धि		कमी		कमी के कारण		मार्च 2007 से पहले पूरे उपयोग के लिए प्रस्तावित उपाय
			वित्तीय	प्रत्यक्ष	वित्तीय	प्रत्यक्ष	वित्तीय	प्रत्यक्ष	वित्तीय	प्रत्यक्ष	
3.	पूर्वोत्तर क्षेत्र में जहां जमीन आबंटित कर दी गई है, पसूका भवन का निर्माण	25.00 (सी)	18.75 (सी)	पसूका, आईज़ोल में कार्यालय और आवासीय भवन का निर्माण। डी एफ पी और डी ए वी पी के कार्यालय भी इसमें होंगे।	शून्य	मिजोरम सरकार द्वारा दी गई जमीन का इस्तेममाल करने और पसूका आईज़ोल के भवन के निर्माण के लिए योजना आयोग की अनुमति पाने का प्रस्ताव भेजा गया है। सू एवं प्र मंत्रालय की अपेक्षाओं के अनुरूप इस स्कीम का एस एफ सी मेमो और रु. 2.70 करोड़ लागत वाला प्रस्ताव 25.9.2006 को भेजा गया है। सू. एवं प्रसारण मत्रालय ने सूचित किया है कि अब यह मामला इतनी देर से शुरू करने की जरूरत नहीं और यह स्कीम 11वीं योजना में लागू की जाएगी।	18.75 (सी)		शून्य	यह फैसला किया गया है कि जब तक पक्के अनुमान और भवन उपलब्ध नहीं होते, तब तक इस स्कीम पर अमल रोक दिया जाए	सू. एवं प्र. मंत्रालय ने पसूका को कहा है कि अब यह स्कीम 11वीं योजना में लागू की जाए
		1150.96 80.96 (आर) 1070.00 (सी)	863.22 60.72 (आर) 802.50 (सी)	50.39 आर		-832.83 -10.33 आर 0 713.33 (सी)					

पत्र सूचना कार्यालय

(2005-06)

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम/परियोजना/ कार्यक्रम का नाम	वार्षिक योजना 2005-06						
		अनुमोदित परिव्यय	31.3.6 तक वास्तविक खर्च	खर्च का प्रतिशत	प्रत्यक्ष लक्ष्य	प्रत्यक्ष उपलब्धि	प्रतिशत	कमी के कारण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र की स्थापना	1819.50	700.00 (मार्च 08 तक)	38.45%	1. नेशनल बिल्डिंग्स कंट्रस्कशन कंपनी लि. और पसूका के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर 2. दिल्ली शहरी आर्ट्स कमीशन द्वारा समन्वित ले आउट का अनुमोदन 3. भवन निर्माण योजना का अनुमोदन 4. ठेकेदारों के चयन की प्रक्रिया	1. रु. 35.00 करोड़ लागत वाली इस स्कीम को प्रशासनिक अनुमोदन मिल चुका है। 2. परियोजना निर्माण के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। 3. दिल्ली शहरी आर्ट्स कमीशन को ले आउट भेजा गया है। अनुमति की प्रतीक्षा है। 4. अनुमोदित अनुमानित लागत का 20% एन बी सी सी को जारी किया गया है।	25%	दिल्ली शहरी आर्ट्स कमीशन/सीपी डब्लूडी आदि से अनुमति प्राप्त न होने के कारण निर्माण शुरू नहीं किया जा सका है।

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम/परियोजना/ कार्यक्रम का नाम	वार्षिक योजना 2005-06						
		अनुमोदित परिव्यय	31.3.6 तक वास्तविक खर्च	खर्च का प्रतिशत	प्रत्यक्ष लक्ष्य	प्रत्यक्ष उपलब्धी	प्रतिशत	कमी के कारण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
2.	पसूका की गतिविधियों का आधुनिकीकरण एवं कंप्यूटरीकरण क. डिजिटल स्टोरेज एवं उच्च गति संचार	56.35	53.2825%	94.55%	ए एम सी, कांज्यूमेनल्स सोफ्टवेयर एवं आई एस पी प्रशिक्षण प्रभार, सर्वर तथा साफ्टवेयर का अपग्रेडेशन	ए एम सी पर हुआ खर्च, आईएमवी किराए की अदायगी सर्वर एवं प्रशिक्षण का खर्च	100% प्रत्यक्ष आधार पर	राजस्व में मामूली कमी
	ख. सूचना केंद्र की स्थापना और कनेक्शन देना	42.65 44.15 (अंतिम अनुदान) 60.00 (जम्मू-कश्मीर)	43.33 60.00 (जम्मू-कश्मीर)	98.15% 100%	ए एम सी,साफ्टवेयर का अपग्रेडेशन, कांज्यूमेबल्स, प्रशिक्षण, भुवनेश्वर. और शिमला में पसूका के निजी मीडिया सेंटर के अनुरक्षण पर खर्च, वाहन किराए पर लेना	साफ्टवेयर का अपग्रेडेशन, पसूका अधिकारियों का प्रशिक्षण,कांज्यूमेबल्स की खरीद, ए एम सी और वाहनों का किराया, शिमला और भुवनेश्वर में सिनेमीडिया और सेंटर के रखरखाव पर खर्च	100%	- वही -
3.	जिन राज्यों में पसूका कार्यालय नहीं हैं उनकी राजधानी में कार्यालय खोलना	00.00	00.00		इस स्कीम को योजना आयोग ने सिद्धांत रूप में अनुमति नहीं दी है अंत: इसे सितंबर 2003 बाद से रोक दिया गया है।			

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम/परियोजना/ कार्यक्रम का नाम	वार्षिक योजना 2005-06						
		अनुमोदित परिव्यय	31.3.6 तक वास्तविक खर्च	खर्च का प्रतिशत	प्रत्यक्ष लक्ष्य	प्रत्यक्ष उपलब्धी	प्रतिशत	कमी के कारण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
4.	पूर्वोत्तर में जहां सरकार ने जमीन आबंटित कर दी है, पसूका कार्यालय भवन का निर्माण	15.00	शून्य	0%	आईज़ोल में जहां सरकार ने भूमि आबंटित करने का वादा किया था, पसूका कार्यालय और आवासीय भवन का निर्माण।	सू एवं प्र मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा गया है जिसमें आईज़ोल में इमारत बनाने की अनुमति योजना आयोग से प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है ताकि राज्य सरकार द्वारा दी गई जमीन का उपयोग किया जा सके।	इसे प्रतिशत में नहीं बताया जा सकता	स्तंभ 6 को ध्यान में रखते हुए इस स्तर पर कोई खर्च नहीं किया गया है।
5.	पूर्वोत्तर, (जम्मू-कश्मीर) तथा आदिवासी क्षेत्रों का समाचारकर्मियों का दौरा	00.00	00.00		इस स्कीम को योजना आयोग ने सिद्धांत रूप में मंजूरी नहीं दी है अतः इसे सितंबर 2003 और उसके बाद से रोक दिया गया है।			
	जोड़	1933 रु. 862.79 (अंतिम अनुदान)	856.61	एस बी जे का 44.30%				

भारतीय प्रेस परिषद्

पूर्व निष्पादित मामलों का मूल्यांकन

प्रेस परिषद का कार्यकलाप अर्ध-न्यायिक प्रकृति का है, जो प्रेस के नीतिगत स्तर को नियंत्रित करता है। इसलिए इसे भौतिक एवं प्राप्त परिणाम के आधार पर लक्ष्यों में सीमित करना संभव नहीं है। इसकी एकमात्र गतिविधि अर्ध-न्यायिक गतिविधि है। वर्ष 2005-06 और 06-07 की अवधि के दौरान शिकायत संबंधी जो मामले प्राप्त हुए हैं तथा जिनका निपटान किया गया है, उन्हें अनुलग्नक में बताया गया है। इसके अलावा, देश के विभिन्न भागों में और राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोहों के एक हिस्से के रूप में, जो चर्चाएं आयोजित की गईं वे प्रेस के सामाजिक प्रभाव और जवाबदेही का नैतिक दृष्टि से अध्ययन करती है; साथ ही ये चर्चाएं युवा पत्रकारों को उन मूल्य और आचरणों को समझने में मदद करती है जिन्हें अपनाकर ये पत्रकार समाज/देश/मानवता के हित के लिए वचनबद्ध हो सकें।

प्रकरण का विवरण

क्र.सं	विवरण	2005-06	2006-07	अप्रैल 07 से अक्तूबर 08
1.	लम्बित मामले	975	760	721
2.	दर्ज मामले	726	750	350
3.	परिषद ने मामलों का निपटान किया	193	207	150
4.	अध्यक्ष ने मामलों पर निर्णय लिया	747	530	250
5.	परिषद के सामने मामले सीधे आए	1	2	–
6.	31.3.2006 को लम्बित मामले	760	771	–

फोटो प्रभाग

वित्तीय प्रदर्शन

2005-06

(लाख रुपये में)

बजट अनुमान			वास्तविक खर्च		
योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल
110.00	238.00	348.00	102.09	227.52	329.61

2006-07

(लाख रुपये में)

	योजना	गैर-योजना	कुल
बजट अनुमान	125.00	271.00	396.00
संशोधित अनुमान	155.00	218.75	373.75
वास्तविक खर्च (12/2006 तक)	78.34	186.30	264.64

2007-08

(लाख रुपये में)

बजट अनुमान		
योजना	गैर-योजना	कुल
2.00	233.10	235.10

वास्तविक प्रदर्शन

वर्ष	2005-06		2006-07		2007-08
	लक्ष्य	उपलब्धियां	लक्ष्य	उपलब्धियां 12/2006 तक	लक्ष्य
1. कार्यभार	5000	3980	5000	3146	5000
2. श्याम-श्वेत प्रिंट	100000	80664	75000	114600	150000
3. रंगीन प्रिंट	200000	77376	100000		
4. वीआईपी प्रस्तुति फोटो एलबम	150	179	150	100	150
5. पायलट परियोजना	70000	219737	300000	300591	–
6. आन्तरिक डिजीटलीकरण	60000	75578	80000	76441	80000

लक्ष्यों एवं उपलब्धियों में भिन्नताओं के कारण :

श्वेत-श्याम प्रिन्टों में लक्ष्य/उपलब्धियों का गिरता रुझान

(i) प्रेस को हार्ड कापी की आपूर्ति की मुख्य मांग बन्द कर दी गई हैं।

(ii) पीआईबी ने प्रेस को हार्ड कापी (श्वेत-श्याम एवं कलर फोटोग्राफ) प्रदान करने के अपने रुझान में परिवर्तन करके इन्हें इन्टरनेट पर उपलब्ध कराना शुरू किया है। अब सभी चित्रों, जो जारी करने के लिए हैं, को पीआईबी की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाता है जहां से समाचारपत्र अपनी जरूरत की फोटोग्राफ को डाऊनलोड कर लेते हैं।

(iii) पीआईबी वेबसाइट में प्रयोग के लिए रंगीन चित्रों की मांग अधिक है। कलर कार्यभारों की सख्या बढ़ गई है। फिर भी इससे प्रभाग की कार्यकुशलता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता चूंकि चालू वित्त वर्ष से प्रभाग ने प्रदर्शनी प्रिन्टों (ब्लो-अप्स) के उत्पादन को कई गुणा बढ़ा दिया है तथा प्रदर्शनी प्रिन्टों की संख्या में भारी वृद्धि की है।

प्रकाशन विभाग

खंड 2005-2006 के लक्ष्य और प्रदर्शन

वित्तीय

(लाख रुपये में)

बजट आकलन 2005-06			वास्तविक खर्च 2005-06		
नियोजित	गैर नियोजित	कुल	नियोजित	गैर नियोजित	कुल
46.00	1222.00	1268.00	25.98	1264.07	1290.05

कार्य

	2005-06	
	लक्ष्य	उपलब्ध
पत्रिकाएं	20	20
किताबें	120	159

योजना के तहत इंटरएक्टिव सीडी : वर्ष 2005-06 में निम्नलिखित सीडीज निकाले गए

क्रम संख्या	सीडी के नाम
1.	गोवा-ए वर्ल्ड हेरिटेज एंड टूरिस्ट डेस्टिनेशन
2.	लिगेसी ऑफ आदि शंकराचार्या-कल्चर एंड नॉलेज
3.	सन टेम्पल ऑफ कोणार्क

4.2 2006-07 में लक्ष्य और प्रदर्शन

वित्तीय

(लाख रुपये में)

बजट आकलन			संशोधित आंकलन		
नियोजित	गैर-नियोजित	कुल	नियोजित	गैर नियोजित	कुल
–	1307.00	1307.00	–	1346.70	1346.70

कार्य

	2006-07	
	लक्ष्य	उपलब्धि
पत्रिकाएं	20	20
किताबें	120	दिसंबर 2006 तक 82

4.3 इंटरनेट पर इंडिया-2007

पहली बार 1200 पेज की भारत-2007 संदर्भ वार्षिकी कंप्यूटर के ई-पीडीएफ प्रारूप में डिजिटाइज्ड की गई। इसे प्रकाशन विभाग की वेबसाइट www.publicationsdivision.nic.in के डोमेन नाम के तहत डाला गया।

4.4 11वीं पंचवर्षीय योजना के दृष्टिकोण पत्र का प्रारूप 11 भाषाओं में

पहली बार 11वीं योजना के दृष्टिकोण पत्र का प्रारूप 11 भाषाओं में अनुवाद कराया गया और प्रकाशित हुआ।

4.5 2007-08 (गैर नियोजित) का लक्ष्य

वित्तीय

(लाख रुपये में)

बजट आकलन 2007-08 (गैर नियोजित)
1347.20

कार्य

2007-08 के लक्ष्य इस प्रकार हैं :

(लाख रुपये में)

	2007-08 लक्ष्य	
पत्रिकाएं	20	
किताबें	120	

दूसरे सरकारी विभागों से सहयोग

विभाग डाक विभाग से गठबंधन की संभावनाओं को तलाशने की प्रक्रिया में है ताकि इसका नेटवर्क बढ़ाया जा सके। ऐसे गठजोड़ से विभाग की पत्रिकाएं और किताबें आम लोगों को बेची जा सकेंगी।

4.7 सरकारी-निजी क्षेत्र की साझेदारी

सरकारी-निजी क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए बड़े और अग्रणी पुस्तक विक्रेताओं और प्रकाशकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि विभाग की

किताबों की बिक्री बढ़ सके। पांडुलिपियों, प्रूफ रीडिंग, अनुवाद से जुड़े काम आउटसोर्स किए जा रहे हैं। विभाग में पूरी प्रक्रिया के और सूचनाओं के ऑटोमेशन से पारदर्शिता बढ़ेगी। सारी सूचनाएं माउस के एक क्लिक से प्राप्त की जा सकती हैं। टेंडर से जुड़ी सारी जिज्ञासाएं www.publicationsdivision.nic.in पर क्लिक करके ली जा सकती हैं।

4.8 वार्षिक योजना 2007-2008

प्रकाशन विभाग अपनी किताबों और पत्रिकाओं को देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित अपने विक्रय केंद्रों के नेटवर्क के जरिये बेचता है। लेकिन अधिकतर विक्रय केंद्र बहुत अच्छी स्थिति में नहीं हैं। उनकी इस स्थिति की तुलना में निजी और दूसरे व्यावसायिक प्रकाशक अपनी किताबें शहर के प्रमुख स्थानों पर स्थित साफ-सुथरे और अच्छी तरह व्यवस्थित शो-रूम से बेचते हैं। अच्छी तरह सज्जित इनके शो-रूम न सिर्फ प्रकाशनों को बेहतरीन सौंदर्य दिलाते हैं बल्कि पाठकों को उन्हें खोजने में दिक्कत भी नहीं होती। बहरहाल, ऐसी परिस्थिति में इन प्रकाशकों से होड़ लेने के उद्देश्य से प्रकाशन विभाग ने धीरे-धीरे अपने सभी विक्रय केंद्रों को आधुनिक बनाने का लक्ष्य रखा है।

4.9 विभाग की 2007-08 में निम्नलिखित गतिविधियों को कार्यरूप देने का प्रस्ताव है।

(लाख रुपये में)

कार्य विवरण	मंजूर राशि
योजना और कुरुक्षेत्र के पिछले अंकों का डिजिटाइजेशन	1.00
योजना के लिए वेबसाइट बनाना	1.00
योजना दफ्तरों का आधुनिकीकरण और कंप्यूटरीकरण	1.00
विक्रय केंद्रों और व्यापार कार्यालयों का आधुनिकीकरण	1.00
कुल	**4.00**

4.10 मार्केटिंग और बिक्री संवर्धन

प्रकाशन विभाग के प्रकाशन लोगों तक विक्रय केंद्रों, आउटलट्स, पुस्तक प्रदर्शनियों और देश भर में फैले 450 एजेंटों के माध्यम से पहुंचते हैं। विक्रय केंद्र नई दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, चेन्नई, पटना, तिरुवनंतपुरम में हैं। सेल्स आउटलेट्स बंगलौर, गुवाहाटी, अहमदाबाद के योजना कार्यालयों और भोपाल, इंदौर और जयपुर के प्रेस सूचना कार्यालयों में स्थित है। एक अप्रैल 2006 से 15 जनवरी 2007 तक प्रकाशन विभाग ने देश भर में निम्नलिखित पुस्तक प्रदर्शनियां और मेलों का आयोजन किया।

1.	उत्तरांचल पुस्तक मेला – देहरादून	हेडक्वार्टर	10.6.06 से 18.06.06 तक
2.	नवां नेवेली पुस्तक मेला, नेवेली	विक्रय केंद्र, चेन्नई	30.6.06 से 9.7.06
3.	10वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला, ग्वालियर	हेडक्वार्टर	28.7.06 से 6.8.06
4.	कोयंबटूर पुस्तक मेला, कोयंबटूर	विक्रय केंद्र, चेन्नई	27.7.06 से 6.8.06
5.	10वां राष्ट्रीय (एक्सपो) पुस्तक मेला, लखनऊ	विक्रय केंद्र, लखनऊ	1.9.06 से 10.09.06
6.	राष्ट्रीय पुस्तक मेला, लखनऊ	विक्रय केंद्र, लखनऊ	1.9.06 से 10.9.06
7.	12वां दिल्ली पुस्तक मेला	हेडक्वार्टर	16.9.06 से 24.9.06
8.	गांधी जयंती के मौके पर पुस्तक प्रदर्शनी, रोशनआरा बाग, दिल्ली	विक्रय केन्द्र – पुराना सचिवालय	28.9.06 से 2.10.06
9.	रांची पुस्तक मेला, रांची	विक्रय केंद्र, पटना	1.9.06 से 10.9.06
10.	इंदौर में राष्ट्रीय पुस्तक मेला	हेडक्वार्टर	7.10.06 से 14.10.06
11.	राष्ट्रीय पुस्तक मेला, चंडीगढ़	हेडक्वार्टर	4.11.06 से 12.11.06
12.	राष्ट्रीय पुस्तक मेला, जयपुर	हेडक्वार्टर	4.11.06 से 12.11.06
13.	7वां राजधानी पुस्तक मेला, भुवनेश्वर	विक्रय केंद्र, कोलकाता	1.12.06 से 10.12.06
14.	21वां हैदराबाद पुस्तक मेला	विक्रय केंद्र, हैदराबाद	1.12.06 से 11.12.06
15.	पटना पुस्तक मेला, पटना	विक्रय केंद्र, पटना	1.12.06 से 12.12.06
16.	15वां इम्फाल पुस्तक मेला	विक्रय केंद्र, कोलकाता	15.12.06 से 24.12.06
17.	गुवाहाटी पुस्तक मेला	विक्रय केंद्र, कोलकाता	30.12.06 से 10.1.2007

18.	30वां चेन्नई पुस्तक मेला	विक्रय केंद्र, कोलकाता	10.1.07 से 21.1.2007
19.	18वां विजयवाड़ा पुस्तक मेला	विक्रय केंद्र, हैदराबाद	01.1.07 से 11.1.2007

प्रकाशन विभाग ने अप्रैल 2006 से जनवरी 2007 तक स्वतंत्रत पुस्तक प्रदर्शनियों या पीआईसी अभियानों का आयोजन किया है या उनमें हिस्सा लिया है। ब्यौरा इस प्रकार है :

1.	कुतुबमीनार पर पुस्तक प्रदर्शनी	हेडक्वार्टर	1.4.2006
2.	सिविल सर्विस डे पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में पुस्तक प्रदर्शनी	हैडक्वार्टर	21.4.2006
3.	भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार समारोह के मौके पर शास्त्री भवन, नई दिल्ली में पुस्तक प्रदर्शनी	हेडक्वार्टर	12.5.06
4.	तिरुकुवेलई में मल्टी मीडिया अभियान के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी	विक्रय केंद्र, चेन्नई	2.7.06 से 6.7.06
5.	औरंगाबाद में मल्टी मीडिया अभियान के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी	विक्रय केंद्र, मुंबई	3.7.06 से 7.7.06
6.	मदुरै में मल्टी-मीडिया अभियान के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी	विक्रय केंद्र, चेन्नई	16.7.06 से 20.7.06
7.	चेन्नई में मल्टी मीडिया अभियान के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी	विक्रय केंद्र, चेन्नई	19.8.06 से 23.08.06
8.	बेलीपुरी में पी आईसी अभिधान के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी, पुरुलिया जिला	विक्रय केंद्र, कोलकाता	4.08.06 से लेकर 8.8.06
9.	सिरी फोर्ट, नई दिल्ली में समर यात्रा के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी	हेडक्वार्टर	9.8.06 से 15.8.06
10.	बंगलौर में मल्टी मीडिया अभियान के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी	विक्रय केंद्र, बंगलौर	12,8.06 से 15.08.06
11.	नालगोंडा, आंध्र प्रदेश में मल्टी मीडिया अभियान के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी	विक्रय केंद्र, हैदराबाद	29.8.06 से 2.9.06
12.	यवतमाल में स्वतंत्र पुस्तक प्रदर्शनी	विक्रय केंद्र, मुंबई	13.9.06 से 17.9.06
13.	पीआईसी के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी, रामनगर, पश्चिम बंगाल	विक्रय केंद्र, कोलकाता	16.9.06 से 20.9.06
14.	आलुमोडु एलपीएस, केरल में मल्टी मीडिया अभियान के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी	विक्रय केंद्र, तिरुवनंतपुरम	17.9.06 से लेकर 21.9.06
15.	पीआईसी के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी, दानापुर	विक्रय केंद्र, पटना	18.9.06 से लेकर 22.9.06
16.	विशेष पुस्तक प्रदर्शनी, अमरावती	विक्रय केंद्र, मुंबई	20.9.06 से लेकर 24.9.06
17.	स्वतंत्र पुस्तक प्रदर्शनी, गंगटोक, सिक्किम	हेडक्वार्टर	6.10.06 से 10.10.06

18.	पीआईसी में पुस्तक प्रदर्शनी, वैशाली	विक्रय केंद्र, पटना	20.11.06 से 24.11.06
19.	रायबरेली में पीआईसी अभियान	विक्रय केंद्र, लखनऊ	23.2.06 से 26.12.06

जनवरी, 2007 तक प्रकाशन विभाग ने मोबाइल वैन के जरिए पुस्तक प्रदर्शनी लगाई -

1.	दिल्ली और नई दिल्ली में पुस्तक प्रदर्शनी	हेडक्वार्टर	11.9.06 से 22.9.06
2.	प्रगति मैदान, नई दिल्ली में पुस्तक प्रदर्शनी	हेडक्वार्टर	17.11.06 से 22.11.06

4.11 प्रकाशन विभाग ने अप्रैल से दिसंबर, 2006 तक 214.43 लाख (एंप्लायमेंट न्यूज को छोड़कर) का राजस्व हासिल किया। ये राजस्व पुस्तकों, पत्रिकाओं की बिक्री और विज्ञापनों के जरिये हासिल हुआ।

4.12 अपने प्रकाशनों और पत्रिकाओं के अलावा प्रकाशन विभाग ने नेशनल बुक ट्रस्ट, साहित्य अकादमी, सीएसआईआर, आईसीआर. इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ आर्ट एंड कल्चर और आईसीसीआर जैसी सरकारी, स्वायत्त और अर्ध-सरकारी संस्थानों के प्रकाशनों की मार्केटिंग की जिम्मेदारी भी संभाली।

महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजनों और मौकों पर विभाग ने पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया - 2007 तक का ब्यौरा इस प्रकार है :

1.	विश्व पुस्तक दिवस पुस्तक प्रदर्शनी	24.4.2006 से 01.05.2006	(दस विक्रय केंद्रों पर)
2.	ग्रीष्मकालीन पुस्तक प्रदर्शनी	(14.06.2006 से 22.06.2006)	(दस विक्रय केंद्रों पर)
3.	स्वतंत्रता दिवस पुस्तक प्रदर्शनी	(14.08.2006 से 22.08.2006)	(दस विक्रय केंद्रों पर)
4.	शिक्षक दिवस पुस्तक प्रदर्शनी	(01.09.2006 से 09.09.2006)	(दस विक्रय केंद्रों पर)
5.	हिंदी पखवाड़ा पुस्तक प्रदर्शनी	(14.09.206 से 22.09-2006)	(दस विक्रय केंद्रों पर)
6.	गांधी जयंती पर पुस्तक प्रदर्शनी	(29.9.2006 से 13.10.2006)	(दस विक्रय केंद्रों पर)
7.	राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह पुस्तक प्रदर्शनी	(10.11.2006 से)	(दस विक्रय केंद्रों पर)
8.	क्रिसमस व नव वर्ष पुस्तक प्रदर्शनी	(22.12.2006 से. 4.1.2007)	(दस विक्रय केंद्रों पर)

2006-07 में कुछ अन्य प्रदर्शनियां, जिनमें प्रकाशन विभाग के हिस्सा लेने की उम्मीद है -

1. कोलकाता पुस्तक मेला - फरवरी, 2007
2. 10वां बारहामपुर पुस्तक मेला - 19.2.07 - 27.2.07
3. राष्ट्रीय पुस्तक मेला, पूर्णिया (बिहार) 19.1.07 - 28.1.07

4. 8वां, उत्तर-पूर्व पुस्तक मेला-2007, गुवाहाटी - 23.3.07 से 3.4.07

5. देहरादून पुस्तक मेला - 2007 - 3.2.07 से 11.2.07

6. जालंधर पुस्तक मेला - जनवरी-फरवरी, 2007

7. पुणे पुस्तक मेला - 2007 - मार्च, 2007

8. मुंबई अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला - फरवरी, 2007

प्रकाशन विभाग को मार्च, 2007 तक निम्नलिखित पुस्तक प्रदर्शनियों का आयोजन करना है, ब्योरा इस तरह है :

1. गणतंत्र दिवस पुस्तक प्रदर्शनी - 21.1.2007 से 31.1.2007 (दस विक्रय केंद्रों पर)

2. उपभोक्ता दिवस पुस्तक प्रदर्शनी (16.3.2007 से 27.3.2007 (दस विक्रय केंद्रों पर)

इसके अलावा प्रकाशन विभाग 2007-08 में मोबाइल वैन के जरिए दिल्ली और दिल्ली से बाहर पुस्तक प्रदर्शनी लगाएगा।

पूर्व प्रदर्शन की समीक्षा

2005-06 के दौरान प्रदर्शन बेहद संतोषजनक था चूंकि एम्पलॉयमेंट न्यूज ने पिछले वर्षों की तुलना में अधिक विज्ञापन राजस्व तथा अधिक शुद्ध लाभ कमाया। यह रुझान चालू वित्तीय वर्ष 2006-07 के दौरान भी जारी रहा तथा 31 दिसम्बर, 2006 तक 3521.87 लाख रुपये का कुल राजस्व पहले ही मिल चुका है तथा एम्पलॉयमेंट न्यूज चालू वित्त वर्ष के दौरान 4500 लाख रुपये से अधिक की कुल बिक्री हासिल कर लेगा तथा चालू वित्त वर्ष के दौरान 1700 लाख रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ प्राप्त करने की सम्भावना है। यह एम्पलॉयमेंट न्यूज की इंटरएक्टिव वेबसाइट www.employmentnews.gov.in को शुरू करने में हुए खर्च के बावजूद है।

भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक

वित्तीय

(लाख रुपये में)

गतिविधि का नाम	वर्ष	योजना	गैर योजना	कुल
बजट अनुमान	2005-06	19.70	239.00	258.70
वास्तविक खर्च	2005-06	8.22	220.38	228.60
बजट अनुमान	2006-07	शून्य	248.00	248.00
संशोधित अनुमान	2006-07	शून्य	225.60	225.60
बजट अनुमान	2007-08	*2.00	247.70	249.70

* बजट अनुमान 2007-08 में 1.00 लाख रुपये के टोकन प्रावधान के साथ 11वीं पंचवर्षीय योजना में एक कार्य-योजना ''आरएनआई को मजबूत बनाना'' शामिल की गई है।

वास्तविक

क्र. सं.		2005/06		2006-07		2007-08
	क. कार्यक्रम/गतिविधियां	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि (दिसंबर 2006 तक)	लक्ष्य
1.	शीर्षकों की मंजूरी (आवेदनों का निपटान)	22000	21776	22000	11686	22000
2.	शीर्षकों की डि-ब्लाकिंग	***	8962	***	6796	***
3.	पंजीकरण	3000	3178 ताजे-2278 संशोधित-900 अन्य-शून्य	3000	2172 ताजे-1673 संशोधित-499	3000
4.	प्रसार नियंत्रण दावे	750	474	750	@@@	@@@
5.	प्रिंटिंग मशीनरी के आयात के लिए जारी अनिवार्यता प्रमाणपत्रों की संस्था	***	08	***	08	***
6.	एफसीआरए 1976 के तहत जारी समाचार पत्र प्रमाण पत्रों की संख्या	***	07	***	03	***
7.	न्यूज प्रिंट के आयात के लिए प्रकाशकों को जारी पात्रता प्रमाणपत्रों की संख्या	***	760	***	636	***
8.	आरटीआई के तहत निबटाए गए प्रार्थना पत्र	***	13	***	75	***
	(ख) कार्यक्रम					
9.	आरएनआई की वार्षिक रिपोर्ट (भारत के समाचार पत्र)	2004-05 रपट	2004-05 रपट	2005-06 रपट	2005-06 रपट	2006-07 रपट

*** संख्या प्रकाशकों से प्राप्त आवेदनों पर निर्भर है इसलिए इन वर्गों में कोई लक्ष्य तय नहीं किया जा सकता।

@@@ भारत सरकार की 1 जून 2006 से लागू नई विज्ञापन नतीति के अनुसार अब भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक से प्रसार संख्या की पुष्टि नहीं कराई जा सकती।

गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग

'अ' गतिविधि के आधार पर वर्गीकरण

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	गतिविधि वर्गीकरण	वर्ष 2005-06 के लिए वास्तविक			बजट अनुमान 2006-07			संशोधित अनुमान 2006-07			बजट अनुमान 2007-08		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
		योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल
1.	गवेषणा, संदर्भ और प्रलेखन तथा प्रशिक्षण	10.62	85.19	95.77	25.00	89.00	114.00	25.00	80.00	105.00	–	116.29	116.29

'ब' लक्ष्य वार वर्गीकरण

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	गतिविधि वर्गीकरण	वर्ष 2005-06 के लिए वास्तविक			बजट अनुमान 2006-07			संशोधित अनुमान 2006-07			बजट अनुमान 2007-08		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
		योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल
1.	वेतन	–	67.92	67.92	–	70.00	70.00	–	80.00	80.00	–	84.00	84.00
2.	चिकित्सा	–	–	–	–	2.00	2.00	–	2.00	2.00	–	2.00	2.00
3.	समयोपरि भत्ता	–	00.30	00.30	–	00.50	00.50	–	00.35	00.35	–	00.35	00.35
4.	घरेलू यात्रा व्यय	–	00.97	00.97	00.75	01.50	02.25	00.75	01.50	02.25	–	01.50	01.50
5.	कार्यालय व्यय	–	16.00	16.00	0.75	15.00	15.75	00.75	20.00	20.75	–	16.00	16.00
6.	अन्य प्राशासनिक व्यय	10.62	–	10.62	23.50	–	23.50	23.50	–	23.50	–	–	–
7.	बैंक से रोकड़ लेन-देन टेक्स	–	–	–	–	0.10	0.10	–	00.10	00.10	–	00.10	00.10
8.	प्रशिक्षण	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	32.29	32.29*
	कुल	**10.62**	**85.19**	**95.81**	**25.00**	**89.10**	**114.10**	**25.00**	**103.95**	**128.95**	**–**	**136.24**	**136.24**

* इस वर्ष से प्रशिक्षण को योजना से गैर-योजना में ले लिया गया है।

वास्तविक निष्पादन के लिए परिणाम बजट (गैर-योजना)

	2005-06		भिन्नताओं का कारण	2006-07		भिन्नताओं का कारण	2007-08
योजना का नाम	लक्ष्य	उपलब्धि		लक्ष्य	उपलब्धि (दिसम्बर 2006 तक)		लक्ष्य
I. एनडीसीएमसी मास मीडिया की पत्रिका सेवाओं के द्वारा इसकी घटनाओं और प्रवृत्तियों की सूचना एकत्रित, व्याख्यायित और प्रचारित-प्रसारित करना।	59	55	1) कार्यालय के शास्त्री भवन से सूचना भवन में स्थान बदली के कारण स्टाफ स्थान बदली के कार्यों में लगा हुआ था। 2) वर्ष के दौरान सीडीओ का पद रिक्त था	59	36	1) कार्यालय के शास्त्री भवन से सूचना भवन में स्थान बदली होने से स्टाफ को स्थान बदली के विशेष कार्य में लगाये जाने के कारण थोड़ी भिन्नता आई। 2) वर्ष के दौरान सीडीओ का पद रिक्त रहा।	59
भारत में मास मीडिया (वार्षिक प्रकाशन) का संकलन और संपादन	1	1	लागू नहीं	1	–	लागू नहीं	1
II. अनुसंधान स्कंध 'भारत' संदर्भ वार्षिकी संकलन एवं संपादन	1	1		1	1	लागू नहीं	1
घटनाओं की डायरी की पाक्षिक सेवा तैयार करना	24	24		24	18	लागू नहीं	24
III. प्रशिक्षण	12	9	कुछ माध्यम एककों द्वारा प्रशिक्षण के लिए नामांकन/कार्यमुक्त नहीं किए जाने के कारण	12	8	कुछ माध्यम एककों द्वारा प्रशिक्षण के लिए नामांकन/कार्यमुक्त नहीं किए जाने के कारण	34

गीत एवं नाटक प्रभाग

लोक और परंपरागत प्रचार माध्यम ऐसे जीवन्त माध्यम है जिनका आम लोगों से भाषाई, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक घनिष्ठता तथा अपनेपन की वजह से विशेष महत्व है। यही नहीं, भारत के गांवों की वर्तमान सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में ये माध्यम काफी प्रभावशाली है। हमारे देश के संदर्भ में यह एक बड़ी अच्छी बात है कि हमारे पास प्राचीन और परंपरागत लोक माध्यमों का ऐसा भंडार है जिनके जरिए वांछित संदेश, सूचना और जानकारी ऐसे रूप में प्रस्तुत की जा सकती है जिसे आम जनता तुरंत समझ सके और उसके अनुरूप कार्य कर सके। गांवों की जनता की गरीबी दूर करने और उनकी भलाई की विकास योजनाओं और राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव, शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई तथा पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार में इन माध्यमों का विशेष महत्व है।

सरकार द्वारा आम लोगों, खास तौर पर गरीब लोगों की भलाई के लिए चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ग्रामीण और दूर-दराज के सुविधाहीन क्षेत्रों में पहुंचाने में लोक तथा परंपरागत माध्यमों का विशेष महत्व है और इन्हें संपूर्ण मीडिया नीति के एक कारगर घटक के रूप में निरंतर इस्तेमाल किया जाना जारूरी है।

प्रभाग के लिए लगभग नियमित रूप से करीब 10 हजार लोक और पारंपरिक कलाकार काम कर रहे हैं। इनमें विभागीय मंडलियां, पैनल कलाकार और निजी पंजीकृत पार्टियां शामिल हैं। गीत और नाटक प्रभाग संभवतः भारत सरकार के ऐसे आदर्श संगठनों में एक है जो गैर-योजना व्यय को बिना बढ़ाए अपने कार्यक्षेत्र और कार्यक्रमों की संख्या में बड़े पैमाने पर वृद्धि कर सकता है और इस तरह गैर-योजना व्यय को बढ़ाने से होने वाले दीर्घकालीन खर्चे से भी बच सकता है। प्रभाग के लिए काम करने वाले लोगों में केवल 8 प्रतिशत इसके नियमित कर्मचारी हैं। यही नहीं, यह एक निर्विवाद तथ्य है कि परंपरागत अथवा जीवंत माध्यम जानकारी और शिक्षा देने की गतिविधियों के लिए सबसे किफायती माध्यम है। इसकी पहुंच, प्रभाव और परिस्थितियों के अनुसार अनुकूलन क्षमता बहुत अधिक है।

निदेशक विभाग के प्रमुख हैं। विभाग निम्नलिखित स्तरों पर कार्य करता है – (1) दिल्ली स्थित मुख्यालय, (2) बंगलौर, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, कोलकाता, लखनऊ, पुणे, देहरादून, रायपुर और रांची स्थित 10 क्षेत्रीय केन्द्र, (3) दरभंगा, गुवाहाटी, जम्मू, जोधपुर, इम्फाल, नैनीताल और शिमला स्थित 7 सीमावर्ती केन्द्र जिनके प्रमुख सहायक निदेशक होते हैं। (4) भुवनेश्वर, दिल्ली, हैदराबाद, पटना, पुणे और श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में 6 विभागीय नाटय मंडलियां, जिनके प्रमुख मैनेजर होते हैं।

उपलब्धियां - 2005-06

वर्ष 2005-06 के लिए भौतिक लक्ष्य और वास्तविक उपलब्धियां इस प्रकार हैं -

क्र.सं.	विवरण	कार्यक्रम (लक्ष्य)	कार्यक्रम (उपलब्धियां)
1.	गैर-योजना	5000	5485
2.	योजना	24264	3443
3.	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	–	8091
4.	उपभोक्ता मामले	–	3952
5.	वन मंत्रालय और अन्य एजेंसियां	–	–

वर्ष 2006-07 की उपलब्धियां (दिसंबर 2006 तक)

क्र.सं.	विवरण	कार्यक्रम (लक्ष्य)	कार्यक्रम (उपलब्धियां)
1.	गैर-योजना	3000	3000
2.	योजना	16149	11000
3.	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	8800	7900
4.	उपभोक्ता मामले	1900	2359
5.	वन मंत्रालय और अन्य एजेंसियां	–	–

वर्ष 2006-07 की भौतिक उपलब्धियां

प्रभाग ने 2006-07 के दौरान भी राष्ट्रीय और सामाजिक-आर्थिक विषयों पर प्रेरक अभियान जारी रखे। बहुमाध्यम प्रचार के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सदभाव, स्वतंत्रता संघर्ष, ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्री कार्यक्रम, सूचना के अधिकार तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के अंतर्गत एड्स से बचाव के अभियान शामिल हैं। इसके अलावा सफाई, अंधापन रोकने के उपाय, सिविल डिफेन्स, तम्बाकू निषेध, रक्तदान, महिला और बाल विकास से जुड़े मुद्दे, डेंगू, चिकनगुनिया और बर्ड फ्लू से बचाव जैसे विषयों के बारे में भी प्रचार-प्रसार किया गया।

देश के 76 चुने हुए जिलों में आतंकवाद विरोध, राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक एकता के बारे में विशेष प्रचार अभियान वर्ष 2006-07 का महत्वपूर्ण कार्य था। योजना घटक के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्रों सहित पूरे देश में साझा न्यूनतम कार्यक्रम का विशेष प्रचार किया गया। गणतंत्र दिवस, विश्व जनसंख्या दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती, बाल दिवस, कौमी एकता सप्ताह, शिक्षक दिवस, भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले जैसे अवसरों और समारोहों की पूरी कवरेज की गई। गीत और नाटक प्रभाग ग्राहक विभागों की प्रचार की जरूरतें पूरी करता है, अतः इन ग्राहक विभागों की जरूरतों के अनुरूप निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों में हमेशा बदलाव हो सकता है।

एफ. एम. रेडियो (निजी)

परियोजना 2006 में शुरू हुई। जनवरी 2007 तक परियोजना की स्थिति नीचे दी गई है।

क्र. सं.	स्थल नाम	स्थिति		टावर पूरा करने के लिए लक्ष्य निर्धारण किया गया	कार्य समाप्ति की अनुमानित समय सीमा
		आधारशिला	टावर		
1.	जयपुर	पूर्ण	स्थापना कार्य पूरा	मार्च, 2007	पूर्ण
2.	हैदराबाद	पूर्ण	फ़ेब्रिकेशन कार्य चल रहा है	मार्च, 2007	मार्च 2007
3.	दिल्ली	निर्माणाधीन	फेब्रिकेशन कार्य कार्य चल रहा है	मार्च, 2007	मार्च 2007
4.	चेन्नई	निर्माणाधीन	फेब्रिकेशन कार्य कार्य चल रहा है	मार्च, 2007	मार्च 2007
5.	कोलकाता	काम शुरू किया गया	फेब्रिकेशन कार्य कार्य चल रहा है	मार्च, 2007	अप्रैल 2007

* परियोजना के पूरा होने में हुआ थोड़ा बिलम्ब स्थल को सौंपने में हुई देरी की वजह से है।

पांच शहरों में इस परियोजना के तहत हुआ खर्च का ब्यौरा निम्न है :

क्र.सं.	शहर का नाम	स्वीकृत लागत	लागत जो पहले लग चुकी है
1.	जयपुर	166.12 लाख रुपये	
2.	हैदराबाद	166.12 लाख रुपये	
3.	चेन्नई	220.83 लाख रुपये	333.15 लाख रुपये
4.	नई दिल्ली	439.05 लाख रुपये	
5.	कोलकाता	220.83 लाख रुपये	
		1212.95 लाख रुपये	333.15 लाख रुपये

परियोजना की प्रगति की समीक्षा मंत्रालय द्वारा मासिक एवं त्रैमासिक आधार पर की जाती है।

लागू नहीं क्योंकि सी एम एस (ई एम एम सी) आरम्भिक स्तर पर है।

अंतर्राष्ट्रीय चैनल

लागू नहीं चूंकि योजना अभी आरम्भिक स्तर पर है।

सामुदायिक रेडियो

